पौष मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 258, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 6 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - देश की यात्रा पर निकलेंगे नीतीश

अन्दर : किशन व दीपक हुड्डा की आईसीसी रैंकिंग में धूम



# जैन समुदाय के विरोध पर केंद्र ने बदला अपना फैसला

## सम्मेद शिखरजी अब पर्यटन क्षेत्र नहीं बनेगा

**नई दिल्ली।** झारखंड के पारसनाथ में स्थित जैन समुदाय का पवित्र तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र के मुताबिक, यह अब पर्यटन क्षेत्र नहीं होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधि पर पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्विटर के जरिए इसकी जानकारी दी है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीन साल पहले जारी किए गए अपने आदेश को वापस ले लिया है। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से आज पांच जनवरी को जारी दो पेज की चिट्ठी के दूसरे पेज पर लिखा गया है, "इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाई जाती है, जिसमें अन्य सभी पर्यटन और इको-टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है। केंद्र सरकार ने निगरानी समिति बनाई। राज्य सरकार से कहा गया है कि वह इस समिति में शामिल होने के लिए जैन समुदाय से दो सदस्यों और स्थानीय जनजातीय समूह से एक सदस्य को स्थायी सदस्य के रूप में आमंत्रित करे। सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से जैन समुदाय आंदोलन कर रहा है। इसके खिलाफ कई जैन मुनियों ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया था। इसमें जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण भी त्याग दिया था। सम्मेद शिखरजी जैनियों का पवित्र तीर्थ है। जैन समुदाय से जुड़े लोग सम्मेद शिखरजी के कण-कण को पवित्र मानते हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित श्री सम्मेद शिखरजी को पार्श्वनाथ पर्वत भी कहा जाता है। ये जगह लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है। बड़ी संख्या में हिंदू भी इसे आस्था का बड़ा केंद्र मानते हैं। जैन समुदाय के लोग सम्मेद शिखरजी के दर्शन करते हैं और 27 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मंदिरों में पूजा करते हैं। यहां पहुंचने वाले लोग पूजा-पाठ के बाद ही कुछ खाते-पीते हैं।

**निर्णय**

### झारखंड सरकार को इको टूरिज्म गतिविधि पर रोक लगाने के निर्देश

### फैसले के खिलाफ आंदोलन कर रहा था जैन समुदाय



## 5.9 तीव्रता के भूकंप से कांपा दिल्ली-एनसीआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके गुरुवार शाम को महसूस किए गए। दिल्ली के साथ ही जम्मू कश्मीर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई है। भूकंप के झटके गुरुवार शाम 7 बजकर 57 मिनट पर महसूस किए गए। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान बताया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले साल के पहले दिन ही दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस हुए लोग घबराकर अपने घर और ऑफिस से बाहर निकल गए। दिल्ली के साथ ही नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर के साथ ही देश के कुछ दूसरे हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने जबर्दस्त थे दिल्ली एनसीआर में लोग कुछ पलों के लिए दहशत में आ गए। क्रॉसिंग रिपब्लिक में रहने वालीं अर्चना ने बताया कि उन्होंने भूकंप के इन तेज झटकों को दो बार महसूस किया। उन्होंने बताया कि दरवाजे अचानक से ऐसे हिलने लगे जैसे वहां कोई भूत हो। हालांकि भूकंप के झटकों का यह असर कुछ ही सेकंड्स तक रहा। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। भारत के साथ ही पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है।

# अब छह महीने तक हड़ताल नहीं कर पाएंगे बिजली कर्मचारी

## यूपी सरकार ने हड़ताल पर लगाया प्रतिबंध

**लखनऊ।** बिजली कर्मियों के आंदोलनात्मक रूख को देखते हुए शासन ने उ. प्र. पावर कारपोरेशन सहित समस्त बिजली कंपनियों में अगले छह माह तक हड़ताल पर रोक लगा दी है। उ.प्र. आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 की धारा-3 की उपधारा (1) के अधीन निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए हड़ताल को निषिद्ध किया गया है।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता ने इस आशय का शासनादेश जारी किया है। जिसमें लिखा है कि आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस आदेश के प्रकाशित होने के बाद से छह माह तक उ.प्र. पावर कारपोरेशन राज्य विद्युत उत्पादन निगम, जल विद्युत निगम, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन, कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी केस्को, मध्यांचल, पूर्वांचल, पश्चिमांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की समस्त सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध किया जाता है। गौरतलब है कि पिछले महीने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और प्रबंधन के बीच हुए समझौते को लागू नहीं किए जाने के बाद से बिजली कार्मिक फिर से आंदोलनात्मक रुख अख्तियार किए हुए हैं। परिषद का आरोप है कि प्रबंधन समझौते में शामिल मुद्दों का समाधान नहीं कर रहा है। समझौते को लागू कराने के लिए दो दिन पूर्व पूरे प्रदेश में बिजली कर्मियों ने एक घंटे का धरना प्रदर्शन किया था, आगे बड़ा आंदोलन फिर से खड़ा करने की तैयारी है।



**आदेश**

### बिजली कार्मिक फिर से अख्तियार किए हुए हैं आंदोलनात्मक रुख

## अक्षय कुमार ने सीएम योगी से की मुलाकात, नई फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अक्षय ने आदित्यनाथ से यहां एक होटल में मुलाकात की। अभिनेता ने उनसे हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'रामसेतु' देखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश फिल्म सिटी के उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और वह नई फिल्म सिटी परियोजना को लेकर भारतीय फिल्म उद्योग में काफी उत्साह है। यह फिल्म सिटी हिंदी फिल्म उद्योग के लिए बेहतर विकल्प है। इस मौके पर आदित्यनाथ ने कहा कि फिल्में जन जागरुकता पैदा करने तथा सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म निमार्ताओं को विषय का चयन करते समय सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के मुद्दों का जरूर ध्यान रखना चाहिए। कहा कि उनकी सरकार जल्द ही सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के साथ एक नई फिल्म नीति लागू करेगी, जिससे उत्तर प्रदेश की फिल्म सिटी विश्वस्तरीय होगी।



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2367700, 8318650580
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• हर्षित की शुद्धि उपाय •

# यूपी के कई शहरों में कड़ाके की सर्दी

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में सर्दी का सितम जारी है। गुरुवार सुबह भी राजधानी लखनऊ में पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा और लोग अलाव के आसपास बैठे गर्माहट लेते दिखे।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, गुरुवार को भी प्रदेश में कोल्ड डे जारी रहेगा। ऐसे में सर्दी से खास राहत मिलने की संभावना नहीं है। इससे पहले बुधवार की सुबह हल्के कोहरे के बाद दिन के तापमान में भले थोड़ा इजाफा हुआ, लेकिन दिन भर सूरज न निकलने और सर्द हवाएं चलने से गलन से राहत नहीं मिली। लखनऊ में बुधवार को तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई और कोहरा भी कम रहा, लेकिन गलन बरकरार रही। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को दिन का पारा 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 8.9 डिग्री कम था। वहीं, रात का पारा 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस बीच दिनभर बदली के बीच 6 से 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं सर्द हवाओं ने लोगों की कंपकपी छुड़ा दी। अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि तापमान में कमी और हवाओं की रफ्तार के कारण चिलिंग फैक्टर अधिक रहा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से तापमान में थोड़ा इजाफा होगा, लेकिन कोहरा बरकरार रहेगा। मौसम विभाग ने गोरखपुर, बस्ती, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, समेत कई जिलों में गुरुवार के सीवियर कोल्ड डे कंडीशन की चेतावनी जारी की है। वहीं, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर नगर, बाराबंकी, सुलतानपुर समेत कई जिलों में कोल्ड डे कंडीशन जारी रहेगी। *एजेंसी*

**मौसम की मार**

### लखनऊ में पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा, कोल्ड डे अलर्ट अब भी जारी



# 2023 में पश्चिम से पूरब तक होगी यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा यूपी में 130 किलोमीटर का सफर तय करके पानीपत बॉर्डर के रास्ते हरियाण में प्रवेश कर गई है। बॉर्डर पर हरियाणा कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद रहे। उन्होंने वढ कांग्रेस के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी से यात्रा को रिसीव किया और फिर हरियाणा में आगे बढ़े। वहां पर ये यात्रा साढ़े 4 दिन रहेगी। यूपी में भारत जोड़ो यात्रा का गुरुवार को तीसरा और आखिरी दिन था। सुबह शामली के एलम से यात्रा शुरू हुई। जो बाद में कैराना पहुंची। यहां के ऊंचागांव में 5 घंटे तक स्टे किया। उसके बाद ऊंचागांव से दोपहर में करीब 3 बजे यात्रा फिर शुरू हुई।

कैराना में राहुल को देखने के लिए हजारों लोग सड़कों पर इकट्ठा थे। राहुल ने हाथ हिलाकर कैराना के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उसके बाद यूपी हरियाणा बॉर्डर की ओर बढ़ गए। यमुना ब्रिज पर करीब आधे घंटे का ब्रेक लिया। इस दौरान राहुल ने यहां रॉयल रेस्टोरेंट में लोगों के साथ चाय पी। इसके तुरंत बाद आगे बढ़ गए। गुरुवार सुबह शामली के एलम से यात्रा शुरू हुई। कैराना के ऊंचागांव में 5 घंटे तक स्टे किया। यात्रा के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने ऊंचागांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि सोनिया गांधी की तबीयत ठीक नहीं है। इसलिए राहुल ने यूपी में यात्रा के साथ नाइट स्टे नहीं किया। दिल्ली चले गए।

इसके अलावा जयराम रमेश ने राहुल गांधी का हवाला देकर बताया कि 2023 में पश्चिम से पूरब तक ऐसी ही यात्रा निकाली जाएगी। इस पर विचार हो रहा है। इसमें हम उन राज्यों में जाएंगे, जहां इस बार नहीं जा पाए हैं। 26 जनवरी से 26 मार्च तक ₹हाथ से हाथ जोड़ो₹ अभियान चलाया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा एक इवेंट नहीं, मूवमेंट है और ये चलता रहेगा। जयराम रमेश ने कहा कि देश के सामने 3 बड़े खतरे हैं। आर्थिक विषमताएं, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही। उन्होंने आगे कहा कि हमारे ढट की नीतियों की वजह से इन खतरों का सामना करना पड़ रहा है। ये भारत जोड़ो यात्रा मन की बात नहीं है। राहुल गांधी कम बोलते हैं और ज्यादा सुनते हैं। ये चुनाव जीतो यात्रा नहीं है। यह यात्रा नहीं, मूवमेंट है। ये चलता रहेगा।

**जयराम बोले**

### हरियाणा पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, सुबह शामली के एलम से शुरू हुई थी



## संजय राउत ने सीएम योगी पर साधा निशाना



**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि निवेशकों को लुभाने के लिए मुंबई में रोड शो करने की क्या जरूरत है। राउत ने कहा, आखिर मुंबई में रोड शो करके आप क्या चाहते हैं। अगर आप मुंबई से उद्योगों को उत्तर प्रदेश ले जाने आए हैं। तो हम इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अपने राज्य में निवेश कराने के लिए प्रयासों पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह राजनीति यहां नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आदित्यनाथ मुंबई के ताज होटल में देश के नामी बैंकों के आला अधिकारियों और उद्योगपतियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

**'निवेशकों को लुभाने के लिए रोड शो करने की क्या जरूरत'**

# रातों-रात नहीं हटाए जा सकते 50 हजार लोग

## सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे और उत्तराखंड सरकार को भेजा नोटिस

**देहरादून।** उत्तराखंड के हल्द्वानी जमीन अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सुनवाई करते हुए जज ने कहा, हम रेलवे और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर रहे हैं। वहां और अधिक कब्जे पर रोक लगे। फिलहाल हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में करीब 50 हजार लोगों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्टे लगा दिया है, जिसमें रेलवे को सात दिन में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 7 दिन में अतिक्रमण हटाने का फैसला सही नहीं है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय कौल ने कहा कि इस मामले को मानवीय नजरिए से देखना चाहिए. जस्टिस कौल ने कहा कि मामले में समाधान की जरूरत है।

रेलवे के मुताबिक, उसकी 29 एकड़ से अधिक भूमि पर 4,365 अतिक्रमण हैं। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि यह एक मानवीय मुद्दा है और कोई यथोचित समाधान निकालने की जरूरत है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को नियत कर दी। उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर को एक सप्ताह का अग्रिम नोटिस जारी कर हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। इस पर विरोध जताते हुए हल्द्वानी के कुछ निवासियों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

निवासियों ने अपनी याचिका में दलील दी कि उच्च न्यायालय ने इस तथ्य से अवगत होने के बावजूद विवादित आदेश पारित करने में गंभीर भूल की है कि याचिकाकताओं सहित निवासियों को लेकर कुछ कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष लंबित है। बनभूलपुरा में रेलवे की कथित तौर पर अतिक्रमित 29 एकड़ से अधिक जमीन पर धार्मिक स्थल, स्कूल, कारोबारी प्रतिष्ठान और आवास हैं। कांग्रेस ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत किया और कहा कि इस मामले में उसकी प्रदेश इकाई और वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बतौर वकील मजबूती से लड़ाई लड़ी है। *एजेंसी*

**जमीन अतिक्रमण**

### 50 हजार लोगों को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सात दिन में अतिक्रमण हटाने के फैसले पर लगाई रोक




# माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने पीएम से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और वादा किया कि डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने में कंपनी देश की मदद करेगी। नडेला भारत के चार दिन के दौरे पर आए हुए हैं।

माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारी नडेला ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात को गहरी समझ विकसित करने वाली बताया। उन्होंने डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार के जोर की सराहना भी की। नडेला ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ और समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार द्वारा गहराई से ध्यान देना प्रेरणादायी है। हम डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने और दुनिया का मार्गदर्शक बनाने में भारत की मदद को उत्सुक हैं। उन्होंने लिखा, गहरी समझ विकसित करने वाली मुलाकात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। नडेला देश में कई शहरों के दौरे पर हैं और ग्राहकों, स्टार्टअप, डेवलपर, शिक्षाविद, छात्रों तथा सरकार के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर डिजिटल क्षेत्र में शासन एवं सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर बात की थी।



# ऐसा कोई सेक्टर नहीं, जिसके लिए यूपी में संभावनाएं नहीं : योगी

## सीएम योगी ने कहा-बेहतर कनेक्टिविटी, अपार संभावनाएं..उद्योगों के विकास अनुकूल है माहौल

**मुंबई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के उद्योग जगत को प्रधानमंत्री के '$5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था' के संकल्प को पूरा करने में योगदान का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश में सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूरा करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। यूपी में पोटेंशियल है, विजन है और अपार संभावनाएं हैं। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।

गुरुवार को देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुम्बई में देश के दिग्गज उद्योगपतियों, वित्तीय, बैंकिंग व औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को 10-12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी का निमंत्रण दिया। जीआईएस 23 के संबंध में विदेशों में हुए यूपी रोड शो की सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका था जब निवेशकों को आमन्त्रण देने टीम यूपी 16 देशों के 21 शहरों में गई। हमें वहां शानदार रिस्पांस मिला। इस दौरान सात लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव हमें मिले हैं। वहीं घरेलू निवेशकों से संवाद के लिए जारी रोड शो के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए यहां अपनों को आमन्त्रण देने मैं स्वयं आया हूं। बड़ी संख्या में निवेशकों की मौजूदगी देख मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी उपस्थिति 'टीम यूपी' के लिए उत्साहवर्धक है।

डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों, परंपराओं, विविधताओं से उद्योग जगत को अवगत कराते हुए निवेश के दृष्टिगत इनमें निहित संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक यूपी की हालत जैसी थी, उससे सभी परिचित हैं। न वहां बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी और निवेशक लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' का संदर्भ लेते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से इन प्रणों को पूरा करने के लिए आगे बढ़कर योगदान करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे मौके पर भारत, ब्रिटेन को पीछे कर दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत दुनिया के 20 ताकतवर देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के सृजन और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में हर दिन दंगा होता था, आज छह वर्ष होने को हैं लेकिन कहीं एक भी दंगा नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण के लिए भट्टा-परसौल में गोली कांड से सभी परिचित होंगे, लेकिन आज जबकि हम उसी भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं तो इस परियोजना के चौथे फेज के लिए जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। किसान खुद अपनी जमीन के रजिस्ट्री कागज मुख्यमंत्री आवास पर आकर सौंप रहे हैं। निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां उद्योगों के लिए पहली जरूरत 'जमीन' की कोई कमी नहीं है। हमने तो एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया है और आज हमारे पास बड़ा लैंडबैंक उपलब्ध है।

**जीआईएस 2023**

### उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा-भट्टा-परसौल में कभी गोली कांड हुआ था, आज किसान खुशी से दे रहे जमीन



SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नही ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्च कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नहीं खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
MAKE IN INDIA
वितरक - जैन एजेन्सीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

## संक्षेप

### आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेले का आयोजन 9 को

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी मैं 9 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य एस.के श्रीवास्तव ने बताया, कि यह आयोजन शासन की मंशा के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले मे आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वेल्डर आदि व्यवसाय के अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस प्राप्त करने के लिए मौका मिलेगा। समस्त अभ्यर्थी अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रति के साथ प्रातः 10:30 से 3:30 तक उपस्थित हो सकते हैं। इस मेले मे प्रमुख रूप से टाटा बैटरीज पुणे, नलकूप विभाग प्रयागराज, मुंद्रा सोलर एडेक्को इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नागपुर, सीएनएच इंडस्ट्रीज पुणे, एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद, एवं क्यूज कॉरपोरेशन लिमिटेड दिल्ली समेत तकरीबन एक दर्जन कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। अभ्यर्थियों को ठअढर (www.apprenticeshipindia.gov.in) पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

# ठिठुरन वाली ठंड से हर कोई बेहाल, लोग दिनभर घरों में रहे कैद



सड़क के किनारे भीषण ठण्ड से बचने के लिए आग का सहारा लेते लोग

**मऊआइमा।** कई दिनों से ठिठुरन वाली ठंड से हर कोई बेहाल हो गया है। पशु पक्षियों और मानव का बुरा हाल है। ठंड के कारण सडकों पर सन्नाटा पसरा रहा।

कई दिनों पड रही ठिठुरन वाली ठंड से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हाल यह है कि पशु पक्षियों एंव इंसानों का बुरा हाल है। हालांकि नगर पंचायत मऊआइमा में जगह जगह अलाव की व्यवस्था की गई है परन्तु शाम को बची हुई लकडि?ं को कतिपय लोग चोरी कर ले जा रहे हैं। जिससे नगर पंचायत को दूसरे दिन फिर अलाव की लकडी गिरानी पडती है। गांव में न अलाव न ही कम्बल वितरण का कार्य शुरू हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब ठंड कम हो जाती तो तब प्रशासन कम्बल वितरण का काम शुरू करता है। गुरुवार को लोगों ने बताया कि आज सबसे ज्यादा ठिठुरन भरी ठंड है। अधिकांश लोग घरों में कैद रहे। इस हाड कपाने वाली ठंड में सबसे ज्यादा परेशान गरीब रोजमर्रा कमाने खाने की दशा है।न पहनने के लिए स्वीटर है रात गुजारने के लिए गर्म लिहाफ है। ऐसे में पशुपालक अपने पशुओं को बचाने के लिए हर संभव उपाय करने में लगे हुए हैं।

## बढ़ी गलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त



आग तापते लोग

**करछना।** गुरुवार का दिन इस वर्ष का सबसे ठंडा दिन महसूस हुआ जिसके चलते आवागमन सड़कें खाली दिखी वही इस ठंड के मौसम में सरकारी महकमा पूरी तरह फेल दिखा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव नहीं दिखे जिससे राहगीरों में ठंड एवं गलन से बचाव के लिए कोई जरिया नहीं रहा ठंड के कारण बाजारों में उलेन गर्म कपड़े जूता मोजा की दुकानों पर मफलर टोपी जैकेट स्वेटर आदि गर्म कपड़े की खरीदारी बढ़ गई है ज्यादातर उन गरीब परिवारों के लिए समस्या है जहां जाड़े के मौसम में गरीबों को सरकारी कंबल आदि का वितरण किया जाता रहा है लेकिन वही अभी तहसील प्रशासन की ओर से गरीब पात्र लाभार्थियों को इस जाड़े के मौसम में कंबल का वितरण तक नहीं किया गया और ना ही तहसील प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों चौराहों बाजारों में कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है।

### चोरी के माल संग दो युवक गिरफ्तार, नकदी समेत काफी मात्रा में लोहा बरामद

**नैनी।** औद्योगिक थाने की पुलिस ने गुरुवार को सरस्वती हाईटेक सिटी परिसर से दो युवकों को संदिग्ध पकड़ लिया। उनकी निशादेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सामानों की बिक्री के 19 हजार रुपए नकदी एवं 3174 किलोग्राम लोहा और घटना में प्रयुक्त डीसीएम ट्रक बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने सरस्वती हाईटेक सिटी परिसर से दो लोगों को संदिग्ध पकड़ लिया। उनकी निशादेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सामानों की बिक्री के 19 हजार रुपए नकदी एवं 3174 किलोग्राम लोहा और घटना में प्रयुक्त डीसीएम ट्रक बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम रामबाबू पुत्र बरसाती बिंद निवासी चामू थाना बारा और राहुल पुत्र मोहनलाल निवासी काशीराम आवास योजना थाना नैनी प्रयागराज बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# शीतलहर से रजाई में भी छूट रही कंपकंपी

**शीतलहर**

### शीतलहर से बचने हेतु जगह-जगह लोग अलाव से हाथ सेंकते नजर आए



अलाव का सहारा लेकर शीतलहर से राहते पाते लोग

**बारा।** पौष माह के खत्म होते-होते सर्दी पूरे उफान पर आ गई है। आग के सामने बैठे हों या फिर रजाई के अंदर, ठंड हावी नजर आई।

यमुनापार के विभिन्न बाजारों में दोपहर होने तक सन्नाटा पसरा रहा। रात में भी बाइक, स्कूटी और सवारी ढोने वालों से व्यस्त रहने वाली सड़कें गुरुवार को दिन में भी सन्नाटे में दिखीं। जगह-जगह लोग अलाव से हाथ सेंकते नजर आए। बारा तहसील क्षेत्र में भी सर्दी से लोगों का बुरा हाल है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति पशु-पक्षियों की है। आवारा टहलने वाले मवेशियों का समूह इधर-उधर ठिकाने की तलाश में कांपता नजर आया। नगर पंचायत शंकरगढ़, जारी, जसरा और कौंधियारा क्षेत्र में भी अलाव जलवाए जाने की मांग तेज होने लगी है। लोगों ने वाहन स्टैंड समेत अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की मांग की है।गुरुवार की सुबह कहीं-कहीं हल्के तो कहीं घने कोहरे के साथ हुई। ओस की बूंदें पूर्वाह्न दस बजे तक गिरती रहीं। दोपहर तक मौसम ऐसे ही बना रहा। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर जगह-जगह जलाव जलते नजर आए। मौसम विशेषज्ञ प्रो. एआर सिद्दीकी ने बताया कि अभी पारा और गिरेगा। फिलहाल, माघ मेला शुरू होने के ठीक पहले ठंड में इजाफा होने से जगह-जगह चाय की दुकानों और अलाव के सामने लोगों की भीड़ नजर आई। माघ मेला क्षेत्र में भी ठंड का असर देखने को मिला। सिर से पांव तक गर्म कपड़ों में लदे लोग माहभर की गृहस्थी लादकर माघ मेलाक्षेत्र में कल्पवास करने पहुंचे।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। मौसमविभाग के मुताबिक सर्दी का सितम अभी जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर और कोहरा जारी रहेगा। आने वाले पांच दिनों तक कई जिलों में यही स्थिति देखने को मिलेगी। पिछले पांच दिनों से प्रदेश के कई जनपदों में धूप नहीं निकल रही है। भदोही, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली समेत कई जिले ऐसे हैं, जहां पर पिछले पांच दिन से या तो धूप नहीं निकल रही है और निकल भी रही है तो तीसरे पहर आधा-एक घंटा के लिए।गुरुवार को पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम पारा भी 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापांतर कम होने की वजह से आज दिन में भी कंपकंपी छूट रही थी।

### हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोग परेशान , अलाव की मांग

**नैनी।** इन दिनों लगातार बढ़ रहे शीतलहर एवं हाड़ कपाने वाली ठंड से लोग काफी परेशान हो चुके हैं। भीषण ठंड के बावजूद नगर निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। जैसा कि मालूम हो, इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। आसमान में बादल छाए रहते हैं। सूर्य भगवान का दर्शन तक नहीं मिल रहा है। शीतलहर एवं भीषण ठंड के चलते सारा दिन लोग अपने- अपने घरों में कैद रहते हैं और जिधर देखो उधर लोग आग के सहारे बैठे रहते हैं। शीतलहर व ठंड के चलते क्षेत्र की सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में सारा दिन दुकान खोले बैठे रहते हैं। भीषण ठंड के चलते क्षेत्र में दुकानें जल्द ही बंद कर दी जाती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि नगर निगम द्वारा क्षेत्र के नई बाजार, ए.डी.ए मोड़, शंकर ढाल, अरैल मोड़, मलहरा के फाटक, मेवालाल की बगिया तिराहा, न्यू सब्जी मंडी आदि विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था न किए जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतें महसूस हो रही है। क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए क्षेत्र के विभिन्न चौराहों एवं गलियों में अलाव जलाए जाने की मांग की है ।

# दो बाइकों में आमने-सामने हुई टक्कर, एक की मौत



हादसे में मृतक के शव को ले जाते परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**करछना।** मोबाइल शॉप की दुकान संचालक युवक बुधवार को अपने घर से बाजार करछना सामान लेने गया था की नहर कोठी करछना के पास सामने से आ रही वाइक में उसकी वाइक आमने सामने भिड़ंत हो गई सर में अधिक चोट लगने के कारण मोबाइल शॉप संचालक सुरेश प्रजापति 35 वर्ष पुत्र महेंद्र प्रजापति निवासी रैपुरा भगनपुर थाना करछना की इलाज के दौरान मौत हो गई घटना के बाद करछना पुलिस मौके पर पहुंचकर अस्पताल भिजवाया उसकी हालत गंभीर देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां रात उसकी मौत हो गई बताया जाता है कि हेलमेट न पहनने के कारण सर में अधिक चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई मृतक सुरेश प्रजापति की पत्नी सीमा के एक बेटा और तीन बेटियां थी सबसे बड़ा बेटा रोहन और तीन बेटियां है घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों के मुताबिक मृतक के जेब से 100000 व मोबाइल था जो किसी ने निकाल दिया करछना पुलिस का कहना है कि घायल अवस्था में उसे अस्पताल भिजवा दिया गया था मोबाइल और पैसे की मुझे जानकारी नहीं है।

## माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न



कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित करते हुए

**नैनी।** विद्या भारती की योजना अनुसार माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज का वार्षिक निरीक्षण दिनांक 3, 4 एवं 5 जनवरी 2023 को संपन्न हुआ।

निरीक्षण की टोली में सुभाष प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौरीगंज अमेठी, उमाशंकर प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सगरा प्रतापगढ़, राज किशोर जी एवं बालेंदु मणि ओझा ने डॉ अव्यक्त राम मिश्र सदस्य बाल विकास समिति एवं रामजी सिंह प्रदेश निरीक्षक काशी प्रांत के नेतृत्व में विद्यालय के सभी पहलुओं का 3 दिन तक गहनता से निरीक्षण किया क्ष्स निरीक्षण के प्रमुख बिंदु विद्यालय की सभी व्यवस्थाएं शिक्षण, व्यक्तित्व, परिणाम व अन्य रहे क विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी सभी अतिथियों का परिचय विद्यालय के वंदना सत्र में कराया, इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं एवं द्वादश के भैया भास्कर पांडे जिन्होंने इंडियन स्पेस साइंस ओलंपियाड में भारत में 2ल्ला रैंक हासिल की,को भी सम्मानित किया गया।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया कैबिनेट मंत्री एके शर्मा का भव्य स्वागत

**नवाबगंज।** गुरूवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा का कौड़िहार चौराहे पर भाजपा नेता उमेश तिवारी व मंडल अध्यक्ष राजू पाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मंत्री को फूल मालाओं से लाद दिया गया। स्वागत से गदगद मंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं के दम से ही चलती है कार्यकर्ताओं को के सम्मान से समझौता नहीं किया जायेगा कोई जरूरत होने पर सीधे मुझसे बात करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता उमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजू पाल, गुड्डू राजा, सुरेन्द्र मौर्या, राकेश मौर्या, अथर्व सिंह, आदि मौजूद रहे।



असहायों को कंबल वितरित करते समिति के पदाधिकारी

### संगम समाज सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ गुलाम मुस्तफा ने गरीबों को वितरित किया कम्बल

**करछना।** संगम समाज सेवा समिति रामपुर करछना द्वारा बांटे गए कंबल आज रामपुर जीवनदीप हॉस्पिटल पर संगम समाज सेवा समिति के तत्वाधान में डॉक्टर गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां के अध्यक्षता में गरीबों मजदूरों को बांटे गए कंबल इस मौके पर डॉक्टर गुलाम मुस्तफा ने कहा के लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म और उन्होंने कहा आगे भी लोगों की सेवा करते रहे गे संगम समाज सेवा समिति पिछले 15 वर्षों से जिला प्रयागराज में सक्रियता से लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही है कोरोना काल में भी संस्था ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था संस्था शिक्षा स्वास्थ्य समाज की सेवा आपसी भाईचारा और राष्ट्र की एकता अखंडता को बनाए करने के लिए कार्य कर रही है इस मौके पर शहजाद उल हक ने कहा सारी संस्थाओं को आगे आकर कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए इस मौके पर मोहम्मद वारिस, डॉ अफजल, शाहबाज हक, मोहम्मद अकरम, रहीम, नरेंद्र एडवोकेट, अमित यादव, कल्लू मिश्रा, अनिल यादव, बाबा यादव, बृजेश यादव, फैसल, सुरूर फातिमा, जसवंत यादव, अमरीन, खुशबू आदि लोग मौजूद रहे।

### मऊआइमा थाने के बगल में खड़ी बाइक चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में चोरों और बदमाशों का दबदबा बदस्तूर जारी है। विगत दिनों एटीएम की मशीन तोड रहे चोर की फोटो वायरल होने के बाद भी पुलिस आज तक उक्त चोर को नहीं पकड़ सकी। जिसका परिणाम यह हुआ कि थाने के चन्द्र फरलाँग दूरी पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र सत्यनारायण ग्राम चंघईपुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़ निवासी एक मोबाइल की दुकान खोले हैं। अशोक कुमार विश्वकर्मा अपनी बाइक दुकान के सामने खडी करके दुकान पर बैठ कर ग्रहकों को मोबाइल देखाने लगे इसी बीच चोरों ने दिनदहाड़े बाइक उडा दी। अशोक कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताते हैं कि वहां लगे सीसी कैमरे में चोर की फोटो आवश्यक रूप से आयी होगी परन्तु पुलिस को सीसी कैमरे की फुटेज निकालने की फुर्सत नही है।





माघ मेला 2023 के प्रमुख स्नान पर्वों पर नैनी जं. पर प्रवेश व्यवस्था

| दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय सं. एवं रंग |
|---|---|---|
| मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन की ओर | 1 हरा एवं लाल रंग | 1 एवं हरा रंग |
| सतना, जबलपुर स्टेशन की ओर | | 3 एवं लाल रंग |
| आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | 2 सफेद रंग | --- |
| फतेहपुर, कानपुर की ओर | 3 नीला रंग | 4 एवं नीला रंग |
| विन्ध्याचल, मिर्जापुर पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 4 बैंगनी रंग | 5 एवं बैंगनी रंग |

माघ मेला 2023 के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन हेतु निर्धारित स्टेशन

| दिशा | स्टेशन |
|---|---|
| मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं. नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर एवं कानपुर आदि स्टेशन की ओर | प्रयागराज जं. |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, सतना आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| फूलपुर, जौनपुर, लालगंज, अमेठी, प्रतापगढ़, ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या आदि स्टेशनों की ओर | प्रयाग एवं फाफामऊ स्टेशन |
| भदोही, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, मऊ, बलिया, भटनी गोरखपुर आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशन |

आवश्यक सूचना: माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी | मास्क नहीं तो टिकट नहीं

गतिशीलता ही हमारी पहचान

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | cpromcrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

1B123FA


# पौसिया दुबे में दबंग नहीं बनने दे रहे सड़क, ग्रामीणों रोष

**दबंगई**

### शिकायत पर उप जिलाधिकारी ने पुलिस को कार्यवाही का दिया निर्देश



पौसिया दुबे में निमार्णाधीन सड़क

**मेजा।** क्षेत्र के पौसिया दुबे में जिला पंचायत से सड़क का निर्माण हो रहा है, सड़क लगभग पूरी होने वाली है लेकिन गाँव के के कुछ दबंगों द्वारा सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न की जा रही है और ठेकेदार और श्रमिकों को धमकाया जा रहा है ।पौसिया गाँव की शांति देवी पत्नी स्व राजुकान्त धरकार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर सड़क में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की माँग की है । इसके अतिरिक्त शांति देवी ने उप जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की जिसपर उप जिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने इंस्पेक्टर मेजा को दबंगो के खिलाफ कार्यवाही का निर्देश दिया है ।

गौरतलब हो कि पौसिया दुबे गाँव में आने जाने वालों की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों की माँग जिला पंचायत सदस्य बाबा तिवारी ने सड़क मंजूर कराया और सड़क का निर्माण शुरू हो गया सड़क लगभग पूरी होने वाली है लेकिन गाँव के ही कुछ दबंग सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं । शांति देवी ने उप जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गाँव के ही शोभनाथ पटेल पुत्र गुंडे और उनके परिजन दबंग किस्म के है और आवागमन बाधित कर रहे हैं और सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार और लेबरों से गाली गलौज करते हैं। दबंगों द्वारा सड़क रोकने पर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## एजीसीएस क्रिकेट टूर्नामेंट : फाफामऊ टीम ने किया कब्जा




पुरस्कृत विजेता टीम

**मऊआइमा।** मऊआइमा के हरिसेनगंज स्थित अरविंद घोष इंटर कॉलेज के मैदान में एजीसीएस क्रिकेट कप का शुभारम्भ 25 दिसंबर को सुनील पटेल के नेतृत्व में किया गया । अंपायर धीरज और कैलाश व कॉमेंटेटर रोहित कुमार व सुरेश कुमार तथा सुरेश कुमार कॉमेंटेटर कमलेश पटेल रहे। गुरुवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें निर्धारित 12 ओवर में फाफामऊ की टीम ने 111 रन बनाए जबकि हरिसेनगंज की टीम 57 रन पर ऑल आउट हो गई । वहीं अतिथियों द्वारा तनवीर को मैन आफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज दिया गया । तथा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एमएलसी निर्मला पासवान ने प्रथम स्थान को 50,000 रुपए दूसरे स्थान को 30,000 रुपए तथा हारने वाली टीम को 10,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज शमी, राकेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य अंकेश पटेल, शमशेर पटेल, सुरेश कुमार, सरताज अहमद, शारदा शुक्ला, जयप्रकाश पटेल, साजिद अली, आशिक अली, वीरेंद्र पटेल, अजय बहादुर, संदीप पटेल, बाबाजी, जितेंद्र पटेल, शिव बाबू मोदनवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।



संगम घाट पर मां त्रिवेणी की पूजा-अर्चना कर माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने की कामना करते मा0 मंत्री

# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 17.00
न्यूनतम : 5.00
सूर्योदय : 06.19
सूर्यास्त : 05.15

### टीपीएस विजयी, अली की गेंदबाजी व्यर्थ

**प्रयागराज।** टैगोर पब्लिक स्कूल ने डीएवी क्रिकेट अकादमी को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की वंडर क्रिकेट सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पराजित टीम के अली रहमान की उम्दा गेंदबाजी (5-0-23-4) व्यर्थ हो गई। डीएवी अकादमी ने गुरुवार को अपने मैदान पर 17.5 ओवर में 117 रन (अनिकेत 34, मोहित श्रीवास्तव 18, सक्षम टंडन, श्लोक रस्तोगी व जसविंदर दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में टैगोर पब्लिक स्कूल ने 20.2 ओवर में 7 विकेट पर 118 रन (कुशल छाबरा 29, अभिज्ञान 18, अली रहमान 4/23, नादिर सफीर खान 3/18) बना लिये। अली रहमान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। सीरीज का तीसरा मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# नगर विकास मंत्री ने स्नान पर्वों हेतु की गयी व्यवस्थाओं की समीक्षा की

## मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं को न होने पाये किसी भी प्रकार की असुविधा

**निरीक्षण**

**माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश**

**पूरे मेला क्षेत्र में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** मा0 मंत्री नगर विकास शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्त्रोत विभाग, उ0प्र0 ए0के0 शर्मा गुरूवार को मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में पौष पूर्णिमा सहित अन्य स्नान पर्वों हेतु की गयी तैयारियों के सम्बंध में बैठक करते हुए उन्होंने अधिकारियों को माघ मेले को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। मा0 मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की इच्छा के अनुरूप माघ मेले को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से सम्पन्न करायें। उन्होंने माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था निरंतर बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि घाटों पर विशेष व्यवस्थायें सुनिश्चित रहे, जिससे कि स्नानार्थियों को स्नान करने में कोई असुविधा न होने पाये। उन्होंने गहरें पानी में बैरिकेटिंग लगाये जाने के साथ-साथ गोताखोरों एवं जल पुलिस की भी पर्याप्त मात्रा में तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है।

मा0 मंत्री जी ने बैठक में पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में साइनेज लगवाये जाने के निर्देश दिए है, जिससे कि मेला क्षेत्र में आने वाले लोगो को मेला में की गयी व्यवस्थाओं के सम्बंध में सही ढंग से जानकारी हो सके। उन्होंने मेला क्षेत्र में एलईडी के माध्यम से मेले के बारे में, स्वच्छता के बारे में तथा सरकार की योजनाओं के बारे में निरंतर जानकारी दिए जाने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। मा0 मंत्री ने ठण्ड के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाये जाने तथा श्रद्धालुओं के लिए बनाये गये पण्डालों में पुआल बिछायें जाने की व्यवस्था के साथ-साथ प्रकाश, पानी की भी व्यवस्था समुचित रूप से किए जाने के लिए कहा है।



स्नान घाट पर की गयी तैयारियों को देखते मा0 मंत्री

मा0 मंत्री ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा की चुस्त-दूरूस्त व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, इसके दृष्टिगत उसी के अनुरूप सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखी जाये। मा0 मंत्री जी ने पाण्टून पुलों एवं नावों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने के निर्देश दिए है। मा0 मंत्री जी ने पूरा मेला क्षेत्र में 24 घण्टे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रूप से बनाये रखने के लिए कहा है। मेला क्षेत्र में बनाये गये शौचालयों की नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। मा0 मंत्री जी ने संगम क्षेत्र में फ्लोटिंग नाव से संगम क्षेत्र में निरंतर जल की सफाई करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिससे कि श्रद्धालुओं के द्वारा जो फूल-माला चढ़ाया जाये, उसकी सफाई निरंतर रूप से होती रहे। उन्होंने कहा कि माघ मेला 2023 को महाकुम्भ-2025 के रिहर्सल के रूप में ले।

बैठक के उपरांत मा0 मंत्री ने मेला क्षेत्र एवं स्नान घाटों का निरीक्षण भी किया तथा वहां पर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। संगम क्षेत्र पहुंचकर वॉच टॉवर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के लिए बनाये गये चेंजिंग रूम को भी देखा। घाटों पर निरंतर साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्नान घाटों सहित पूरे मेला क्षेत्र में की गयी साफ-सफाई की व्यवस्था पर अति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसको आगे भी इसी तरह से बनाये रखने के निर्देश दिए। मा0 मंत्री वहां पर सफाई कर्मी सुरेश कुमार, दीन दयाल तथा राजा से बातचीत की तथा सफाई कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा की। मा0 मंत्री ने वीआईपी घाट का निरीक्षण किया तथा बोट से संगम पहुंचकर मां त्रिवेणी की पूजा-अर्चना की तथा माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने की कामना की। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी अरविंद सिंह चैहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने तहसील हण्डिया के चार ग्रामों में खतौनी में दर्ज खातेदारों/सह खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण का कार्यक्रम चलाने के निर्गत किये आदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने तहसील हण्डिया में चार ग्रामों में खतौनी में दर्ज खातेदारों/सह खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण का कार्यक्रम चलाने हेतु ख0पु0-1 का आदेश निर्गत किया है, जिसमें ग्राम चकदशाराम, ग्राम कोड-163066 खतौनी सन् फसली 1427-1432, ग्राम मवैया हिन्दुवानी, ग्राम कोड-162654, खतौनी सन् फसली 1426-1431, ग्राम-पतैया, ग्राम कोड 162600, खतौनी सन् फसली 1416-1421 एवं ग्राम मोहम्मदाबाद, ग्राम कोड-162664, खतौनी सन् फसली 1426-1431 की खतौनी में दर्ज खातेदारों/सह खातेदारों के गाछों का अंश निर्धारण कार्यक्रम संचालित किये जाने के आदेश निर्गत किये है।

## संक्षेप

### आग लगने से गृहस्थी का सामान खाक, भैंस की मौत



**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र के कोसडा कलां गांव में एक दलित परिवार के मडहे में संदिग्ध परिस्थितिय में आग लगने से गृहस्थी का सामान सहित व भैंस जलकर मौत के घाट उतर गई और चार बकरियां आग की चपेट में आने से झुलस गई। पीड़ित के सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी मांडा ने मृतक भैंस की पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही में जुट गई है।माण्डा थाना क्षेत्र के कोसड़ा कला गांव निवासी राम कैलाश हरिजन के मडहे में रात्रि लगभग ग्यारह बजे संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई जिससे मडहे में बंधी भैंस जल कर मर गई और चार बकरियां भी आग की चपेट मे आने से झुलस गई। पीड़ित के सूचना पर मांडा पशु चिकित्साधिकारी ने भैंस की पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही में जुट गए। वही गरीब दलित परिवार के गृहस्थी का सारा सामान जल जाने से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल ने खाने -पीने के लिए खाद्यन्न उपलब्ध कराया।

### अवैध खनन से शीघ्र ही मुक्त होगा करछना : डॉ.पांडेय



**करछना।** गंगा और टोंस नदी से घिरे करछना क्षेत्र में कई घाटों पर बालू के अवैध खनन पर शीघ्र ही लगाम लगेगी और अवैध खनन का धंधा शीघ्र ही बंद होगा।सपा सरकार के समय से ही उच्च राजनैतिक संरक्षण में बालू माफियाओं द्वारा यह परंपरा फलती फूलती रही। गंगा के किनारे डीहा, रवनिका, कबरा और टोंस में भगनपुर, बघेडा, कुलमई आदि गांवों के समीप घाटों पर अवैध खनन का कार्य निरंतर जारी है। जिसपर प्रशासन मुस्तैद है और शीघ्र ही लगाम लगेगी। यह बातें जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने रामपुर में हुई बैठक के दौरान कही। उन्होने कहा कि जहां एक ओर घाटों पर बसे गरीब मछुआरों की रोजी रोटी का धंधा बालू से जुड़ा रहा वही बालू माफियाओं के चलते उन्हे दरकिनार कर बदस्तूर अवैध खनन जारी रहा।जहां केंद और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार जीरो टांरलेंस पर चल रही है वहीं इसकी शिकायत पहुचने पर गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को भी निगरानी के लिए मुस्तैद कर दिया गया है।बालू और मिट्टी के अवैध खनन और ढुलाई के चलते क्षेत्र की कई सड़कें टूट गई हैं और लोगों को आवागमन में भी भारी दिकक्त हो रही है।इसे लेकर बीते दिनों खनन अधिकारी और उपजिलाधिकारी से धंधा बंद कराने की भी बात कही गई थी।जिस पर सभी सक्षम अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निगरानी शुरू कर दी है और साथ ही साथ ऐसा करने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। मिशन के लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि पिछले दिनों गंगा घाट से अवैध तरीके से निकाले जा रहे खनन के माल पर भी लोगों की निगाह बनी रही।किंतु प्रशासन शायद अब इस मामले पर गंभीर हो चुका है।बैठक के दौरान कई क्षेत्रीय प्रवुद्ध जन और समाजसेवी मौजूद रहे।

### समिति के सचिव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**नैनी।** त्रिवेणी संगम सेवा समिति के सचिव दिनेश यादव का जन्मदिन समिति के कार्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कामिनी गुप्ता, वरिष्ठ संरक्षक निर्भय भारतीय, वीरेन्द्र, स्वरूप, विनोद दुबे, अरविंद भारतीय, प्रदीप कुमार, मोहम्मद नईम, राजेंद्र प्रसाद, विजय रावत, राज कुमार जायसवाल, अनूप कुमार, राजू यादव, शक्ति धवन, रश्मी जयसवाल, पूजा जोगी, राखी, बबीता जयसवाल, हेमलता जयसवाल, रोहित निषाद, धर्मराज पटेल व आदि उपस्थित रहे

### विधायक ने टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**नैनी।** डा. ए.पी.जे अब्दुल कलाम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मड़ौका मे किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक मेजा संदीप कुमार पटेल ने किया। उद्घाटन के समय विधायक संदीप पटेल ने बाल फेककर क्रिकेट को शुरू कराया। उद्घाटन के दौरान पहला मैच महेवा और करेली की टीम के साथ खेला गया। महेवा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 50 रन को लक्ष्य करेली को दिया। करेली टीम आठ ओवर मे आल आउट होकर महेवा टीम विजेता रही। महेवा टीम के तेज गेंदबाज नसीम खान ने तीन ओवर फेंककर चार विकेट लेकर महेवा टीम को विजयी दिलाया। इस दौरान मो. सैफ, कौशल शर्मा, मो. रिजवान, मो. सुफियान, टारजन, जान मोहब्बत, छोटू आदि लोग मौजूद रहे।

### माण्डा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**माण्डा।** मांडा पुलिस ने गुरुवार को एक नफर वारंटी को गिरफ्तार किया।माण्डा प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक आशीष कुमार यादव अपने टीम के द्वारा वारंटी अभियुक्त श्यामधर पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम मोनाई थाना मांडा को जनपद प्रयागराज माननीय न्यायालय जेएम फोर इलाहाबाद से जारी वारंट में गिरफ्तार किया। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया।



बैठक में उपस्थित लोग

### उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रयागराज से लखनऊ शिफ्ट किए जाने का व्यापार मंडल ने किया विरोध

**प्रयागराज।** उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रयागराज से लखनऊ शिफ्ट करने के मामले को लेकर व्यापार मंडल ने विरोध जताया है। गुरुवार को प्रयागराज व्यापार मंडल के चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता मे सिविल लाइन स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी कहा की जिस तरह से सभी कार्यालय प्रयागराज से अन्यत्र शिफ्ट किए जा रहे उससे यहां के व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता ने कहा की फैक्ट्री पहिले से प्रयागराज में नही है सिर्फ संगम हाईकोर्ट और जो विभाग है उससे ही प्रयागराज में यात्री आते जिनसे यहां बड़े मात्रा में कारोबार आता है अगर सभी विभाग यहां से चले जाएंगे तो व्यापार पर विपरीत असर पड़ेगा। युवा महानगर अध्यक्ष मुसाब खान/ महामंत्री अमन केसरवानी ने प्रयागराज के रोजगार को बचाने और बढ़ाने के लिए एक संयुक्त संघर्ष कमेटी बनाने का आह्वाहन किया जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रदान किया। आज की बैठक में प्रमुख रूप जिला प्रभारी राजकुमार केसरवानी, सलहकारा आनद टंडन, संरक्षक राम जी केसरवानी, कृष्ण मोहन गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, प्रशांत पांडे, अन्नु केसरवानी, सुभम केसरवानी, लाली सरदार, बृजेश चौरसिया, बबलु जारी, अरविंद केसरवानी, रंजीत केसरवानी, सुशील शुक्ला, रोशनी अग्रवाल, जूही श्रीवास्तव, स्वारीका भरद्वाज आदि व्यापारी बैठक में शामिल रहे।

# पौष पूर्णिमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## संगम पर तैनात किए गए एटीएस कमांडो

**प्रयागराज।** माघमेला में पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। संगम पर एटीएस के कमांडो को तैनात किया गया है। इसके अलावा आरएएफ और पीएसी भी तैनात रहेंगी। बृहस्पतिवार को एडीजी ने फोर्स को ब्रीफ किया। इसके बाद फोर्स तैनाती स्थल पर रवाना हो गई। ड्रोन और आईट्रिपलसी के कैमरों से हर वक्त निगरानी होती रहेगी। रिजर्व पुलिस लाइन माघमेला के मानसरोवर सभागार में आज एडीजी भानु भास्कर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मीटिंग की और दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार न किया जाय। पुलिस वाले यह सुनिश्चित कराएं कि श्रद्धालु सिर्फ स्नान घाटों पर ही स्नान करें क्योंकि कई जगह खतरनाक कटान है। संदिग्ध व्यक्तियों और सामानों की चेकिंग की जाय।मीटिंग में कमिश्नर रमित शर्मा, डीआईजी चंद्रप्रकाश, एसएसपी मेला डा. राजीव नारायण मिश्रा और एसपी मेला आदित्य शुक्ला समेत तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। एसएसपी मेला डा. राजीव ने बताया कि फोर्स को बृहस्पतिवार रात आठ बजे से ही तैनात कर दिया गया है।संगम पर एटीएस और एसटीएफ के कमांडो तैनात रहेंगे। इस बार एसडीआरएफ के साथ एनडीआरएफ की टीम भी आ चुकी है। बीडीडीएस (बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड) टीमें एक्टिव हैं। कुल पांच हजार की फोर्स तैनात रहेगी। ड्रोन से मेले की लगातार निगरानी होती रहेगी।



माघ मेले में सुरक्षा के मद्देनजर तैनात एटीएस कमांडो

### औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** गुरूवार थाना औद्योगिक पुलिस ने दो शातिर चोर को अभियुक्त रामबाबू निवासी चामू थाना बारा जनपद प्रयागराज व राहुल निवासी 98/2 काशीराम कालोनी थाना नैनी प्रयागराज को सरस्वती हाईटेक सिटी से क्षेत्र का रहने वाला पुलिस ने दोनों अभियुक्ततो को सूत्रों के सटीक मुखबिरी मिलने पर मय टीम के थाना अध्यक्ष औद्योगिक मय टीम के साथ क्षेत्र संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व मे उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना औधिगक क्षेत्र से धरदबोचा दोनों के कब्जे से चोरी के सामान बिक्री के 19000 रुपए नकद, 03 बीम लोहे का गाटर वजन करीब 3174 किलोग्राम) व घटना मे प्रयुक्त डीसीएम वास्तविक वाहन संख्या वढ 65इळ 5269) बरामद हुआ। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर थाने ले गई दोनों अभियुक्तों खिलाफ विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले में श्रम विभाग की भी रहेगी पैनी नजर

**निर्देश**

**बाल मजदूरी को लेकर उप श्रमआयुक्त राजेश मिश्रा ने जारी किया कड़ा निर्देश**

**मेला क्षेत्र में बाल मजदूरी की सूचना मिलते ही व्यक्ति या संस्था को मिलेगी सजा**



**प्रयागराज।** देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले माघ मेले के सफल आयोजन को लेकर के हर विभाग सतर्क है। ऐसे में श्रम विभाग ने बाल मजदूरी को लेकर के कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रयागराज मंडल के उप श्रमआयुक्त राजेश मिश्रा ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि माघ मेले में बाल मजदूरी रोकना एक संकल्प है जिसको लेकर एक विशेष टीम का गठन किया गया है। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी बच्चे को बाल मजदूरी करवाने के कार्य मे दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष बाल मजदूरी को लेकर प्रयागराज में 148 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि बच्चों का रेस्क्यू भी कराया गया है ।उन्होंने बताया कि देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए आते हैं साथ ही मेला क्षेत्र में सैकड़ों दुकानें भी संचालित की जाती हैं इसी को ध्यान में रखते हुए बाल मजदूरी ना कराने को लेकर के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। आपको बता दें 6 जनवरी से माघ मेले की शुरूआत हो रही है 43 दिनों तक चलने वाले इस माघ मेले में करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे और हजारों की संख्या में लोग संगम की रेती पर कल्पवास करेंगे, इस दौरान जगह जगह दुकानें भी लगाई जा रही है। कई बार देखा गया है कि दुकानों में छोटे-छोटे बच्चे मजदूरी करते हुए नजर आते हैं शासन की तरफ से कड़े निर्देश दिया गया है की बाल मजदूरी को लेकर कोई कोताही न बरती जाये ।गौरतलब है कि 2025 में लगने वाले कुंभ मेले से पहले 2023 और 24 का माघ मेला कुंभ का रिहर्सल है। ऐसे में हर विभाग कुंभ जैसी सुविधाओं को लेकर के अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है ।उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा ने यह भी बताया कि विभिन्न जिलों से आए मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं ।जहां पर उन मजदूरों के बच्चों को शिक्षा का भी लाभ मिलता रहेगा। आपको बता दे संगम की रेती पर 6 जनवरी से लेकर 18 फरवरी तक लगने वाले माघ मेले के सफल आयोजन को लेकर के योगी सरकार द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।



उप श्रमआयुक्त राजेश मिश्रा

### रोजगार मेले में 249 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा गुरुवार को आकांक्षात्मक ब्लॉक बहरिया प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया, इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 70, डस्की स्टेलिन कन्सलटेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 42, गोल्डेन फार्मा एग्रीकल्चर प्रा0लि0 द्वारा 10 एवं कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 57, सिवाशक्ति बायोटेक्नालॉजी लि0 द्वारा 45 एवं जी0 4 एस0 सिक्योर साल्यूशन इण्डिया द्वारा 25 का चयन किया गया।

### शौच गई महिला की ट्रेन की टक्कर से मौत

**माण्डा।** मांडा क्षेत्र के टिकरी में ट्रेन से टकराने से महिला मौत हो गई ।गुरुवार के सुबह तकरीबन पांच बजे सोनी पत्नी प्रेमबहादुर घर से शौच के लिए अपने ननद रुमाती के साथ गई थी लेकिन कोहरा ज्यादा होने के कारण ट्रेन ट्रैक को पार करते वक्त गुड्स ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई और दूर जाकर फेंका गई तुरन्त रुमाती दौड़ करके दूर से ही आवाज लगाई और घर के लोग दौड़ कर आयें और त्वरित ही अस्पताल ले जाने लगे रास्ते में ही सोनी की मौत हो गई ।जब यह वाकया की जानकारी सोनी के मायके वालों को हुई तो उसके चाचा पिता माता तिवारीपुर कुशहा थाना जिगना मिजार्पुर से पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर थाना माण्डा प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पहुंच कर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# क्रियायोग आश्रम में श्री परमहंस योगानंद जी का मनाया गया जन्मदिवस, हुआ लाइव प्रसारण

**झूंसी।** पांच जनवरी को महान आध्यात्मिक विभूति और 'योगी कथामृत' नामक सद्रगंथ के रचयिता क्रियायोग गुरू श्री परमहंस योगानन्द जी की वर्षगांठ है। विश्व विख्यात आधुनिक युग के सर्वश्रेष्ठ योगी परमहंस योगानन्द जी के आविर्भाव के अवसर पर क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष गुरुजी स्वामी श्री योगी सत्यम् जी के निर्देश में सामुहिक ध्यान एवं दीप प्रज्जवलित कर मनाया गया। इस अवसर पर सभी को एकसूत्र में बांधने और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि क्रियायोग ध्यान के प्रति उत्तरोत्तर भक्ति का विकास ही परमहंस योगानंद जी के जन्मदिवस को मनाने का सच्चा तरीका है। वस्तिवकता में न जन्म होता है न ही मृत्यु। सन 1920 में बोस्टन के प्राचीन एवं प्रचलित शहर के यूनिटैरियन चर्च के द्वारा द्वितीय धर्म संसद का आयोजन हुआ था, जिसमें योगानन्द जी को धर्म, आध्यात्म एवं विज्ञान के ऊपर अपने विचार को व्यक्त करने के लिये आमंत्रित किया गया। सन 1920 से 1952 तक परमहंस योगानन्द ने अमेरिका के साथ-साथ अन्य पश्चिमी राष्ट्रों में क्रियायोग का प्रचार-प्रसार किया। योगानन्द जी, जीवन में ही नहीं बल्कि मृत्यु में भी क्रियायोग के अद्भूत प्रभाव को दिखा कर भारतीय संस्कृति को मानव सभ्यता में उच्चतम स्थान पर स्थापित किया।

परमहंस योगानन्द जी ने लॉस एंजेलिस, कॅलिफोर्निया (अमेरिका) में 7 मार्च, 1952 को भारतीय राजदूत विनय रंजन सेन के सम्मान के निमित्त आयोजित भोज के अवसर पर अपना भाषण समाप्त करने के उपरान्त 'महासमाधि' में प्रवेश किया। महासमाधि के 20 दिन के पश्चात परमहंस योगानन्द के पार्थिव शरीर में किसी भी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी। 27 मार्च को उनका शारीरिक रूप वैसे ही था, जैसे 7 मार्च को था। इससे यह सिद्ध होता है कि क्रियायोग के प्रभाव से पूरी शरीर निर्विकार हो जाती है। महासमाधि के ठीक पूर्व अपने सम्बोधन में परमहंस योगानन्द जी ने घोषणा कि हे भारत मैं वही आ रहा हूँ । परमहंस योगानंद जी ने अपने संदेश में कहा कि सभी मानव को शाकाहारी होना चाहये। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को महान पैगम्बर के रूप संबोधित करते हुए सभी को उनके मार्ग का अनुसरण करने को कहा और पूरब और पश्चिम के विकसित ज्ञान का आदान प्रदान होना चाहये।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते स्वामी श्री योगी सत्यम्

## संक्षेप

### एनएचएम पदाधिकारियों ने सीएमओ का किया सम्मान

**कौशाम्बी।** बुधवार को मंडल अध्यक्ष प्रयागराज अवनीश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह परमार,जिला कोषाध्यक्ष मनी शंकर माथुर एवं अनिल यादव तथा संगठन के सभी सदस्यों के द्वारा सीएमओ कौशाम्बी डॉ. सुष्केंद्र सिंह का नव वर्ष के उपलक्ष्य में बुके और पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत व सम्मान किया गया।

### ट्रांसफार्मर का तेल चुरा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** कोतवाली के कोरौं रोड पर स्थित औद्योगिक इकाई में बिजली आपूर्ति के लिए लगे ट्रांसफार्मर का तेल चोर मंगलवार की रात चोरी कर ले गए। मामले की जानकारी इकाई के संचालक संदीप केसरवानी को सुबह हुई। बताया कि बिजली आपूर्ति ठप होने पर घटना की जानकारी हुई। बुधवार को थाने में पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बिदांव गौशाला का निरीक्षण कर डीएम ने दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के बिदांव में संचालित गौशाला का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला की टूटे हुई तार फेंसिंग का अवलोकन करते हुए सहायक अभियंता, यू.पी सिडको को तार फेसिंग का कार्य पिलर सहित मजबूती से एक सप्ताह के अन्दर कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को राज्य वित्त के हत धनराशि प्राप्त हो जाने पर गुणवत्तापूर्ण बाउण्ड्रीवाल का निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिया। वहीं थानाध्यक्ष, कौशाम्बी से कहा कि गौशाला के बाउण्ड्री का कार्य शासकीय कार्य है, यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने ग्राम प्रधान को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न न किया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशाला में तार फेसिंग का कार्य पूर्ण हो जाने पर गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में भूसा.चारा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि केयर टेकर रात्रि में गौशाला में अवश्य उपस्थित रहें। जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि बिदांव गौशाला की देख.भाल में शिथिलता बरतने के कारण ग्राम प्रधान के विरूद्ध पंचायतीराज एक्ट.95 ;के तहत नोटिस जारी की गई है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम, क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं खण्ड विकास अधिकारीए कौशाम्बी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी सुजीत कुमार

# खुले में निराश्रित पशुओं के पाये जाने पर बीडीओ व ईओ होंगे जिम्मेदार : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद में खुले में घूमने वाले निराश्रित पशुओं को जनपद के विभिन्न स्थलों पर बनाये गये अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों को स्पष्ट रूप से सचेत करते हुए निर्देश दिया है कि कहीं भी यदि खुले में घूमते हुए निराश्रित पशु पाये गये तो ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं नगर क्षेत्र के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सीधे तौर पर जिम्मेदार माने जायेंगे और ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल में रखे गये पशुओं के खानपान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दिया है। जिलाधिकारी ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के साथ ही साथ पेयजल एवं प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर नियमित रूप से पशु चिकित्सकों के द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वहां पर जिम्मेदार केयरटेकर रखने की भी समुचित व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर कुत्तो सहित अन्य जंगली जानवर से बचने हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को भी इसमें सहयोग करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों को अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं को पकड़कर आश्रय स्थल में रखे जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कोई भी अप्राधिकृत व्यक्ति गोवंश आश्रय स्थल में प्रवेश न करने पाये।

# अभियान ठप होने से पर्यावरण में फिर जहर घोलने लगी पॉलीथिन

**कौशाम्बी।** जिले के नगर व कस्बो में कुछ दिन तो अंकुश लगा रहा,लेकिन अफसरों की लापरवाही के कारण पॉलीथिन फिर से पर्यावरण में जहर घोलने लगी। धड़ल्ले से दुकानदार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। थोक दुकानदारों ने भी अपने यहां इसे खूब स्टाक कर लिया है। न्यायालय के आदेश पर शासन ने पॉलीथिन व थमाकोल के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। इसके लिए मानक तय किए गए थे। छापामार टीमें बनी थीं, नगर निकायों से पॉलीथिन व थमाकोल का इस्तेमाल न होने का प्रमाण पत्र भी मांगा गया था। इसका असर कुछ दिन दिखाई दिया। दुकानदार चोरी छिपे पॉलीथिन में सामान बेचते थे। कागज के लिफाफे दिखने लगे थे। चेकिंग अभियान बंद हो गए। अब सब्जी विक्रेताओं से लेकर मिष्ठान व अन्य दुकानदारों के यहां पॉलीथिन में ही सामान बिक रहा है। दुकानदारों का तर्क यह है कि ग्राहक झोला लेकर आने की आदत नहीं डाल सके, इससे बिक्री प्रभावित हुई। पॉलीथिन थोक में भी उपलब्ध है, जिससे वह लोग फिर पॉलीथिन का उपयोग करने लगे। थमाकोल के गिलास भी दुकानों पर आ गए हैं। थोक दुकानदारों के यहां तो लाखों रुपये माल पहले से ही भरा था। यह लोग परेशान थे। बताया गया है कि अब दिल्ली व कानपुर जैसे शहरों में भी पॉलीथिन थोक में आने लगी है। इसी वजह से अब कूड़े के ढेरों में पॉलीथिन की मात्रा फिर बढ़ गयी है। इस संबंध अपरजिलाधिकारी जयचन्द ने बताया कि पॉलीथिन शुरू होने की जानकारी मिल गयी है। नगर पंचायतो में टीमें गठित कर दी गयी हैं। चेकिंग अभियान फिर से शुरू होगा।

# चार दुकानों का टूटा ताला, हजारों की चोरी

**दारानगर, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ चौराहे के शहजादपुर रोड स्थित चार दुकानों का बीती रात ताला तोड़कर नकदी सहित हजारों का सामान चोर उठा ले गए बता दें कि सुशील केसरवानी ने घर पर ही किराना की दुकान खोल रखी है, उन्होंने बताया को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर काउंटर में रखा उनतीस हजार चार सौ रुपए नकद एवं बच्चो का बैग उठा ले गए। बैग लल्लू की बाग में पड़ा मिला। वहीं पलटीपुर निवासी अमित जायसवाल ने टेढ़ीमोड़ पर सहज जनसेवा केंद्र खोल रखा है। बताया की चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखा अठारह हजार नकद उठा ले गए। मनमोहन प्रजापति ने कास्मेटिक की दुकान खोल रखी है चोरों ने यहां से दस हजार नकद एवं पांच हजार के लगभग का कास्मेटिक सामान उठा ले गए। सूर्य आर्य मोबाइल सेंटर से शटर का ताला तोड़कर पच्चीस हजार नकद एवं लगभग तीस हजार का मोबाइल का सामान उठा ले गए। भुक्तभोगियो ने चौकी शहजादपुर को चोरी की सूचना दी है। जिस पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नहरों की सिल्ट सफाई में धन का बंदरबांट, डीएम ने तलब की रिपोर्ट

### सिंचाई विभाग द्वारा गर्दन बचाने के लिए नहरों में छोड़ा गया पानी

**कौशाम्बी।** किसानों को सिंचाई के लिए नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिल्ट सफाई का अभियान चलाकर नहरों की सफाई की गई,सफाई के दौरान मानक दिन कार्य संपादित कर ठेकेदारों द्वारा धन का बंदरबांट किया गया। सिल्ट सफाई में लापरवाही को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़ दिया गया। इससे नहरों में उफान आने के बाद कई गांव में नहर की पटरी कटने से किसानों की फसल जलमग्न हो गई। किसानों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग से सिर्फ सफाई की रिपोर्ट तलब की गई। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए रबि फसल से पहले नहरों की सफाई का दिशानिर्देश जारी किया गया। जिले में संचालित 35 से अधिक नहरों में 35 लाख से अधिक की लागत से ठेकेदारों द्वारा सफाई की गई,आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा जरौली पंप कैनाल से 18 दिसंबर को समय सीमा से पहले नहरों में पानी छोड़ दिया गया,इससे सील्ट सफाई का निरीक्षण सही तरीके से नहीं किया गया। उधर किसानों का आरोप है कि सिर्फ सफाई की कमी को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़ देने से नहरो की माइनर कट जाने के कारण कई गांव जलमग्न हो गए, किसानों की शिकायत पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सिंचाई विभाग से सफाई की रिपोर्ट तलब किया है।

# बजरंग दल ने गौशाला का किया निरीक्षण



गौशाला का निरीक्षण करते बजरंग दल के पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बजरंगदल के पदाधिकारियों ने किया गुरुवार को कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों की बडी लापरवाही देखी गई। जिलाउपाध्यक्ष यशराज मिश्रा के नेतृत्व में ब्लाक के पदाधिकारियों ने मूरतगंज ब्लाक के पल्हानाघाट में कान्हा गौशाला पहुंचे। पदाधिकारियों के मुताबिक वहां की स्थिति काफी दयनीय दिखी। यशराज मिश्रा ने कहा कि सरकार की तरफ से जो सुविधाएं मिल रही है वह तो सही पर यहां के कर्मचारियों की लापरवाही से गाय व गोवंशो की स्थिति बहुत खराब है। यह लोग देखभाल के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। इस मौके पर जिलाकोषाध्यक्ष अनुराग भट्ट, ब्लाक अध्यक्ष दीपक मौर्य, ब्लाक महामंत्री शिवम पांडेय, ग्राम अध्यक्ष शुभांशु अग्रहरि, अर्जुन दिवाकर,अतुल मौर्य, सोनू भारती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शटर तोड़ कैश उठा ले गए चोर

**चोरी**

### दूसरे दिन चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी चोरी की तहरीर

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत सिराथू के वार्ड नंबर 11 सैरी रोड पुरानी तहसील के समीप स्थित कास्मेटिक की दुकान का शटर तोड़ बुधवार की रात कैश काउंटर से धन उठा ले गए। दूसरे दिन जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने चोरी की तहरीर पुलिस को दिया है। बता दें कि सिराथू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासिनी निर्मला देवी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि बीती रात वह रोजाना की तरह अपनी दुकान की शटर में ताला बंदर कर घर चली गई। रात्रि में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर काउंटर में मौजूद तकरीबन 27 हजार की नगदी उठा ले गए हैं। हालांकि पीडित की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई थी।



टूटा दुकान का शटर

# शिकायत के बाद शुरू हुआ इंटर लाकिंग कार्य

**कौशाम्बी।** विकासखंड सिराथू के अफजलपुर वारी निवासी महेश प्रसाद चौरसिया ने जिलाधिकारी को तीन दिन पहले शपथ पत्र देकर गांव में इंटरलॉकिंग के निर्माण में धांधली की शिकायत जिलाधिकारी से की थी उनका आरोप था कि मोहम्मद नासिर के घर से केशव के घर तक इंटरलॉकिंग लगानी थी लेकिन इंटरलॉकिंग का काम नहीं किया गया,उस काम के नाम पर 3.41.535 का भुगतान विभिन्न फर्मो को कर दिया गया था। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराकर धांधली करने वाले पर सख्त कार्रवाई एवं इंटरलॉकिंग लगवाने की मांग की थी। जिसकी खबर मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर से घबराए जिम्मेदार ने कार्रवाई होने से बचने के लिए तुरंत इंटरलाकिंग कार्य शुरू कर दिया।

# वायरल व अस्थमा से बिगड़ रही मरीजों की सेहत

**सेहत**

### दमा व अस्थमा के मरीजों के लिए जरा सी लापरवाही जानलेवा बीमारी का कारण बन सकता है

**कौशाम्बी।** सर्दी का मौसम जहां एक ओर अनेक प्रकार की खुशियां लेकर आता है, वहीं यह मौसम अनेक प्रकार की बीमारियों का जनक भी कहा जाता है। इस सीजन में लोगों को अनेक प्रकार की सावधानियां बरतने की जरूरत है। खास कर दमा व अस्थमा के मरीजों के लिए जरा सी लापरवाही जानलेवा बीमारी का कारण बन सकता है। इस मौसम में वायरल बुखार की मार से आम लोग परेशान तो रहते ही हैं साथ ही अस्थमा भी बहुत हानिकारक माना जाता है। 80 फीसद मरीज वायरल की चपेट में चल रहे हैं। वहीं 20 फीसद मरीज अस्थमा की चपेट में हैं। बीमारी से बचने के लिए अपने निवास के आसपास सफाई रखनी होगी तथा धूल व धुआं से बचना चाहिए।

**वायरल बुखार के कारण**

कौशाम्बी। वायरल बुखार व अस्थमा मौसम की देन है। इस समय मौसम में होने वाला परिवर्तन दिन में गर्मी तथा रात में ठंडक बीमारी का कारण बन जाता है। भीड़ में रहने तथा ठंड से बचना चाहिए। यह बुखार भी एक प्रकार का वायरल इंफेक्शन है। ठंड में अस्थमा की व बीमारी उभर जाती है। शरीर ढक कर न सोना भी बीमारी का कारण बन जाता है। वायरल की शिकायत होने पर मनुष्य के शरीर में रक्त की कमी हो जाना सबसे अधिक चिंता का विषय होता है। इसके चलते ही शरीर में कमजोरी, सिर दर्द तथा चक्कर आना, भूख न लगना, इसके प्रमुख लक्षण कहे जाते हैं। सर्दी के साथ तेज बुखार आ जाता है। अस्थमा की शिकायत होने पर मरीज को सांस लेने में परेशानी होती है। आंखों में दर्द, उल्टी, जोड़ों में दर्द से भी बीमारी की पहचान की जा सकती है।

**बीमारी का उपचार**

कौशाम्बी। वायरल बुखार की शिकायत होने पर मरीज को पर्याप्त रेस्ट करना चाहिए। झोला छाप से बचना चाहिए, कुशाल चिकित्सक की सलाह पर इलाज कराना चाहिए। मरीज को दवा के साथ सुरक्षित कमरे में रखना चाहिए। गंभीर हालत में मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत होती है। नियमित पेरासिटामोल का सेवन करने से बुखार में आराम मिल जाता है। मरीज को घबराना नहीं चाहिए। सर्दी से बचाव ही बीमारी का उपचार है।

# घर में घुसकर महिला से की मारपीट

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में गुरुवार की शाम पट्टीदारों ने महिला को पीट दिया। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। रानीपुर गांव की आरती देवी पत्नी तूफान सिंह ने बताया कि पट्टीदारों से उसके परिवार की रंजिश चल रही है। गुरुवार की शाम महिलाओं के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित परिजनों के साथ महिला के घर पर पहुंच गया। घर में घुसकर आरोपितों ने आरती को पीट दिया। पड़ोसन के घर मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर आरोपित जगन्नाथ, पूनम, रमादेवी व सोनम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# थाना स्तर पर समस्याओं का करें निस्तारण



जन सुनवाई करते एसपी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान एसपी के सामने सर्वाधिक शिकायतें जमीन से संबंधित थी। समस्याओं को सुनने के बाद एसपी ने संबंधित थानेदारों को हिदायत दी कि पीड़ित की समस्या का समाधान थाना स्तर पर करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# ट्रक पलटा, चालक-खलासी सुरक्षित

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में नवीपुर मोड़ के समीप गुरवार सुबह कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। हादसे में उसके चालक व खलासी बाल.बाल बच गए। ट्रक में शकरकंद लदी हुई थी। ट्रक राजापुर से मुंडेरा मंडी जा रहा था।

## 139 वाहनों का किया ई-चालान

**कौशाम्बी।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ गुरुवार को जिले की पुलिस ने कार्रवाई की। थानों के साथ ट्रैफिक पुलिस ने 139 वाहनों का ई.चालान किया। दो वाहनों से एक हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूल किया गया। टीआई राकेश चौरसिया ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ठंड से ठिठुर रहे लोग नहीं जले अलाव

**कनैली, कौशांबी।** दिनों दिन ठंड बढ़ रही है, आसमान का पारा गिर रहा है, सुबह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहते है, आधी रात के बाद से सुबह तक कोहरा भी छाया रहता है। हवाएं व शीतलहर चल रही हैं, शासन ने जगह.जगह गांव बाजार कस्बे सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए, जाने का निर्देश प्रशासन को दिया। शासन के निर्देश पर अलाव जलाने का निर्देश तहसील प्रशासन और ग्राम पंचायतों को भेज दिए गए लेकिन अलाव जलाए, जाने का निर्देश केवल अभिलेखों तक सीमित रह गया है। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र के कनैली, बारा, विजिया चौराहा, गुरौली, बेरौचा, चाँदकन, जुगराजपुर, छेकवा, गोइठा, गोपसहसा, सोधिया, कायमपुर सहित इलाके के तमाम ग्राम पंचायतों में कई दिन बीत जाने के बाद भी सरकारी व्यवस्था से अलाव नहीं जलाए जा सके हैं, अलाव की लकड़ियां खरीदी ही नहीं गई है। लोगों के मुंह चर्चाए आम हैं कि फर्जी बिल वाउचर लगाकर अलाव की लकड़ियों का भुगतान कराया जा रहा है। संपन्न लोग तो अन्य साधनों से ठंड से राहत पा रहे हैं लेकिन गरीब कमजोर मजलूम ठंड में कांप रहे हैं। संसाधन ना होने से गरीबों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है लेकिन सार्वजनिक स्थलों से लेकर गांव क्षेत्र के चौराहों गरीब बस्तियों में अभी तक अलाव नहीं जलाए गए हैं। गांव क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सार्वजनिक स्थल पर तत्काल अलाव जलाए जाने की मांग की है।

# एआरटीओ कार्यालय में हुआ सड़क सुरक्षा माह



कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते हुए

**कौशाम्बी।** यातायात नियम जागरूकता को गुरुवार को एआरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं इस दौरान सड़क सुरक्षा माह को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने हरी झंडी दिखाया। बता दे कि सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम एआरटीओ कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर द्वारा हरी झंडी दिखा कर दो प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। इस दौरान एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा माह के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि यातायात जागरूकता को निकली प्रचार गाड़िया लोगों को बेहतर तरीके से जागरूक करेंगी।

## संक्षेप

### मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**पट्टी।** दो माह पहले लकड़ी काटने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल अधेड़ की मंगलवार देर शाम इलाज के दौरान स्वरूप रानी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आसपुर देवसरा गांव निवासी राधेश्याम जयसवाल उम्र (65) वर्ष पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल को 2 माह पूर्व पेड़ काटने के विवाद में पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। मृतक की बेटे का आरोप था कि पड़ोसियों ने लाठी डंडा चाकू से हमला कर दिया था । हमले में गंभीर रूप से घायल अधेड़ का इलाज प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल से चल रहा था। इलाज के दौरान देर शाम राधेश्याम जायसवाल की मौत हो गई। परिजनों ने बुधवार की सुबह हत्या का आरोप लगाते हुए आसपुर देवसरा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया तो आसपुर देवसरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षा के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे ने बताया कि मामले में शिकायती पत्र मिला है मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है स मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शुभारंभ**

**जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह-2023 का किया शुभारम्भ**



यातायात जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सड़क सुरक्षा माह-2023 का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि यातायात के नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता हैं। राजमार्गो पर सर्वाधिक दुर्घटनायें तेज गति के कारण होती है इसलिये वाहन धीरे चलायें और सुरक्षित घर पहुँचें।

डीएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति विदेश जाता है तो वह वहां पर किसी नियम का उल्लंघन नही करता है क्योंकि उसे पता है कि यदि वह नियम का उल्लंघन करेगा तो उसे सजा भी मिलेगी। ठीक उसी प्रकार यदि हम लोग नियमों का पालन करेंगें और जागरूक होगें तो दुर्घटनाओं से बच सकते है। जागरूकता ही सड़क सुरक्षा की अहम कड़ी है। उन्होने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाये और लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा गलत दिशा में वाहन न चलाये। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिये सदैव तत्पर रहें। नींद, नशा अथवा थकान की स्थिति में वाहन न चलाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसामान्य को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि ड्राइविंग या वाहन का उपयोग करते समय प्रत्येक व्यक्ति को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिये और लोगों में यातायात के प्रति जागरूकता होना अति आवश्यक है। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग डी0के0 अहिरवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक जनपद में चलेगा जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। एआरटीओ दिलीप कुमार गुप्ता ने सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से यातायात जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यो को तेजी से पूर्ण करायें : डीएम

**निर्देश**

**समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से बैठकर जनसुनवाई करें**



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने शासन की विकास प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं के विकास कार्यक्रमों एवं 50 लाख रुपए से अधिक की लागत के कार्यो की समीक्षा की एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुये विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ायें, विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ सुनिश्चित हो। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालयों में समय से बैठकर जनसुनवाई करें, जो भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर आये उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुने और यथाशीघ्र गुणवत्तायुक्त निस्तारण करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों की निरन्तर निगरानी करते रहे, गो संरक्षण केन्द्रों पर चारा, पानी, प्रकाश, पशुओं के स्वास्थ्य तथा उनके ठंड से बचाव आदि की समुचित व्यवस्था बनाये रखे। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोवंश के पशुपालक को समयानुसार धनराशि भेजी जाये तथा मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़े और उन्हें लाभान्वित करायें। इसी तरह से मत्स्य सम्पदा योजना, कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, सिंचाई विभाग, निःशुल्क बोरिंग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गयी। विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये खेल स्टेडियम, गौशाला निर्माण, इंजीनियरिंग कालेज, नवीन नगर पंचायत भवन, आवासीय एवं अनावसीय भवनो के निर्माण, आई0टी0आई0 कालेज, ट्रांजिस्ट हास्टल, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, आंगनबाड़ी भवन आदि की समीक्षा। अन्त में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने विभाग द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओंध्कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

# विधायक सहित सैकड़ों लोगों ने मृतक भोज का किया बहिष्कार



श्रद्धांजलि समारोह में शामिल विधायक आर.के. वर्मा

**प्रतापगढ़।** किसी भी परिवार में किसी सदस्य की मौत होने पर तेरहवीं के दिन मृतक भोज का कार्यक्रम करना गरीब परिवारों के लिए अभिशाप है। आपदा के समय मृतक भोज गरीबों के लिए एक बड़ा बोझ है। यह बातें रानीगंज विधायक डा. आरके वर्मा ने क्षेत्र के पूरे गोसाई गांव में बद्री प्रसाद यादव की भाभी शांति देवी की मौत के बाद तेरहवीं के दिन आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि समाज की कुरीतियों से दूर रहें। पुराने समय से बहुत सारी कुरीतियां व परंपराएं आयोजित होती रही है जो समाज और गरीब परिवारों के लिए बोझ साबित होता है। आज के वैज्ञानिक युग में ऐसी कुरीतियों और गलत परंपराओं को दूर करना चाहिए। जिससे समाज का हर वर्ग मुख्यधारा में जुड़ सके और अपना विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि हम अपने नजरिए से ऐसी कुरीतियों में मृतक भोज का बहिष्कार करते हैं जो समाज के लिए आज एक मात्र अभिशाप बन गया है। हम सभी लोग समाज में तेरहवीं के दिन मृतक आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करेंगे। आप सभी लोगों को मिलकर समाज में ऐसी कुरीतियों एवं अंधविश्वासों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर राम सिंह पटेल विधायक पट्टी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव, सुधाकर यादव एसएसपी फतेहपुर, विजय यादव, रमाशंकर यादव, रामबचन, बृजलाल यादव, संतोष यादव, डॉक्टर शेर बहादुर यादव, रामजस यादव, गांधी यादव, प्रभात यादव, मीडिया प्रभारी संजीव कुमार पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**पट्टी।** सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव का रहने वाला बिरजू प्रजापति ( 70) पुत्र गयादीन दस दिन पहले उड़ैयाडीह बाजार गया हुआ था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया । मौजूद लोग उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन डॉक्टरो ने गंभीर हालत देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। बुधवार को परिजन उसे अस्पताल से घर लेकर आए। बीती रात बिरजू की मौत हो गई।

### किसान उत्पीड़न पर जताया आक्रोश

**लालगंज।** किसान कल्याण एसोशिएसन अराजनैतिक की यहां हुई बैठक में किसानो की समस्याओं के समाधान न होने तथा कई जगह किसानो के उत्पीडन को लेकर आक्रोश जताया गया। एसोशिएसन तथा किसान यूनियन अम्बावता के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में यह भी चेतावनी दी गई कि तीन दिन के अंदर समस्याओं का समाधान न हुआ तो किसान नौ जनवरी से तहसील परिसर मे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। बैठक में शीतलहरी मे अलाव न जलने तथा गरीब किसानो को कंबल वितरण न होने को लेकर भी प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जतायी गयी। बैठक में टीकाराम, कहारन का पुरवा तथा इटौरी के मकन का पुरवा व डांडी, लीलापुर आदि में किसानो के उत्पीडन पर प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आक्रोश जताया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय व संचालन भाकियू अ के जिलाध्यक्ष मो.हई खान ने किया। इस मौके पर बृजेश, कमलेश सिंह, रोहित पाण्डेय, रूबीना बानो, नंदलाल तिवारी, अंजू वर्मा आदि रहे।

## खाद्य उद्योग मेले में दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जनपद में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत खाद्य उद्योग मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहायक उद्यान निरीक्षक/प्रभारी पी0एम0एफ0एम0ई0 राज कुमार, डिस्ट्रिक्ट रिर्सोस पर्सन एवं उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस योजनान्तर्गत लाभान्वित उद्यमियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये गये। बैंक के स्तर से लोनिंग में आने वाली समस्याओं पर डी0आर0पी0 व उद्यमियों द्वारा प्रकाश डाला गया, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना भी स्वःरोजगार चलाने हेतु एक ऐसी ही योजना है जो उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित की जा रही है कहीं भी बैंक स्तर से कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण यथाशीघ्र किया जायेगा। सहायक उद्यान निरीक्षक द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि बेकरी, पशु एवं मुर्गी चारा, मिठाई एवं नमकीन उद्योग, चिप्स, पापड़, फ्लोर मिल, दाल मिल, राइस मिल, ऑयल मिल, जैम जेली, मुरब्बा, केचप, टोमैटो सांस, मशरूम, शहद आदि उद्योग के लिए ऋृण मिलेगा। व्यक्तिगत उद्यमियों, एफ0पी0ओ0, एस0एच0जी0 तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने हेतु प्रोजेक्ट की लागत का आधिकतम 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी अधिकतम 10 लाख प्रति उद्यम सब्सिडी प्रदान की जायेगी। योजनान्तर्गत एक जनपद एक उत्पाद की बाध्यता समाप्त की जा चुकी है। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित करने के लिए निदेशालय स्तर से योजनान्तर्गत जिला रिर्सोस पर्सन नियुक्त किये गये है।



राहुल गांधी की यात्रा में शामिल डॉ0 नीरज त्रिपाठी

### राहुल गॉधी ने डा0 नीरज त्रिपाठी के संघर्ष को सराहा

**प्रतापगढ़।** जिले के सदर विधानसभा के पूर्व कॉग्रेस प्रत्याशी व यूपी युवा कॉग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी गुरूवार को राहुल गॉधी की यात्रा में शामिल हुए। राहुल गॉधी की भारत जोड़ो यात्रा में डा0 नीरज त्रिपाठी एलम गांव, बागपत व ऊॅचा गांव तक अपने हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए। नीरज त्रिपाठी के समर्थकों के जिन्दाबाद के नारों से राहुल गॉधी ने डा0 नीरज त्रिपाठी के संघर्ष को सराहा। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य निर्माण में अभी और संघर्ष करने की जरूरत है। नीरज त्रिपाठी ने बताया कि राहुल से हुई मुलाकात में युवाओं से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत हुई। राहुल गॉधी ने भरोसा दिलाया कि युवाओं के भविष्य निर्माण में कॉग्रेस पार्टी मजबूत भूमिका अदा करेगी। डा0 त्रिपाठी ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 112 दिनों से जारी है। जो पैदल चलकर शामिली पहुंची है। जनवरी महीने के अन्त में श्रीनगर पहुंचकर लाल चैक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर यात्रा को विराम दिया जायेगा। डा0 नीरज त्रिपाठी ने पद यात्रा में शामिल होकर लवरेज दिखे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं को लेकर राहुल गॉधी की यह यात्रा निश्चित रूप से भारतयी राजनीति में मील का पत्थर साबित होगी। राहुल की यात्रा से लोगों में मोहब्बत का संदेश फैल रहा है।

## बाइक चोर को पुलिस ने दबोचा भेजा जेल

**लालगंज।** पुलिस ने नंबर प्लेट बदलकर चोरी की बाइक के साथ एक चोर को धर दबोचा है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाल कमलेश कुमार पाल के निर्देश पर उपनिरीक्षक अनीस कुमार यादव ने हमराहियों के साथ गुरुवार की सुबह चेकिंग लगा रखी थी। इस बीच नया पुरवा गौखाड़ी निवासी बाइक सवार शिवराम यादव पुत्र स्वामीनाथ पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को दौड़ाकर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास बरामद बाइक में नंबर प्लेट बदली देख कागजात मांगा तो वह तो वह नहीं दिखा सका। मामले में दरोगा अनीस यादव की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व जालीसाजी का केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

# डा0 अमरेन्द्र बहादुर सिंह की मनाई गई जयंती



जयंती पर बेसहारा लोगों की मदद करते हुए

**प्रतापगढ़।** जाने माने विचारक, चिंतक, रचनाकार व उद्योगपति स्व0 डा0 अमरेन्द्र बहादुर सिंह की गुरूवार को शहर के सिटी पैलेस में अमरेन्द्र मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से समारोहपूर्वक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन स्व0 सिंह के सीनियर आईएएस पुत्र अभय सिंह ने किया। कार्यक्रम में बाबू जी के चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। शहर स्थित सिटी पैलेस में बाबू जी के जन्म दिन पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। शाम को आईएएस अभय सिंह के नेतृत्व में शहर की सड़कों पर निकले लोगों ने गरीबों, बेसहारा व ठंड से कॉप रहे लोगों को कंबल वितरित किए। जीवित रहते बाबू जी ने गरीबों व नौजवानों के लिए कई रचनात्मक कार्य किये। लोगों के प्रति उनकी सराहनीय सोच पर लोगा उन्हें सम्मान से बाबू जी कहकर पुकारा करते थे। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए आईएएस अभय सिंह भी लोगों के हमदर्द बने हुए हैं। समाज के प्रति बाबू जी हमेशा चिंतनशील रहे। उन्होंने युवाओं को देश के प्रति ऊजार्वान बनाने के लिए कई रचनाएं की। धर्म, अर्थ, समाज के उन्न्यन आदि पर अनेक किताबें लिखी। बाबूजी द्वारा लिखी गई किताबें आज भी देश के कई विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को पढ़ाई जा रही हैं। वह हमेशा कहा करते थे कि सकारात्मक सोच से ही व्यक्ति हमेशा उन्नति किया करता है। उनका मानना था कि जिस दिन व्यक्ति कोई काम न करें उस दिन वह भोजन करने का अधिकारी नहीं होता है। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कर्म को प्रधान माना और जीवन में बढ़ने के लिए यही मूल मंत्र हमेशा नौजवानों को दिया करते थे। कर्म प्रधान शिक्षा को प्राथमिकता में रखकर वह जीवन के सफर में बुलंदियों पर पहुंचे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजीव पाण्डेय, व्यापार मण्डल के महामंत्री ठा0 एके सिंह, अमित कुमार सिंह, जगदीश शर्मा, पुष्पराज सिंह, अनिल प्रताप सिह, विनीत, राजीव प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बाइक चोरी

**रानीगंज।** स्थानीय कोतवाली में इन दिनों बाइक चोरी के मामले का ग्राफ बढ़ गया है। आये दिन किसी न किसी की बाइक चोरी हो रही है। बुधवार की रात कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर पूर्व प्रधान पूरे गोलिया विनोद गुप्ता की बाइक चोरों ने घर के पीछे से चुरा ली। पीड़ित ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। बाइक चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी कई बाइकें चोरी जा चुकी है, लेकिन पुलिस आजतक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

# एसडीएम के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा, तबादले की मांग



एसडीएम के तबादले की मांग करते वकील

**प्रतापगढ़।** लालगंज एसडीएम सौम्य मिश्र के तबादले की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने गुरूवार को तहसील परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने एसडीएम की कार्यशैली के प्रति कडी नाराजगी जताते हुए एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार भी किया। गुरुवार की सुबह वकील तहसील स्थित पार्क में एकत्रित हुए। आमसभा कर एसडीएम सौम्य मिश्र के तहसील से तबादले की मांग करते हुए डीएम के नाम प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने तहसील परिसर में एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। तहसील कैम्पस में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता एसडीएम कोर्ट के सामने एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ घंटो नारेबाजी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि मौजूदा एसडीएम कोर्ट से लेकर चेंबर तक अधिवक्ताओं तथा तहसील में आने वाले फरियादियों से अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि तहसील में शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण को लेकर भी जनता रोज परेशान हो रही है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि एसडीएम की हठवादिता से तहसील में कामकाज पर विपरीत असर पड़ रहा है। संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, शिवाकान्त उपाध्याय, राजेन्द्र मिश्र, विकास मिश्र, दिनेश सिंह, कमलेश तिवारी, कालिका प्रसाद पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह ने भी एसडीएम की कार्यशैली को आम जनभावना के विपरीत बताया। वकीलों ने चेतावनी दी है कि एसडीएम का तबादला न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर घनश्याम मिश्र, संदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, आशीष तिवारी, विनय शुक्ल, संजय सिंह, शिव प्रसाद यादव, राहुल मिश्र, विनोद मिश्र, पंकज मिश्र, सिंटू मिश्र, केबी सिंह, उदयराज पाल, राजेश सरोज, प्रभात श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, संजय द्विवेदी, प्रवीण यादव, सुमित त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, सुजीत त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्राईवेट टेलीकाम कंपनी का टावर में लगी आग

**लालगंज।** कोतवाली के रानीगंज कैथौला स्थित एक प्राईवेट टेलीकाम कंपनी के टावर में बुधवार की रात संदिग्ध शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग की चपेट में आने से पावर प्लांट व बैट्री जलकर स्वाहा हो गई। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन मामला शार्ट सर्किट का होने के कारण वापस लौट आई। कंपनी के टेक्नीशियन राकेश कुमार ने बताया कि घटना उपकरणों को बदलकर शीघ्र नेटवर्क बहाल किया जाएगा।

## सफाईकर्मी के न आने से फैली गंदगी

**कौशांबी।** मंझनपुर ब्लॉक के टेवां गांव में लोग गंदगी से परेशान हैं। आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी के नियमित गांव नहीं आने से गंदगी फैली है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने गांव में नियमित सफाई कराने की मांग की है।

# जनसत्ता कप प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन




प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक

**प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के सकरदहा में कड़ाके कि ठंड के बीच गुरुवार को जनसत्ता कप प्रतियोगिता के चैथे संस्करण का उद्घाटन जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने फीता काटकर किया। गुरुवार को उद्घाटन मैच आनापुर प्रयागराज और कटनी मध्यप्रदेश कि टीम बीच उदघाटन मैच खेला गया। जनसत्ता कप का आयोजन राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल के नाम से गठन से प्रारंभ हुआ है।उसी वर्ष से लगातार जनवरी महीने में आयोजित होता आ रहा है। ग्राम सभा सकरदहा के प्रधान जनसेवक भारतीय सेना के पूर्व सैनिक जनसत्ता दल के भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रान्तीय सचिव संजय सिंह फौजी जनसत्ता कप क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन करते आ रहे हैं। इस टूनामेंट में कई राज्यों कि टीमें भाग लेती आ रही है यह क्रिकेट टूनामेंट क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण केन्द्र बना रहता है। यहां उपस्थित दर्शकों को सकरदहा के ऐतिहासिक क्रिकेट ग्राउंड लगातर एक माह तक चलेगा। विधयक विनोद सरोज ने कहा की आज के इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए आयोजक संजय सिंह फौजी, क्रिकेट प्रेमियों व मध्यप्रदेश व यूपी की टीम को राजा भैया परिवार की ओर से बधाई। इस अवसर पर आयोजक संजय सिंह ने सभी का स्वागतकरते हुए आभार जताया। विधायकविनोद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खेल प्रतिभागियों को एक अच्छा मंच मिलता है अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय, उमटी प्रधान नीलमणि सिंह, राजू पहलवान, धर्मेंद्र सिंह, संजीव सिंह, अंगद मिश्रा, कुंदन सिंह, कृष्णा तिवारी, बल कृष्ण शुक्ला, विनोद शुक्ला शकरदहा चैकी प्रभारी राजीव तोमर, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक संजय फौजी ने अतिथियों का अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## जनसंपादकीय

# आइए राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। हर नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत देता है। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की उर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढ़केल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है। आइए हम समवेत प्रयास करें कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण है। इसी क्षण में संकल्पों के जरिए भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विध्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ आसपास सकारात्मक नजरें दौड़ाने की जरुरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरुकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। देखा जाता है कि हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन प्रदान कर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा को परमोधर्म कहा गया है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब घरों के बच्चों की मदद कर सकते हैं। मसलन उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी राह आसान कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरुरतों को पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रुपी उर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के सपने को साकार कर सकते हैं। वस्तुतः इस दिशा में देश की सभी सरकारें पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों की रक्षा कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हो जाता है। हमलोग घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम आसपास के जरुरतमंदों तक भोजन पहुंचाएं तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देते हैं। हमें इन आजमाए हुए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव है। जागरुकता की भी कमी है। हम उन्हें सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। वचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण के कारण जान गंवा रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों की उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है। आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकारें हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना यह है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बडे. समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति तेज हो रही हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और ध्रुम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा उर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। आइए हम इस नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।



**अरविंद जयतिलक**
**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फंसा हुआ कवि

स्मरण



**सदानन्द शाही**

देश की संस्कृति का आज बहुत नाम लिया जाता है । उसका जीवंत रूप क्या है ? उसका रूप यदि विषाद और महान है यदि उसमें सैकड़ों शताब्दियों की गहराई और गंभीरता और जीवन है तो उसे हम इतिहास का सहारा लिए बिना कैसे समझ सकते हैं ? संस्कृति अंधे की लकड़ी नहीं कि जिसे लिये 'लिये लोग सर्वत्र घूमें' बिना जाने क्या उसकी परिभाषा इतनी सहज है ? वह तो कल्पतरु है । जिसकी शाखाओं की शाखाएँ 'हम और आप - आज जीवित हैं । उसकी छांह में बैठकर ही कहीं एक जगह से हम उस पूरे का रूप नहीं देख सकते हैं ,न पा सकते हैं,न समझ सकते हैं ?

चार सौ साल हुए इस कल्पतरु की शाखा पर एक पंछी आकर बैठ गया था। उसकी मीठी बोली हम आज भी सुन रहे हैं। - शमशेर बहादुर सिंह

देश की संस्कृति के कल्पतरु पर आकर बैठा यह पक्षी 'हमारी परंपरा हमारी विचारधारा और संस्कारों में' न केवल डूबा हुआ है बल्कि ह्यअपनी ओर से उस संस्कृतिह्न में योग दे रहा है। इस योगदान को समझना एक तरह से खुद को समझना है। पूरा नाम अब्दुल रहीम खानखाना । महान योद्धा ,शासक (गुजरात के सूबेदार ),संत ,कवि, विद्वान, दानवीर आदि अनेक रूप हैं जिनपर अलग अलग बात की जा सकती है । समावेशिता ऐसी कि 'नमाज और कृष्ण ,तलवार और किताब ,काव्य और ज्योतिष, दान और पौरुष' सबको साथ लेकर चलने में सक्षम । सबको साथ लेकर चलाने की यही कला उन्हें एक मुकम्मल इंसान बनाती है अक्षरारंभ के साथ ही हिन्दी के जिन तीन कवियों से हमारी भेट होती है वे हैं -कबीर ,तुलसी और रहीम । मजे की बात यह है कि अक्षरारंभ न भी हो तो भी इन तीनों से हमारी भेट हो जाती है । कम से कम लोक में ये तीनों ही कवि साथ- साथ चलते दिखाई देते हैं । यह एक महज संयोग है या इन कवियों में कहीं कोई संगति है जिसके नाते तीनों साथ-साथ चलते हैं। यह अलग बात है कि शिक्षा जगत में रहीम बहुत दूर तक आगे नहीं आ पाते। हाईस्कूल या हद से हद इंटरमीडिएट तक जाते जाते हम रहीम से छुट्टी पा लेते हैं । कबीर और तुलसी से हमारी मुलाकात आगे भी होती रहती है। इस पर अलग से विचार करने की जरूरत है कि हमारी काव्यस्मृति में एक साथ दाखिल होने वाले तीन कवियों में से एक को उच्च शिक्षा के सोपानों तक जाने से रोक दिया जाता है ? कहीं इसलिए तो नहीं कि हमारा काव्याभ्यास रहीम को नीति के दोहे तक सीमित कर देता है और नीति या सूक्ति को श्रेष्ठ काव्य का दर्जा नहीं दिया जाता ! क्या रहीम की कविता सिर्फ नीति कथन तक महदूद है ?यदि ऐसा है तो अपने फारसी कलाम में रहीम के यह कहने का कि मैं सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ ,क्या कोई अर्थ नहीं है ? क्या कबीर ,तुलसी और रहीम की संगति के बहाने इस पहलू पर भी विचार संभव है ?

लोक में तीनों कवियों की सह उपस्थिति संकेत करती है कि तीनों में कुछ न कुछ संगति है । हालांकि यह संगति देखने का हमारा अभ्यास नहीं है । वैसे भी तीनों ही कवियों के जीवन में कहीं कोई समानता नहीं मिलती । कबीर बुनकर जुलाहे का जीवन जीते हुए ज्ञान और अध्यात्म की सभी प्रचलित सरणियों को छोड़ देते हैं और उनसे ऊपर उठकर सत्य की तलाश करते हैं। कबीर घर फूँक मस्ती वाले कवि हैं । घर फूँक मस्ती का अर्थ है मौजूदा घर को असाध्य मानकर नए घर की तलाश करने वाला। ऐसा नहीं है कि कबीर को घर की जरूरत नहीं है । पर उन्हें गालिब की तरह बे-दरो दीवार वाला घर चाहिए । वे नितांत निछद्म हैं । कबीर को पहले से मिला घर स्वीकार्य नहीं है ,वे नया घर तामीर करना चाहते हैं। -जब तक नया घर नहीं बनता तब तक घर के खयाल से ही खुश हैं। वे किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं यहाँ तक कि अपने राम के सामने भी नहीं - 'मेरा मन सुमिरे राम को मेरा मन रामहि आहि ,इब मन रामहि ह्वै चला सिस नवावों काहि॥'

तुलसीदास अपने मौजूदा घर को असाध्य नहीं मानते । उसे थोड़ा रंग रोगन करके दुरुस्त कर लेना चाहते हैं । वे संग्रह और त्याग के विवेक के साथ कुछ को छोडकर और कुछ को लेकर आगे बढ़ जाते हैं । उन्होने अपने साहब राम की गुलामी स्वीकार कर ली है और घोषित कर दिया है कि - 'तुलसी अब का होहिंगे नर के मनसबदार' ।इसी दायरे में वे अपने पुराने घर को चाक चौबन्द करने में लगे हैं। कबीर और तुलसी दोनों का रास्ता साफ है । एक कहता है झ्रह्यजो घर जारे आपना चले हमारे साथ तो दूसरा कहता है 'जाके प्रिय न राम बैदेही ,तजिये ताहि कोटि बैरी सम जद्दपि परम सनेही' ।

रहीम की स्थिति इन दोनों से फरक है । वे लगभग खाना ब दोश हैं । उनके पास न तो बे दरो दीवार वाला घर है और न ही तुलसी का विधि विधान वाला । उन्हें कब कौन सा घर छोडकर किस घर में जाना पड़े ,कह नहीं सकते । रहीम की मुश्किल यह है कि उनके जीवन की एक डोर राम से बंधी हुई है तो बाकी शाह ए वक्त से। सब कुछ के बावजूद रहीम नर के मंसब दार हैं। । इस मनसबदारी के पीछे तरह तरह के खेल हैं झ्रतीर कमान हैं। इसलिए रहीम के सामने सब कुछ साथ लेकर चलने की चुनौती है । सब कुछ छोड़ देने की अपनी मुश्किल है 'पर तय कर लें तो छोड़ सकते हैं ,किसी एक के पक्ष में खड़े होने की मुश्किलें हैं लेकिन यह भी संभव है लेकिन दोनों को लेकर चलना कठिन है । इसका अनुभव रहीम को है । कबीर की तरह ही रहीम का एक लोक प्रचलित दोहा है - 'चाह गयी चिंता गयी ,मनुआ बेपरवाह । जाको कछू न चाहिए वे साहन के साह' ॥ उन्हें सब कुछ छोड़ देने का ठाट मालूम था । लेकिन रहीम की मुश्किल यही है कि उन्हें सब कुछ लेकर चलना है।

अब रहीम मुश्किल पड़ी गाढै दोऊ काम ।
साँचे से तो जग नहीं ,झूठे मिले न राम ॥

जिन्हें सिर्फ राम चाहिए वे झूठ को छोडकर सत्य अपना सकते हैं । जिन्हें सिर्फ जग चाहिए वे भी सत्य से बेपरवाह होकर झूठ के पथ पर चल सकते हैं। जिन्हें दोनों चाहिए वे क्या करें ? झूठ और सच में कैसा संतुलन बनाएँ कि जग भी सध जाये और राम भी मिल जायें। रहीम को जीवन में यह संतुलन बनाए रखना पड़ा होगा । लोक स्मृति में रहीम की उपस्थिति इसी संतुलन के नाते है।


घर के साथ इन तीनों कवियों के तीन तरह के रिश्ते हैं झ्रकबीर को जलाकर नया बनाने को उद्यत हैं ,तुलसी घर की मरम्मत कराकर उसके एक हिस्से में आसन जमा लेते हैं और रहीम घर की तलाश में एक सराय से दूसरे सराय में भटक रहे हैं। तीनों कवि अपने अपने ढंग से घर से बंधे हुये हैं ।लोक में इन कवियों की स्वीकृति की एक बड़ी वजह घर के साथ इन रिश्तों में है । लोक मन घर को लेकर इन्हीं रस्तों पर भटकता रहता है ।इसलिए इन कवियों को पढ़ते हुये उसे किसी हमसफर का सा एहसास होता है।

शायद इसीलिए रहीम की कविता का एक छोर कबीर से तो दूसरा तुलसी से मिलता है । कबीर और रहीम में एक समांतरता दिखाई पड़ती है । जब रहीम कहते हैं - 'काह करों बैकुंठ लै,कल्प वृक्ष की छांह। रहिमन ढाँक सुहावनी, जो गल पीतम बांह॥ कहते हैं तो बरबस कबीर का पद याद आ जाता है-

चलन चलन सब कोइ कह है।नं जाँनौं बैकुण्ठ कहाँ है।। टेक।।
जोजन एक परमिति नहिं जानैं, बातनि ही बैकुण्ठ बखानैं।
जब लग मनि बैकुण्ठ का आसा, तब लग नहिं हरि चरन निवास।
कहे सुने कैसे पतिअइअै, जब लग तहाँ आप नहिं जइअै।
कहै कबीर यह कहिअै काहि, साध संगति बैकुण्ठहि आहि।।

रहीम के लिए बैकुंठ और कल्पवृक्ष की छाँह की तुलना में ढाँक की छाँह ज्यादा सुहावनी है यदि गले में प्रीतम की बांह हो। कबीर कहते हैं कि बैकुंठ कहाँ है और कैसा है यह नहीं मालूम लेकिन सच पूछिये तो साधु की संगति ही बैकुंठ है । रहीम का प्रीतम कबीर का साधू ही है । संत समाज सभा को ही कबीर बैकुंठ मानते हैं । यह साधु यह प्रीतम दरअसल हमनवां है जिसका साथ दोनों को बैकुंठ से श्रेयस्कर लगता है। सत्संगति की महिमा दोनों कवियों के यहाँ एक सी सांद्रता के साथ मौजूद है इसीलिए रहीम कहते हैं -रूठे सुजन मनाइए जो रूठे सौ बार ,रहिमन पुनि पुनि पोइए टूटे मुक्ताहार॥ यह सुजन भी साधु ही है ।दोनों के यहाँ साधु की पहली प्रतिश्रुति परहित है। जब रहीम कहते हैं कि तरुवर फल नहिं खात हैं सरवर पियत न पान। कहि रहीम परकाज हित संपति संचहि सुजान' तो ऐसा लगता है जैसे वे कबीर के इस दोहे को दुहरा भर रहे हैं - 'बृच्छ कबहुँ नहिं फल भखे ,नदी न संचे नीर। परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर' । इस साधु का स्वभाव कैसा होना चाहिए । कबीर कहते हैं सूप जैसा होना चाहिए क्योंकि वह सार को ग्रहण करता है और थोथे को उड़ा देता है। रहीम आत्माराम के लिए यही आदर्श रखते हैं - 'रहिमन या तन सूप है, लीजे जगत पछोर । हलुकन को उडि जान दे गरुए राखि बटोर ॥' इस साधु का एक लक्षण अहंकार का विसर्जन भी है ।कबीर प्रेम के घर में प्रवेश करने के पहले सीस (अहंकार) को उतार कर परे रखने की बात करते हैं,जब मैं था तब हरि नहिं कहते हैं तो रहीम कहते हैं कि यह (प्रेम की)गली बहुत संकरी है ,इसमें अहंकार और हरि दोनों में से कोई एक ही रह सकता है - ह्यरहिमन गली है सांकरी, दूजों ना ठहराहिं।आपु अहै तो हरि नहीं ,हरि तो आपुन नाहि॥ ह्यऔर जब वह परम प्रिय मिलता है तो उस अनुभव भी अनिर्वचनीयता एक जैसी ही है। रहीम के यहाँ - 'अंतर दाव लागी रहै ,धुंवा न प्रगटै सोइ। कै जिय आपने ज्ञान नहिं,कै जिहि बीती होई ॥' वाली स्थिति है तो कबीर के यहाँ भी यही स्थिति है झ्रहिरदा भीतरि दौ बले, धुंवा न परगट होइ । जाके लागी सो लखे के जिहि लागी सोइ ॥ कई बार ऐसा लगता है कि जैसे रहीम के यहाँ कबीर के ही दोहे वेश बदल कर आ गये है। जैसा कि कुछ अध्येताओं का अनुमान है कि कबीर के बहुतेरे दोहे रहीम की रचनाओं में शामिल कर लिए गए हैं। यदि ऐसा हो भी तो मानना पड़ेगा कि रहीम को कबीर इतने ज्यादा पसंद हैं कि वे कबीर के कुछ दोहों को अपना लेते हैं। जाहिर है ऐसा तभी होता है जब भावभूमि कि एकता हो । भावभूमि की यह एकता जगह जगह दिखाई पड़ती है।

जैसा कि कहा गया रहीम की मनोभूमि का दूसरा छोर तुलसी से जुड़ता है । यह जुड़ना केवल काव्य वस्तु के धरातल पर नहीं है बल्कि उसके अनेक संस्तर हैं । तुलसी और रहीम की व्यक्तिगत मैत्री के भी अनेक प्रसंग हैं लेकिन यहाँ पर केवल कविता से जुड़े प्रसंगों पर ही चर्चा की जाएगी । पहली बात तो दोनों कवियों का भाषा संबंधी दृष्टिकोण । जिस तरह तुलसीदास पढे-लिखे बहुभाषाविद पंडित थे वैसे ही रहीम भी । यह एक सुविदित तथ्य है कि अकबर महान की देख रेख में रहीम की शिक्षा दीक्षा हुई थी । रहीम अरबी, फारसी, तुर्की ,संस्कृत और ब्रज तथा अवधी के विद्वान एवं कवि थे । इसलिए दोनों कवियों का काव्य कर्म लोक से शास्त्र और शास्त्र से लोक का संचरण करता हुआ दिखाई देता है । एक तरफ कबीर शास्त्र के कठिन बोझ से जनता को मुक्त कर रहे थे तो दूसरी ओर तुलसी और रहीम शास्त्र को लोक के निकट जाने लायक बना रहे थे। भक्तिकाल लोक भाषाओं के उदय का काल था । इस उदय से लोक भाषाओं में ऐसी शक्ति आ गयी थी कि वे स्वयं संस्कृत और संस्कृति के लिए निकष बन गयी थीं । यह वह समय था जब शास्त्रीय भाषाएँ अपना ऊंचा आसन छोडकर वैधता प्राप्त करने के लिए लोक भाषा के निकट आ रहीं थीं । तुलसी और रहीम को एक साथ रखकर देखने से यह तथ्य आसानी से समझ आता है ।बहुभाषाविद और संस्कृत ,अरबी और फारसी जैसी शास्त्रीय भाषाओं के विद्वान रहीम और तुलसीदास दोनों काव्य रचना के लिए लोकभाषा की ओर आते हैं ।शास्त्रीय भाषा पर पूरा अधिकार होते हुए भी ये दोनों कवि काव्य कौशल लोक भाषा में ही दिखलाते हैं । दोनों ही कवियों ने यहाँ तक पंहुचने में विचार यात्रा की है। भाषा के बारे में दोहावली में तुलसीदास का एक दोहा है - 'का भाषा का संसक्रित,प्रेम चाहिए साँच । काम जू आवे कामरी का लै करै कुमाच'। कुमाच कहते हैं दुशाले जैसी चीज को । जाड़े के लिए तो साधारण सी भेड़ के उन वाली कमली ही काम आ रही है, कुमाच लेकर क्या करेंगे। लगभग इसी वजन पर रहीम भी कहते हुए मिल जाते हैं कि-'काह कामरी पामरी ,जाड़ गए से काज। रहिमन भूख बुझाइए ,कैस्यो मिले अनाज'॥अगर भूख मिट रही है तो कैसा भी अनाज स्वीकार्य है और जाड़े से रक्षा हो रही है तो साधारण सा कंबल भी वरेण्य है। भाषा के बारे में दोनों ही कवियों का नजरिया मिलता है ।



शास्त्र अगर अपनी संरचना में इतने दुरूह हो गए हैं कि जन मन तक नहीं पंहुच पा रहे हैं तो यह संरचना बदल कर उन्हें जन मन तक ले जाना इन कवियों की पहली प्रतिबद्धता है ।शायद इसीलिए राजप्रासाद से बाहर वनवासी राम की छवि तुलसी को ही नहीं रहीम को भी अच्छी लगती है - 'चित्रकूट में रमि रहे तुलसी अवध नरेस/जेहि पर विपदा परत है सो आवत एहि देस' । तुलसी के वनवासी राम रहीम के जरिए ही अकबर के दरबार में पँहुचे होंगे और उस छवि पर मुग्ध होकर अकबर ने वनवासी राम की याद में सिक्का चलाया होगा। रहीम और तुलसी में एक समानता बरवै जैसे सहज छंद के प्रयोग को लेकर है। गुसाईं चरित के लेखक बाबा वेणी माधव को प्रमाण माने तो रहीम के बरवै नायिका भेद पर मुग्ध होकर तुलसीदास ने बरवै रामायण की रचना की है। 'कवि रहीम बरवै रचे, पठये मुनिवर पास /लखि तेहि सुंदर छंद में रचना कियेउ प्रकास'। खेटकौतुकम और रामाज्ञा प्रश्नावली जैसे फलित ज्योतिष के ग्रन्थों की रचना के पीछे कम से कम रुचि साम्य तो दिखाई ही पड़ता है। दोनों कवियों को उस समय के खलों के खेल का शिकार बनना पड़ा होगा । खलों की खलुता का अनुभव भी दोनों कवियों के यहाँ एक सा है। रहीम के नीतिपरक दोहों के मूल में यह अनुभव है ।

कबीर और तुलसी से समानता के विविध पहलुओं के रहीम के अपने अलग रास्ते को जानने के लिए उनके बरवै नायिका भेद और नगर वर्णन की घोर शृंगारिक कविताओं को जरूर देखा जाना चाहिए ये कवितायें बताती हैं कि रहीम सिर्फ काव्य रसिक ही नहीं बल्कि रसिक भी थे। लेकिन रहीम रसिकता लंपटता नहीं थी। मुगल दरबार की दिनचर्या में रसिकता के संदर्भ ही थे सबसे बड़ी बात यह कि रसिकता हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है । रहीम समग्र जीवन से प्यार करने वाले व्यक्ति थे। शिव सिंह सरोज में उनका एक फारसी कलाम उद्धृत है -

शुमार शौक न दानिस्ता अम कि ता चंद ऊपरी अस्त ।
जुज ई कदर कि दाम सख्त आजूमंद अस्त ॥
न दाना दनाम व नै दाम ई कदर दानम ।
के पाय ता बसरम हर चे हस्त दर बंद अस्त ॥

(मैं यह नहीं बता सकता कि मेरी मुहब्बत का जोश कहाँ तक बलंद है ,इतना जानता हूँ कि मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ। मैं इतनी समझ - बूझ नहीं रखता कि दाना और जाल को पहचान सकूँ ,इतना जानता हूँ कि मैं सिर से पाँव तक मुहब्बत के जाल में फँसा हुआ हूँ। )

इसे यदि कवि का आत्म वक्तव्य मान लें तो यह बात साफ हो जाती है कि रहीम की पहली चाहत मुहब्बत ही है । यह मुहब्बत समग्र जीवन के लिए है । जीवन ने जब जिस मोरचे पर खड़ा किया रहीम उस पर पूरी शिद्दत से लगे रहे । इसीलिए जीवन के अनुभवों ने उन्हें नीतिकार बनाया ,शौर्य और ऐश्वर्य ने शृंगार का रस अनुभव करने का अवसर दिया और इस संसार की सही समझ उन्हें भक्ति की ओर ले गयी 'जाके सिर आस भार सो कस झोंकत भार अस/रहिमन उतरे पार ,भर झोंकि सब भाड़ में'॥ उनमें नीतिबोध था पर वे केवल नीतिकार नहीं थे ,उनमें संतई थी पर वे सिर्फ संत नहीं थे , शृंगार भी था पर वे सिर्फ शृंगारिक भी नहीं हो सकते थे । चाहें तो उन्हें नीति ,शृंगार और वैराग्य की त्रिवेणी बहाने वाले भृत्तिहरि की परंपरा में रख सकते हैं। ।

**( लेखक कवि एवं शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं )**

# स्वाधीनता संघर्ष ..कांग्रेस और वास्तविक इतिहास !

राजनीति



**डॉ राघवेंद्र शर्मा**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान ने देश में बहस छेड़ दी है कि भारत को आजादी दिलाने में सिर्फ कांग्रेस का ही योगदान रहा। साथ में उन्होंने यह भी कह दिया कि भाजपा संघ अथवा किसी और का एक कुत्ता भी मरा हो तो उसका नाम बता दें। उनके इस अमर्यादित बयान ने एक बार फिर यह बात उजागर कर दी है कि कॉन्ग्रेस देश को आजादी दिलाने का श्रेय स्वयं के पास ही रख किसी भी अन्य सेनानी को इतिहास में स्थान नही देना चाहती है। आज देश को इस सत्य से अवगत कराने का वक्त आ गया है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की शुरूवात कॉन्ग्रेस ने की ही नहीं। सही मायने में तो इसकी शुरूआत कोंग्रेस की स्थापना से बहुत पहले हो चुकी थी। जिसमें सभी वर्गों ने यथा क्षमता भाग लिया और कुर्बानियां दीं। बाबजूद हमें पाठ्य पुस्तकों में यह पढ़ाया जाता रहा कि देश को कॉन्ग्रेस नेस्वतंत्र कराया। उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को तो कभी प्राथमिकता दी ही नहीं गई, जिन्होंने आजादी के लिए अपने सिर कलम करवा दिए। सिद्धू मुर्मू, कानू मुर्मू और उनके संथाली भाइयों के बलिदान की चर्चा करना उचित होगा । इस परिवार के चार सदस्य अंग्रेजो द्वारा मार डाले गए। जबकि आजादी के संग्राम में 10 हजार संथाल आदिवासियों ने अपना बलिदान दिया है।

तथ्य यह है कि कांग्रेस 15 अगस्त 1947 से पूर्व अनेक वर्षों तक स्वतंत्रता संघर्ष का भारत का सबसे बड़ा मंच था। लेकिन वह कांग्रेस आज की तरह एक राजनीतिक पार्टी नहीं थी। अहिंसक आंदोलनों से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले दूसरी विचारधाराओं के लोग भी उस समय कांग्रेस के मंच से काम करते थे। कांग्रेस के नेता जिस हिंदू महासभा की दिन रात आलोचना करते हैं उन्हें यह पता होना चाहिए कि एक ही व्यक्ति एक साथ हिंदू महासभा एवं कांग्रेस दोनों का सदस्य हो सकता था। यहां तक कि अध्यक्ष भी। पंडित मदन मोहन मालवीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे और कांग्रेस के भी। वास्तव में सबका लक्ष्य अंग्रेजों से भारत की मुक्ति था और उसमें आज की तरह तथाकथित विचारधारा का तीखा विभाजन नहीं था। वर्तमान कांग्रेस तब के कांग्रेस के उन नेताओं का नाम नहीं लेती जिनकी विचारधारा को हिंदुत्ववादी या संप्रदायिक मानती है। अंग्रेजों को प्रतिवेदन देने वाले मंच से प्रखर संघर्ष के रूप में कांग्रेस को परिणत करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाल गंगाधर तिलक के योगदान को कांग्रेस उस रूप में नहीं स्वीकारती जैसा था। यही बात लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल जैसे नेताओं के साथ लागू होता है। तिलक और लाला लाजपत राय दोनों उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिनिधि थे जो हिंदुत्व तथा धर्म अध्यात्म के आधार पर भारत का विचार करते थे। क्या इनका आजादी के आंदोलन में योगदान नहीं था? यह एक उदाहरण बताता है कि आजादी के आंदोलन को लेकर वर्तमान कांग्रेस की सोच संकुचित और विकृत है। एक और उदाहरण लीजिए। डॉ राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी धारा के नेता भी कांग्रेस के साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय थे। क्या कांग्रेस कभी इनकी और इनकी तरह दूसरे नेताओं के महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करती है? वास्तव में छोटे बड़े संगठनों, संगठनों से परे और कांग्रेस में भी ऐसे लाखों की संख्या में विभूतियां थीं जिन्होंने अपने-अपने स्तरों पर स्वतंत्रता की लड़ाई में योगदान दिया, अपनी बलि चढ़ाई। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उन गुमनाम स्वतंत्र सेनानियों को तलाश कर सामने लाया जा रहा है। जितने सेनानियों के विवरण आ रहे हैं वे बताते हैं कि कोई एक संगठन ,कुछ नेता या कोई एक पार्टी स्वतंत्रता का श्रेय नहीं ले सकती।

सबसे अधिक हैरानी इस बात पर होती है कि कॉन्ग्रेस वीर सावरकर को कायर बताकर उनका चारित्रिक हनन करती रहती है। जबकि यह स्थापित सत्य है कि वीर सावरकर एकमात्र ऐसे योद्धा थे जिन्हें अंग्रेजों द्वारा दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें प्रताड़ित करने के लिए तेल निकालने वाले कोल्हू में बैल के स्थान पर जोता गया। उल्लेखनीय है कि वीर सावरकर के शेष तीनों भाई भी क्रांतिकारी रहे। सब से बड़ी बात तो यह है कि इनके देश प्रेम को आदर्श मानकर ही मदनलाल ढींगरा विदेश गए और शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की हत्या का बदला अंग्रेजों से लिया। देश के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने सावरकर बंधुओं से देश के लिए मरना सीखा। कॉन्ग्रेस और उसके नेता अक्सर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से यह सवाल भी करते रहते हैं कि उनके किस नेता ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। इस बाबत यह उल्लेख करना उचित रहेगा कि डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हैं, उन्हें एक से अधिक बार जेल हुई। एक बार तो जब वे रिहा होकर नागपुर लौटे तो उनके स्वागत में ढेर सारे कांग्रेसी भी मौजूद हुए। जिनमें मोतीलाल नेहरु प्रमुख रहे ।उन्होंने बेहद प्रसन्नता के साथ कहा था कि स्वतंत्रता संग्राम में श्री हेडगेवार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो चली है। इसके अलावा भी नमक आंदोलन में संघ के आदि सरसंघचालक श्री हेडगेवार का विशेष योगदान रहा। उनके नेतृत्व में हजारों स्वयंसेवक उक्त आंदोलन को मूर्त रुप देने में लगे रहे। संघ की स्थापना तो वर्ष 1925 में की गई। जबकि श्री हेडगेवार इससे पहले भी हजारों स्वयंसेवकों के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न दायित्वों का स्व स्फूर्त होकर निर्वहन करते रहे। बर्ष 1921 में जब असहयोग आंदोलन शुरू हुआ और सत्याग्रह की पहली शुरूआत हुई, तब भी डॉक्टर हेडगेवार उसमें बढ़ चढ़कर शामिल हुए। फलस्वरुप वे अंग्रेजों की आंख में खटकते रहे। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया और एक साल के कारावास की सजा सुनाई गई। यह सजा 1921 के अगस्त माह से शुरू होकर वर्ष 1922 के जुलाई माह तक जारी रही। बंगाल में अनुसीलन समिति और युगांतर नाम के क्रांतिकारियों के दल काफी सक्रिय थे। इनमें भी रास बिहारी बोस, सचिन नाथ सान्याल, बालेंदु कुमार घोष, महर्षि अरविंद के साथ डॉक्टर हेडगेवार की सक्रियता प्रमुखता से दर्ज है। 1930 में जब सविनय अवज्ञा आंदोलन और नमक सत्याग्रह उफान पर थे, तब भी डॉक्टर हेडगेवार अग्रणी नेता बने रहे। फलस्वरुप उन्हें अंग्रेजों ने गिरफ्तार किया और 9 महीने की सजा सुना दी। आजादी की लडाई में जंगल सत्याग्रह का उल्लेख प्रमुखता से दर्ज है। इसमें संघ के स्वयंसेवकों की भूमिका प्रमुख रही। यह तत्कालीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भी माना था। 1942 का स्वतंत्रता संग्राम भी अध्ययन करने योग्य है। सत्ता के दबाव में इतिहासकारों ने यह सच छुपाया कि तब सक्रिय आंदोलनकारियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका सर्वाधिक सक्रिय दर्ज की गई गई। उस दौरान अधिकतर स्वयंसेवकों ने लाठियां और गोलियां खाई। जहां तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन की बात है तो डॉक्टर हेडगेवार को यह बात कांग्रेस में रहकर ही समझ आई कि जब तक आंदोलन जातियों और वर्गों में बंटा रहेगा, तब तक देश में फूट डालो राज करो कि नीति सफल होती रहेगी। अतः 1925 में संघ की स्थापना हुई और डॉक्टर हेडगेवार ने अपनी पूरी ताकत समाज को एकजुट करने में लगा दी। तो क्या कॉन्ग्रेस यह कहना चाहती है कि जो लोग दूसरे दलों के माध्यम से देश की सेवा करते रहे, वे सब देश भक्त थे ही नहीं? बहस तो इसी बात की है कि जिन लोगों ने कॉन्ग्रेस की भेदभाव पूर्ण नीतियों से अलग होकर अलख जगाई, ऐसे सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, लाल बहादुर शास्त्री, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय औ? अन्य गुमनाम नायकों से देश रु ब रु क्यों न हो?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

व्यंग्य



## नए वर्ष के मेरे संकल्प

**प्रभाशंकर उपाध्याय**

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर अपने ने भी कुछ संकल्प ठाने थे। उनमें पहला था, प्रातःकाल सैर हेतु उद्यान जाएंगे। फलतः प्रातः होते ही पत्नी ने झिंझोड़ा, ह्यह्यघूमने जाइए।

रजाई में मूंसोड हुई स्थिति में स्थित रहते हुए पूछा, धूप निकली?

अभी कहां? अगर निकली तो बारह बजे के बाद ही निकलेगी।

तो जिस दिन जल्दी निकलेगी, उस दिन जाएंगे, मैं, अपना रजाई तप भंग नहीं करना चाह रहा था कि श्रीमतीजी ने रजाई खींच कर एक ओर डाल दी, मैं चाय बना लायी हूं। नहीं पीनी हो तो बाद में खुद बना लेना। अपन को अब, अहसास हुआ कि कल रात बेगम को अपना संकल्प बता कर कितनी बड़ी भूल कर बैठे थे? लिहाजा, हमने धूजणी से कंपकंपाते एक हाथ से कप थामा और दूसरे हाथ से रजाई को सीने से लगाया। तीन चार घूंट सुड़कने के बाद थोड़ी गर्मी प्रतीत हुई तो दूसरे हाथ में मोबाइल थाम लिया।

बेगम साहिबा सामने बैठ कर चाय की चुस्कियां ले रही थी। हाथ में मोबाइल सेट देख कर ताना मारा, क्योंजी, कल तो प्रतिज्ञा ली थी कि सुबह से दो घंटे तक मोबाइल को छुएंगे भी नहीं।

घूमने जाता तो साथ थोड़े ही ले जाता? मैं कुतर्क को उतर आया था। फिर तनिक संभल कर बोला, सिटी एप पर लोकल न्यूज देख लेता हूं।

पहला समाचार पढते ही बेसाख्ता निकला, शाबाश! बहादुरों।

क्या फिर कोई सर्जिकल स्ट्राइक हो गया है? अर्द्धांगिनी ने जिज्ञासा जतायी।

नहीं। चोरों ने शहर में चार जगह चोरियां की और एक जगह ए.टी.एम. तोडा है। पुलिस के अनुसार रात के तीन से पांच बजे के दरम्यान ये सब हुआ।

अरे...इसमें बहादुरी की क्या बात हुई, भला? बेटरहॉफ, बेटर खुलासा चाह रही थी। मैं बोला, मैडम! चुहाते कोहरे की धुंधयायी रात में, जब शीत लहर तीखे नश्तर की माफिक बदन को भेदे जा रही हो, उस समय ठंड से अकड़ी अंगुलियों से सर्द पाइप को पकड़ कर मंजिल-दर-मंजिल चढना। बे आवाज रोशनदान या खिड़की काटना। दरवाजों के ताले तोड़ना अथवा सेंध लगाना। दुकानों की शटर या एटीएम को काटना-मोड़ना-तोड़ना। किसी की नींद में खलल नहीं डालते हुए पहरेदारों, पुलिस और कुत्तों से बचते हुए, मंद प्रकाश में कीमती सामान बटोर कर उसी मार्ग से हवा हो जाना, कोई कम बूते की बात है? और इनका नए साल का संकल्प तो देखो कि पिछले साल चोरी का औसत तीन चोरियां प्रतिदिन रहा लेकिन नए वर्ष का आगाज होते ही दो पायदान चढ गए हैं, पठ्ठे!

इसके बात दूसरी न्यूज बलात्कार की थी। उसे पढकर मैंने टिप्पणी की, वाह! यह हुई, मर्दानगी।

अब, किसने मर्दानगी दिखा दी?

डीयर! कल रात एक बलात्कार भी हो गया, शहर में।

कैसे आदमी हो ऐसी खबरों पर आनंदित हो रहे हो?

हौंसले की बात है, मैडम! हमसे दूसरी रजाई में नहीं घुसा जाता और ये घोर शीत में दूसरे के घरों में जा घुसते हैं। धत्त...बोलकर बीवी ने चाय का ट्रे उठाते हुए कहा, ये निगेटिव समाचार पढना छोड़ो। रजाई भी छोड़ो और फिर से घुसे तो खैर नहीं।

खैर, अपन शौचालय को चले। कब्ज तथा बबासीर से सदा की भांति पीड़ा दी। जब हम ही नहीं बदले तो शरीर ने भांग थोड़े ही खायी है, जो बदल ले। खुद को बदलने का ख्याल छोड़ बाहर आए कि देखें नए साल में जग में कुछ बदला? सूर्यदेव पिछले वर्ष की भांति कोहरे में लिपटे हुए आराम फरमा रहे थे। पवन देव विगत वर्ष की तरह सन्ना रहे थे। पांचवे मकान में सास-बहू की रार का शाश्वत संवाद चल रहा था और उसका पूरे मोहल्ले में ब्रॉड-कॉस्ट हो रहा था। कचरा संग्रह करने वाली पिक-अप तीन दिन की तरह आज भी नदारद थी। दाएं पड़ौसी ने अपना कचरा प्रेमपूर्वक मेरे द्वार के आगे सरका दिया था लेकिन मैं उसे आगे नहीं ठेल सकता था क्योंकि बाएं वाले ने सदा की तरह अपनी कार को इस कदर स्नान कराया कि मेरे घर के आगे एक लघु तालाब बन गया था। कहीं कुछ नहीं बदला, बस कलैंडर बदला है। जब हम ही नहीं बदले तो जमाने से उम्मीद बेमानी है, यह सोचकर अपन पुनः रजाई शरणम् गच्छामि हो गए।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क -9414045857)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मानव तस्करी में लिप्त आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

मीरजापुर। मानव तस्करी करने वाले गैंग का पुलिस ने पदार्फाश कर गैंग से सम्बन्धित 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर बिक्री किये गये बालक सकुशल बरामद किया। थाना चुनार मीरजापुर पर 02 जनवरी 2023 को थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाले नामजद आरोपियों के विरूद्ध षड़यंत्र के तहत नौकरी दिलाने के नाम पर जनपद आगरा ले जाकर खरीद-फरोख्त करने व मारपीट करने तथा वादिनी के 2 वर्षीय पुत्र को बेच देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मुकदमां पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।



पत्रकार वार्ता में खुलासा करते एसपी

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा मानव तस्करी से सम्बन्धित उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में टीमें गठित कर यथाशीघ्र बालक की बरामदगी व घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये। गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महेश सिंह अत्री व क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुए भौतिक व इलेक्ट्रानिक/सर्विलांस साक्ष्यों के आधार पर बिक्री किये 2 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद करते हुए मानव तस्करी की घटना में संलिप्त 06 अभियुक्त/अभियुक्ता ऊषा गोड पत्नी संजय गोड, रामबाबू सोनकर पुत्र लच्छू सोनकर, नीतू सोनकर पत्नी रामबाबू निवासीगण काशीराम आवास कस्बा चुनार थाना चुनार मीरजापुर व वीरपाल पुत्र रामवीर निवासी नगला बुर्ज रोनकता थाना सिकन्दरपुर आगरा, सुधा सिंह सिसोदिया पत्नी वीरपाल निवासिनी श्री जी हास्पिटल त्रिदेव बिहार थाना ट्रान्सयमुना आगरा, परम सिंह पुत्र दुर्जन सिंह निवासी कलेक्टरी बिहार थाना ट्रान्सयमुना जनपद आगरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता के कब्जे घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल तथा ऊषा एवं रामबाबू के कब्जे से बालक की ब्रिक्री से प्राप्त धनराशि 25 हजार बरामद किया गया। अभियुक्ता सुधा सिंह के कब्जे से क्रय किया हुआ 2 वर्षीय बालक बरामद किया गया। थाना चुनार पर पंजीकृत उक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता को जेल भेजा जा रहा है।

# महिला का आपत्तिजनक फोटो वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार



खुलासा करते एसपी सिटी

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो वायरल करने व धमकी देने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को. शहर, मीरजापुर पर 03 जनवरी 2023 को थाना को शहर क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने साथ नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो वनाकर वायरल करने व धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्त के विरुद्ध धारा 328,506 भा0द0वि0, व 66 ई. आईटी एक्ट बनाम प्रमेश उर्फ दीपू पाठक के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को. शहर को निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर नामजद आरोपी प्रमेश उर्फ दीपू पाठक पुत्र रंगनाथ पाठक निवासी झिलवर बीजर थाना जिगना मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# अधिवक्ता चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

जनसंदेश न्यूज

**गहमागहमी**

### अध्यक्ष व सचिव पद पर आज होगा चुनाव

लालगंज। विन्ध्य युवा अधिवक्ता समिति के नए वर्ष 2023 के कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव के पद पर आमने-सामने सीधा मुकाबला होगा। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। 6 जनवरी को मतदान एवं उसी दिन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

अध्यक्ष पद हेतु अखिलेश कुमार मिश्रा व आनंद प्रताप सिंह के बीच सीधा मुकाबला होगा। वही सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य व सुरेंद्र प्रताप सिंह के बीच कांटे की टक्कर होगी। शेष सभी पद निर्विरोध निर्वाचित किए गए। उपाध्यक्ष पद से राजेश कुमार जयसवाल, एवं संयुक्त सचिव पद से राजेश कुमार गुप्ता, एवं पुस्तकालय पद से प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर पद से राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए वही कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलामे रसूल, जनार्दन प्रसाद मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, शरद कुमार मौर्य, नित्यानंद मौर्य, सुनील कुमार पाल, बृजेश कुमार मिश्रा,को बनाया गया।

इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे व सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया। अध्यक्ष एवं सचिव पद से दो-दो उम्मीदवार आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। लड़ाई रोमांचक बनी हुई है। अध्यक्ष एवं सचिव पद के दावेदार सभी अधिवक्ताओं के घर दस्तक दे रहे हैं और अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

# पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत



घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस।

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

### युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

हलिया। हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित विद्युत उपकेंद्र से सौ मीटर आगे हलिया में बुधवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब अनियंत्रित पिकप के धक्के से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हलिया थाना क्षेत्र के बिमौरी गांव निवासी तिलक का 35 वर्षीय दामाद सोनू उर्फ कूट्टू निवासी अमराज थाना क्षेत्र जिला कानपुर अपने ससुराल बिमौरी गांव में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ तीन वर्ष से रहकर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता था। बुधवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब बिमौरी से हलिया बाजार बाइक से जा रहा था जैसे ही पावर हाउस से सौ मीटर आगे बढ़ा कि सामने से आ रहे पिकप वाहन ने अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिकप चालक धक्का मारने के बाद मौके से भाग निकला।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एस आई विजय यादव ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गए। सूचना पाकर मृत बाइक सवार की पत्नी प्रमिला भी रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गई। मृतक को दो पुत्र हैं।

परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एस आई विजय यादव ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। फरार पिकप चालक का पता लगाया जा रहा है।

## उपचार के दौरान घायल की मौत

**साथी का ट्रामा सेंटर में चल रहा है उपचार**

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लालगंज दीपनगर मार्ग पर बुधवार की रात कठवार गांव में खड़े ट्रक में बाइक टकराकराने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। एक घायल का ट्रमासेंटर में उपचार चल रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी 22 वर्षीय अर्जुन पुत्र माधव सिंह अपने एक अनाम साथी के साथ बुधवार की रात सात बजे बाइक द्वारा दुबार कला से लालगंज खजूरी वापस आते समय कठवार गांव में खड़ी ट्रक में पीछे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। दोनों घायलों का बेहतर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा ट्रामासेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान युवक अर्जुन सिंह की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रामासेंटर में एक घायल का उपचार चल रहा है।

# जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारम्भ

मीरजापुर। शासन के निर्देश के क्रम में गुरुवार से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ बथुआ स्थित आईटीआई कालेज के सभागार में सांसद राज्यसभा राम सकल, विधायक सदर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी., डीएम दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।



मौजूद लोगों को संबोधित करतीं डीएम।

तदुपरान्त जन प्रतिनधि व अधिकारियों के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान से सम्बन्धित वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मा. सांसद राज्यसभा अरूण सिंह के प्रतिनिधि धंनजय पाण्डेय के अलावा अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में आईटीआई कालेज के छात्रों के द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से अभिवादन किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, आरटीओ संतोष कुमार सिंह, विजय प्रकाश सिंह, राजकुमार पीटीओ एवं पुष्पेन्द्र सिंह आरआई के द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि धैर्य एवं धीरज के साथ वाहन चलाने हेतु सभी लोग अपनी जिम्मेदारी मानते हुये दूसरो को भी नियंत्रित स्पीड व ट्रैफिक नियमों के अनुसार वाहन चलाने हेतु प्रेरित करें। सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिये अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम पर बल देते हुये कहा कि जीवन सुरक्षा से सम्बन्धित गोष्ठियों को आयोजित कर लोगो को नियमों बारे में बताया जाय। उन्होने कहा कि दुघर्टना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पतालों में पहुॅचाना सभी व्यक्ति का कर्तव्य है कही भी दुघर्टना होती है और कोई भी व्यक्ति उधर गुजर रहा हो तो दुघर्टना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुॅचाया ताकि उसके जीवन को बचाया जा सकें। मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने कहा कि दुघर्टना होने पर प्रत्येक व्यक्ति का यह मानव धर्म है वे उसे नजदीकी अस्पताल पहुॅचाये ताकि उसका प्राथमिक उपचार किया जा सकें। डीएम दिव्या मित्तल ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वंय की सुरक्षा के लिये सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग आवश्यक हैं। अपने प्रति स्वंय की जिम्मेदारी समझे ट्रैफिक नियमों का पालन करे तो निश्चित रूप से दुघर्टनाओं से होने वाली मृत्यु दर को रोका जा सकें। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य इसके प्रति लोगो को जागरूक किया जाना हैं। उन्होने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है इनके सुधरने से पूरा देश सुधरेगा। मौके पर अपर डीएम वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, जिला कमाण्डेड होमगार्ड बी.के. सिंह के अलावा मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अपर डीएम ने रात्रि में भ्रमण कर रैन बसेरा का किया निरीक्षण



देर रात अलाव का निरीक्षण करते एडीएम वित्त

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार की रात्रि में नगर पालिका परिषद, मीरजापुर में भ्रमण कर रैन बसेरा व अलाव जलाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने रैन बसेरा बस अड्डा रोडवेज परिसर निरीक्षण के समय रैन बसेरा के केयरटेकर उपस्थित रहें। यहाँ पर कुल 40 लोगों के रूकने के लिए रजाई गद्दे, अलाव, पेयजल व सेनेटाइजर की व्यवस्था समुचित पायी गयी।

अलाव के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद, मीरजापुर अन्तर्गत वार्ड रमईपट्टी, अस्पताल, घण्टाघर व रोजवेज पर अलाव जलता हुआ पाया गया। भ्रमण के दौरान यह भी पाया गया कि त्रिमुहानी, तहसील तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा कचहरी पर भी अलाव जलाये जाने की आवश्यकता है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त स्थलों पर भी अलाव जलवाकर फोटोग्राफ व्हासएप के माध्यम से सायं तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# कूड़ा संग्रह केंद्र का शुरू हुआ निर्माण



कूड़ा सग्रह के कार्य का निरीक्षण करतीं सचिव व प्रधान प्रतिनिधि।

जिगना। विकासखंड छानबे में मॉडल गांव में चयनित विजयपुर ग्राम पंचायत की मोर्चा पहाड़ी पर गुरुवार को कूडा संग्रह केद्र का लेआउट के साथ-साथ समतलीकरण व खुदाई का कार्य शुरू करा दिया गया है। प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल के द्वारा बताया गया कि ठोस तरल व अवशिष्ट प्रबंधन के लिए इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह के द्वारा यह बताया गया कि कूड़ा संग्रह के लिए ई रिक्शा ठेला गाड़ी के खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।

कूड़ा उठाने के लिए गांव के ही व्यक्ति का चयन किया जाएगा। प्रत्येक घर से कनेक्शन चार्ज लेकर कर कार्य कर रहे कर्मचारी को दिया जाएगा। ग्राम प्रधान और सचिव ने यह भी बताया कि विजयपुर ग्राम पंचायत में इसका बनना अति आवश्यक था क्योंकि ग्राम पंचायत बड़ा व घनी बस्ती होने के कारण एकत्रित हुए अप बिष्ट पदार्थ को पहाड़ पर ले जाकर खाद आदि चीजें बनाई जाएंगी और बस्ती को साफ सुथरा रखने में सहायक होगा। इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क को ब्लॉक कर की जा रही है खोदाई आवागमन हफ्तों से बाधित

जिगना। जिगना मिश्रपुर रोड से संपर्क मार्ग रोड रामपुर औता प्रधानमंत्री रोड को हर घर जल योजना के तहत सड़क के बगल ठेकेदार द्वारा मनमानी तौर पर गड्ढा खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरे सड़क को ब्लॉक कर दिया गया है। रोड पर केवल दो पहिया वाहन ही चल सकते हैं। इस रोड से कम से कम 10 गांव के लोगों का आवागमन होता है। खुदा ना खास्ता इस ठंड के मौसम में किसी की तबीयत खराब हो जाए तो उसे चारपाई पर ही लिटा कर मेन रोड तक लाया जायेगा। इस समय खुदाई करना रोड को ब्लॉक कर देना ठीक नहीं इसको लेकर रामपुर हंस वार के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्या सरोज उर्फ साहब सरोज, ग्रामीण राजमणि बिंद, सुरेंदर बिंद, देवीशंकर, विंध्यवासिनी ने नाराजगी जाहिर की है। तथा खोदे गए गड्ढे को तत्काल पाटकर आवागमन चालू करने की मांग की है।

# वन संपदा की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर होगी कार्रवाई

हलिया। हलिया वन रेंज के दिघिया पौधशाला व हर्रा डाक बंगला का गुरुवार को वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव प्रभाग मीरजापुर (वार्डेन) अरविन्द कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर रेंजर तथा मौजूद वन कर्मियों को वनों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



जंगल में जांच करते वार्डेन।

वार्डेन ने रेंज के दिघिया कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का निरीक्षण करने के बाद परिसर में स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया और रेंजर राम नारायण को आगामी पौधारोपण के लिए पौधों को तैयार कराने का निर्देश दिया। इसके बाद वार्डेन ने हर्रा डाक बंगला का निरीक्षण कर जर्जर हो चुके डाक बंगला के मरम्मत कार्य हेतु रेंजर को स्टीमेट बनाकर विभाग को भेजने के लिए कहा। वार्डेन ने वनसेंचुरी क्षेत्र में जोड़ी गई पत्थर की दीवार गायब होने गिट्टी तुड़ान तथा वन भूमि पर कब्जा कर खेती किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा में तैनात वनकर्मियों को आड़े हाथों लिया और लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। गिट्टी तुड़ान में शामिल मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए रेंजर को निर्देश दिया। रेंजर को वन तथा वन संपदा की सुरक्षा में किसी तरह से भी कोताही नही बरतने के लिए हिदायत दी। इस संबंध में वार्डेन अरविन्द कुमार ने बताया कि सेंचुरी क्षेत्र के भुअरी वन क्षेत्र में चहारदीवारी के पत्थरों से गिट्टी तुड़ान में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु रेंजर को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जल्द ही हलिया वन सेंचुरी क्षेत्र के भुअरी, खरिहट व परसिया वन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। राजस्व तथा वन भूमि की पैमाईश के लिए एसडीएम लालगंज से वार्ता की गई है। इस दौरान डिप्टी रेंजर टीपी सिंह, वन दरोगा राम दुलार तिवारी, अजय प्रकाश, श्रवण कुमार संत वन्यजीव रक्षक राणा प्रताप सिंह, राम दास, शीतला बख्श सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### देर रात सड़क पर निकले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट किया अलाव का सत्यापन



लालगंज। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने बुधवार की देर रात तक क्षेत्र में जलाए जा रहे अलाव का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने अलाव स्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ कर प्रतिदिन के अलाव का फीडबैक लिया। उन्होंने जिम्मेदार प्रभारी को हिदायत दिया कि किसी भी स्थिति में अलाव जलते रहना चाहिए। तहसील क्षेत्र के 24 स्थानों पर ठंड के मौसम में अलाव प्वाइंट के निरीक्षण के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा तहसील मुख्यालय बाजार लालगंज में बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के सामने, लालगंज दुबार तिराहे पर, विजयपुर मोड़ व बस्तरा तिराहे के पास जल रहे अलाव स्थल का सत्यापन किया। जहां पर अलाव जल रहा था। मौजूद ग्रामीणों से अलाव से संबंधी जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर राहगीर यात्रियों को वाहन के लिए प्रतीक्षा करते समय ठंड के मौसम में अलाव की व्यवस्था की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में अलाव जलवाए और प्रतिदिन की रिपोर्ट दें। कहा कि तहसीलदार शशांक शेखर राय हलिया क्षेत्र में अलाव का जायजा लिए हैं। सार्वजनिक स्थानों के अलावा भी अलाव जलवाया जा रहा है।

### जिले में बढ़ी गलन तो ठिठुर गए लोग, सूर्य देव का नहीं हुआ दर्शन

मीरजापुर। जिले में बीते पांच दिनों से लगातार सर्द हवाओं का कहर जारी है जिसके चलते जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ ही साथ ठहर सा गया है। लोग आग के सामने बैठने को विवश हो गए हैं हालांकि तहसील प्रशासन के द्वारा कुछ स्थानों पर अलाव भी जलाया जाने लगा है लेकिन सर्द हवाओं के चलते जहां एक ओर लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं वही श्रमिक लोग भी अपने कामों पर नहीं पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी सूर्य देव का दर्शन नहीं मिला जिससे गलन बढ़ गई। वहीं पटेवर गांव में मंत्री के आने के बावजूद लोगों को कंबल का वितरण नहीं हुआ और लोग आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कुछ लोगों को कंबल का टोकन भी तहसील प्रशासन ने दिया लेकिन चेहेतों को ही लाभ मिल सका। मड़िहान तहसील में कुल 1572 कंबल आए थे। 221 गांव के सापेक्ष में इतने कम कंबल होने के लोगों को राहत अभी तक नहीं मिल पाई। हालांकि समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा भी क्षेत्र में कंबल का वितरण किया जा रहा है।

### 70% से कम आधार नामांकन पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई

राजगढ़। स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर आहूत किया गया। मड़िहान तहसील के अंतर्गत भाग संख्या 116 से 214 बूथों पर नियुक्त बीएलओ की एक आवश्यक मीटिंग उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह के निर्देश पर बृहस्पतिवार को दोपहर विकासखंड राजगढ़ के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें सभी उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार मड़िहान बिंदु कुमार ने बताया कि फोटो सिमिलर तत्काल सभी बीएलओ द्वारा सत्यापित कर लिया जाए। चुनाव आयोग का निर्देश है कि सभी मतदाताओं का शत प्रतिशत आधार वेरीफिकेशन करना है। 9 जनवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग सभी मतदान स्थल पर नामांकित वोटरों का बिंदुवार समीक्षा करेंगे। जिस भाग संख्या का 70% से कम आधार नामांकन होगा उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में उपस्थित बीएलओ ने मानदेय बढ़ोतरी एवं मानदेय न मिलने की शिकायत किया। जिस पर नायाब तहसीलदार ने तत्काल बीएलओ के मानदेय को उनके खातों में भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संतोष कुमार मौर्या एडीओ पंचायत कृषि, बटेश्वर सिंह, बीएलओ संतोष कुमार पाठक, राजकुमार सिंह, सोमनाथ पाल, राम दुलारे, अनीता, मधुबाला, सबल सिंह, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, राधेश्याम, लक्ष्मण, धर्मराज आदि सैकड़ों बीएलओ उपस्थित रहे।

### युवक ने मारपीट व आठ हजार रुपये छिनैती का लगाया आरोप

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी चन्द्र प्रकाश ने बुधवार देर शाम थाने में तहरीर मारपीट करने व आठ हजार रुपए छिनने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया कि बुधवार शाम चार बजे हलिया से अपने घर वापस जा रहा था कि बगल के गांव निवासी युवक ने फोन कर अदवा कालोनी हथेड़ा टंकी के पास बुलाया वहां पहुंचा तो देखा कि बंजारी कलां गांव निवासी तीन युवक पहले से खड़े हैं मेरे पहुंचने पर चारों लोग घेरकर मुझे मारने पीटने लगे और जेब में रखा आठ हजार रुपए छिन लिए और बोले कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने मारपीट व रूपए छिनने वाले चारों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 25-25 हजार के इनामिया गैंगेस्टर एक्ट के दो वांछित गिरफ्तार

मीरजापुर। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 25-25 हजार के ईनामियां 02 आरोपी विनय कुमार शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा निवासी रजवाड़ा थाना सुखपुरा बलिया व संजय साहनी पुत्र बैजनाथ साहनी निवासी कोनहवा थाना दरियापुर छपरा बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### दरवाजे पर खड़ी दो बाइकों पर चोरों ने किया हाथ साफ

अदलहाट। क्षेत्र के पथरौरा गांव में बुद्धवार की देर रात्रि दरवाजे पर खड़ी दो बाइक को कुहरे और ठंड का लाभ उठाते हुए अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के पथरौरा गांव निवासी वसीम अहमद पुत्र गुलाम रसूल प्रतिदिन की भांति अपने अपाचे व स्प्लेंडर दोनों बाइकों को खड़ा कर घर में सोने चला गया। सुबह जब बाइक स्वामी सोकर उठा तो दरवाजे पर खड़ी दोनों बाइको को न देखकर हतप्रत रह गया। घर के पास पड़ोस में खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को बाइक चोरी होने की सूचना दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### कैम्प में वितरित किया गया दिव्यांग प्रमाण पत्र

जमालपुर। गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से कृत्रिम उपकरण पंजीकरण के लिये कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ट्राई साईकिल लेने के लिये 30, वैशाखी के लिये 10, व्हील चेयर के लिये 5 और कैलिपर लेने के लिये 21 लोगों ने आवेदन पत्र जमा किया। कैंप में हड्डीरोग बिशेषज्ञ डा.अनुराग पटेल, कान रोग बिशेषज्ञ डा.दीप्ति पांडेय एवं आंख बिशेषज्ञ डा.राम विमल सिंह की टीम ने 6 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया। इस दौरान एडीओ समाज कल्याण रमाकांत मिश्रा, प्रधान गुड्डू सिंह, रविशरण गुप्ता, जिला दिव्यांग विभाग से अशोक कुमार सोनकर, अखिलेश सोनकर, शैलेंद्र राना, प्रभा सिंह, दिलशन ईत्यादि लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग

मीरजापुर। मंडी चौकी क्षेत्र के बथुआ सेप्टन मिल के पास अनियंत्रित होकर ट्रक घर में घुस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गयी। बता दें कि गुरुवार की भोर में मंडी चौकी क्षेत्र के बथुआ सेप्टन मिल के पास अनियंत्रित होकर एक ट्रक घर में घुस गया जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर मंडी चौकी पुलिस को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंचकर पुलिस ट्रक चालक को पकड़कर कार्रवाई में जुट गई। संयोग अच्छा था कि कोई हानि नहीं हुई।

### किसानों को छूट पर मिल रहा है सामान

जिगना। गैपुरा कृषि बीज गोदाम के प्रभारी दिनेश सिंह ने किसानों को अवगत कराया है कि जिन किसानों को कृषि गोदाम से बखरी ड्रम लेना हो वे कृषि बीज गोदाम पर संपर्क कर 4000 की बखरी 2000 की सब्सिडी पर उपलब्ध है। किसान ले सकता है और अपने उपज के अन्न को इसमें सुरक्षित रख सकते है। इसके लिए किसान को आधार कार्ड बैंक पासबुक लाना होगा। जिससे उनके सब्सिडी के पैसे को उनके खाते में भेज दिया जाए। उन्होंने बताया कि कृषि बीज गोदाम पर कीटनाशक दवाइयां भी उपलब्ध है। जिसको अरहर और सरसों के पेड़ पर छिड़काव कर अच्छी फसल पैदा की जा सकती है।

# स्पोर्ट्स

## 'हॉकी एक ऐसा खेल है जो हर भारतीय के दिल में...', एफआईएच ने जेएसडब्ल्यू को बनाया विश्व कप का साझेदार

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आगामी ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए भारतीय कंपनी समूह जेएसडब्ल्यू को अपना वैश्विक साझेदार बनाया है। एफआईएच ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह बहुत गर्व की बात है कि हॉकी विश्व कप भारत में आयोजित हो रहा है। हॉकी एक ऐसा खेल है जो हर भारतीय के दिल में है और इसे उसी राज्य (ओडिशा) में होते हुए देखना जिसने हमारे देश में इस खेल को पुनर्जीवित किया है, इसे और भी खास बनाता है। भारत में हॉकी विश्व कप से जुड़ने का अवसर प्राप्त करना जेएसडब्ल्यू के लिये बहुत गर्व की बात है। मुझे यकीन है कि टूनार्मेंट भविष्य के हॉकी विश्व कप के लिये मानक स्थापित करेगा और वास्तव में विश्व स्तर का होगा।




# किशन और दीपक हुड्डा की आईसीसी रैंकिंग में धूम, सूर्यकुमार शीर्ष पर बरकरार

## हुड्डा 23 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाकर 40 पायदान ऊपर 97वें स्थान पर पहुंचे, जबकि किशन को शीर्ष क्रम में 37 रन की तेजतर्रार पारी का इनाम मिला

**दुबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की गुरुवार को जारी नवीनतम टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दीपक हुड्डा फिर से शीर्ष 100 में शामिल हुए। दोनों बल्लेबाज मंगलवार को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद तालिका में ऊपर की ओर बढ़े।

भारत ने इस मैच को भारत ने दो रन से जीता। हुड्डा 23 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाकर 40 पायदान ऊपर 97वें स्थान पर पहुंचे, जबकि किशन को शीर्ष क्रम में 37 रन की तेजतर्रार पारी का इनाम मिला। मुंबई में बल्ले से विफल रहने के बाद भी सूर्यकुमार यादव ने इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा। गेंदबाजों में भारत के नये टी-20 कप्तान हार्दिक पांड्या नौ स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस मैच में श्रीलंका के लिए शानदार गेंदबाजी करने वाले वानिंदु हसरंगा (22 रन पर एक विकेट) ने शीर्ष पायदान पर अपनी स्थिति और मजबूत की। पच्चीस साल के इस हरफनमौला ने बल्ले से भी 21 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में वह पांचवें पायदान पर पहुंच गये। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट (26 दिसंबर से खेला जाने वाला। में असफल होने के बावजूद मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं। रैंकिंग सूची में हालांकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, टीम के साथी स्टीव स्मिथ, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपने रेटिंग अंक बढ़ाने में सफल रहे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दोहरी शतकीय पारी खेलने वाले विलियमसन दो स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंच गये। गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन शीर्ष दो पायदान पर बने हुए है। वहीं, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा ने पहले टी20 में 22 रन देकर एक विकेट लिया था। टी20 गेंदबाजों में हसरंगा की रैंकिंग में भी सुधार आया है। हसरंगा ने भी बल्ले से तेजी से 21 रन बनाए और ऑलराउंडरों की नवीनतम सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में असफल होने के बावजूद मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं।



पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में अपना पांचवां दोहरा शतक लगाने के बाद विलियम्सन ने ताजा रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाई और पांचवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी में पैट कमिंस ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के दौरान सिर्फ एक विकेट लिया, लेकिन फिर भी इंग्लैंड के अनुभवी जेम्स एंडरसन पर 37 अंकों की बड़ी बढ़त बना ली है।

***टेस्ट रैंकिंग: बुमराह को एक स्थान का फायदा***

चोट के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे बुमराह और अश्विन को जारी टेस्ट रैंकिंग में एक-एक स्थान का फायदा हुआ। गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह तीसरे और अश्विन चौथे नंबर पर पहुंच गए। द. अफ्रीका के कगिसो रबाडा तीन स्थान के नुकसान के साथ छठे पर आ गए हैं। बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे और विलियम्सन दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें पर पहुंच गए हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महान गेंदबाज पर भद्दे मजाक के लिए इस ग्लैमरस एंकर को ऑफ-एयर किया गया, हुआ डिमोशन



ऑस्ट्रेलिया से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। ऑस्ट्रेलियाई टीवी एंकर माइली होगन को महान क्रिकेटर ग्लेन मैक्ग्रा पर भद्दे मजाक के लिए सजा भुगतनी पड़ी है। उन्हें पहले कुछ दिनों के लिए ऑफ-एयर कर दिया गया था और अब चैनल 7 के सनराइज द्वारा डिमोशन कर दिया गया है। होगन को हाल ही में मॉर्निंग शो के प्रेजेंटर के रूप में पेश किया गया था। वह ऑन-एयर टिकटॉक ट्रेंड का पालन करने की कोशिश में बुरी तरह विफल रहीं। 29 दिसंबर को एक विचित्र टिकटॉक ट्रेंड पर दिखाए गए एक सेगमेंट के बाद, जिसमें बच्चों और किशोरों को अपने माता-पिता को यह कहते हुए प्रैंक करते हुए दिखाया गया था कि उनकी कुछ पसंदीदा हस्तियां मर चुकी हैं, जबकि वास्तव में वे नहीं मरे थे, होगन ने मैक्ग्रा पर मजाक किया था। टिकटोक ट्रेंड विजुअल्स की आलोचना करने के ठीक बाद, साथी एंकर मार्क बेरेटा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा के साथ अगले सेगमेंट के बारे में बात करना शुरू कर दिया। तभी होगन ने मजाक में कहा था- ग्लेन मैक्ग्रा की मृत्यु हो गई। उनकी टिप्पणी पर वहां मौजूद लोगों में से किसी को हंसी नहीं आई और इस मजाक उनके साथी एंकर बेरेटा और एडविना बाथोलोम्यू को भी स्तब्ध कर दिया। इन दोनों ने बात घुमाने की कोशिश की। बाथोलोम्यू ने तो यहां तक कह दिया कि नहीं...यह हास्यास्पद नहीं है।

# सितंबर में होगा एशिया कप का आयोजन एक ही ग्रुप रहेंगे भारत और पाकिस्तान

## पाक एशिया कप का मूल मेजबान, लेकिन बीसीसीआई राजनीतिक तनाव के कारण वहां खेलने का इच्छुक नहीं

**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने गुरुवार को कहा कि 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाने वाला एशिया कप इस साल सितंबर में होगा, हालांकि इसके कार्यक्रम और मेजबान देश की घोषणा अभी नहीं की गई है। पाकिस्तान इस साल एशिया कप का मूल मेजबान है लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण वहां खेलने का इच्छुक नहीं है। एसीसी के अध्यक्ष और बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अक्टूबर 2022 में कहा था कि भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तत्कालीन अध्यक्ष रमीज राजा ने इसके जवाब में कहा था कि अगर भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं आया तो वह भी विश्व कप के लिए भारत नहीं जायेंगे। पीसीबी के नये अध्यक्ष नजम सेठी ने हालांकि पदभार संभालने के बाद इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



एशिया कप 2023 में छह टीमें होंगी जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और एक क्वालीफायर टीम को मौका मिलेगा। श्रीलंका एशिया कप का मौजूदा चैम्पियन है। उसने यूएई में पिछले साल टी20 प्रारूप में खेले गये टूनार्मेंट के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। भारत इस साल के अंत में एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करेगा और इसी को ध्यान में रखते हुए एशिया कप को उसी प्रारूप में आयोजित किया जाएगा।

बीसीसीआई सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने अगले दो साल के लिए कैलेंडर जारी करते हुए कहा, यह कार्यक्रम इस खेल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दशार्ता है। यह क्रिकेट के लिए अच्छा समय है। एसीसी द्वारा घोषित दो साल के चक्र (2023-2024 के बीच) के दौरान कुल 145 एकदिवसीय और टी20ई मैच खेले जाएंगे। इसमें 2023 में 75 और 2024 में 70 मैच होंगे। इसके अलावा कैलेंडर में एमर्जिंग (अंडर-23) एशिया कप की भी वापसी हुई है। इस साल जुलाई में पुरुषों के आठ टीमों के टूनार्मेंट को 50 ओवर के प्रारूप में खेला जायेगा। अगले साल दिसंबर यह टूनार्मेंट टी 20 प्रारूप में होगा। इस साल जून में होने वाला महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 प्रारूप में होगा जिसमें आठ टीमें शामिल होंगी।

## स्टीव स्मिथ ने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा




ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच सिडनी में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन चायकाल तक तीन विकेट गंवाकर 394 रन बना लिए हैं। इस मैच में स्टीव स्मिथ ने बेहतरीन शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक रहा। टेस्ट शतकों के मामले में स्मिथ ने सर डॉन ब्रैडमैन को पीछे छोड़ दिया है। ब्रैडमैन के नाम टेस्ट में 29 शतक थे।


इसके साथ ही स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे सिर्फ रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ हैं। वॉ ने 32 और पोंटिंग ने 41 शतक लगाए थे। टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भारत के सचिन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 51 शतक जड़े थे। वहीं, दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक कैलिस हैं। कैलिस ने 45 शतक लगाए थे। टेस्ट मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही थी। डेविड वॉर्नर 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

# चिंताजनक है कि भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी करीबी मुकाबले नहीं जीत रहे : आनंद अमृतराज

**पुणे।** भारत के पूर्व डेविस कप कप्तान आनंद अमृतराज इस बात से निराश हैं कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी एटीपी विश्व टूर पर करीबी मैच नहीं जीत पा रहे जबकि उनके पास अच्छा खेल है जो 'चिंताजनक' है। अमृतराज ने कहा कि विश्व टूर स्तर पर जमीनी स्ट्रोक से अधिक दबाव सोखने की क्षमता और अहम लम्हों पर सही फैसला करने की क्षमता मुकाबलों के परिणाम तय करती है और भारतीय खिलाड़ियों को इस पर काम करने की जरूरत है। देश के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने टाटा ओपन महाराष्ट्र में बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी लेकिन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। ये सभी मैच को ऐसी स्थिति तक ले गए जहां से कोई भी खिलाड़ी जीत सकता था लेकिन जरूरत पड़ने पर अंक नहीं जीत सके। दुनिया के 340वीं रैंकिंग के मुकुंद को फ्लावियो कोबोली (171वीं रैंकिंग) के खिलाफ 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा जबकि रामकुमार (435वीं रैंकिंग) दुनिया के 62वें नंबर के पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ एक सेट की बढ़त के बावजूद 6-3 5-7 3-6 से हार गए। नागल (503वीं रैंकिंग) को भी दुनिया के 54वें नंबर के फ्लिप क्राजिनोविक के खिलाफ तीन सेट में हार झेलनी पड़ी। भारत की डेविस कप टीम की 2013 और 2018 के बीच कप्तानी करने वाले अमृतराज ने कहा, मैं सुमित नागल से बहुत प्रभावित था, मुझे लगा कि उसने बहुत अच्छा खेल दिखाया। अंतिम सेट में 4-4 के स्कोर पर कुछ गलत शॉट चयन और इससे उसे मैच गंवाना पड़ा। उन्होंने कहा, मैंने मुकुंद को भी देखा, फिर से करीबी मुकाबला, 6-4 7-5, कुछ शॉट इधर-उधर होते तो नतीजा कुछ और हो सकता था। मुझे समझ नहीं आया कि हमारे लड़के जितना अच्छा खेलते हैं उसके बावजूद वे एटीपी टूर पर मैच जीतने में सक्षम नहीं हैं। वे चैलेंजर्स में अच्छा करते हैं लेकिन उन्हें बड़े टूनार्मेंटों में मैच जीतने की जरूरत है। आयोजकों ने 15 वर्षीय मानस धामने को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया और उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने मैच नहीं जीता लेकिन अमेरिकी के अनुभवी माइकल ममोह को कड़ी टक्कर दी। अमृतराज ने कहा कि धामने की हार फिर भी स्वीकार्य है लेकिन नागल और मुकुंद जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को जीतने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैच नहीं जीत पाना चिंताजनक है। 15 साल के खिलाड़ी के मामले में यह अनुभव की कमी है लेकिन सुमित नागल और मुकुंद ने टूर पर पर्याप्त मुकाबले खेले हैं। अमृतराज ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का बार-बार चोटिल होना भी अच्छा संकेत नहीं है। नवंबर 2021 में नागल की कूल्हे की सर्जरी हुई और वह लगभग चार महीने बाहर रहे। जब उन्होंने प्रतिस्पर्धा शुरू की तो पहले दौर के 11 मैच हार गए और शीर्ष 500 से बाहर हो गए। मुकुंद को पीठ की समस्या पहले भी परेशान कर रही थी और उन्होंने 2019 में पैर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से भी नाम वापस ले लिया था। युकी भांबरी और प्रजनेश गुणेश्वरन भी चोटों के कारण अपने-अपने करियर में महत्वपूर्ण समय गंवा बैठे। अमृतराज ने कहा, मुकुंद 25 साल का है। सुमित भी लगभग इतनी ही उम्र का है। इस उम्र में सबसे पहली बात यह है कि आप फिट रहें। आजकल इन छोटे बच्चों को कितनी चोटें लग रही हैं, मैं हैरान हूं।उन्होंने कहा, हमारी पीढ़ी में यह शायद ही कभी हुआ हो। अब आप युकी को देखें, वह ज्यादा नहीं खेला है, वह भाग्यशाली था कि वह चोट से वापसी कर पाया और खेला।



## उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ की शतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाया दबदबा, बने कई रिकॉर्ड



**सिडनी।** उस्मान ख्वाजा और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की शतकीय पारियों के अलावा तीसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 475 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ख्वाजा 368 गेंद में 19 चौके और एक छक्का लगाकर 195 रन पर नाबाद है। टेस्ट में यह उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। स्टीव स्मिथ ने 192 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक है और वह इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। इस तरह से स्मिथ ने पूर्व दिग्गज डॉन ब्रेडमैन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने टेस्ट में 29 शतक ठोके थे। यह स्मिथ का इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट का ओवरऑल 42वां शतक है। इन दोनों के अलावा मार्नस लाबुशेन (79) और ट्रेविस हेड (70) ने भी अर्धशतक लगाएं, जिससे श्रृंखला में 2-0 की बढ़त लेने वाली टीम का दबदबा इस मैच में भी कायम है। बारिश और खराब रोशनी के कारण मैच को कई बार रोकना पड़ा। ख्वाजा ने लंच से पहले अपना शतक पूरा किया। इस मैदान पर यह उनकी लगातार तीसरी शतकीय पारी है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 174 रन था जो 2015 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिसबेन में आया था। उन्हें हालांकि 119 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला जब एनरिच नॉर्किया ने गली में उनका कैच टपका दिया।

# डबल सेंचुरी, दो वर्ल्ड कप...सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में लगी बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा, फोटो देखकर रह जाएंगे हैरान

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के द्वारा दिग्गज महिला खिलाड़ी बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में स्थापित की गई है। यह किसी भी महिला क्रिकेटर को दिया जाने वाला बड़ा सम्मान है। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के बीच खेले जा रहे आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया है। वह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिनकी प्रतिमा स्टेडियम में स्थापित की गई है। साल 2021 में 73 क्रिकेटरों की मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की गई थी। बेलिंडा क्लार्क 15वीं क्रिकेटर हैं, जिनकी सिडनी क्रिकेट ग्राउंड प्रतिमा परियोजना के तहत मूर्ति लगाई गई है। उनकी मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध मूर्तिकार कैथी वीजमैन ने बनाई है। बेलिंडा क्लार्क ऑस्ट्रेलिया की तीसरी महिला खिलाड़ी भी हैं, जिनकी मूर्ति लगाई है। बेलिंडा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कहा, 'मैं अपनी प्रतिमा लगाए जाने से उत्साहित हूं। इसे जब लोग देखेंगे तो मुझे याद करेंगे और लोग जानेंगे कि मैं कौन हू और मेरे यहां की सफर की कहानी क्या है। उन्हें मेरे यहां तक के सफर में आई चुनौतियों और संघर्षों के बारे में पता चलेगा और वह प्रेरित होंगे कि कैसे चुनौतियों और रास्ते में बाधाओं और रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मैं चाहती हू कि लोग अपने आस-पास के अच्छे लोगों से सीखें कि कैसे अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। मैं खेल को लेकर मिले इस सम्मान से खुश हू।' बेलिंडा क्लार्क ने 1991 में क्रिकेट में डेब्यू किया था। 23 साल की उम्र में वह ऑस्ट्रेलिया की कप्तान बनीं। वह 12 साल तक कप्तान रहीं। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने दो बार (1997 और 2005) वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। वनडे वर्ल्ड कप में सबसे पहले दोहरा शतक बेलिंडा क्लार्क के नाम है। 1997 महिला वर्ल्ड कप के दौरान बेलिंडा ने डेनमार्क के खिलाफ खेले गए मैच में 55 गेंदों में 229 रनों की पारी खेली थी। बेलिंडा को साल 1998 में विजडन अवॉर्ड भी मिला था। वह विमेंस ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट की उएड भी रहीं। क्लार्क ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने 118 वनडे मैचों में 4,844 रन- और 15 टेस्ट मैचों में 919 रन बनाए बनाए हैं। आपको बता दें कि सचिन तेंदुलकर ने 13 साल बाद 2010 में ग्वालियर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में 147 गेंदों पर 200 रन पूरे किए थे। बेलिंडा क्लार्क ने 2005 में सन्यास ले लिया था।



## हॉकी विश्व कप जीतने पर हर भारतीय खिलाड़ी को मिलेगा एक करोड़ रुपये का पुरस्कार: नवीन पटनायक



**भुवनेशवर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम के हर खिलाड़ी एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की गुरुवार को घोषणा की। राउरकेला के दौरे पर आये पटनायक ने बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम परिसर में विश्व कप गांव का भी उद्घाटन किया। विश्व कप गांव को रिकॉर्ड नौ महीने के अंदर तैयार किया गया है। इसमें हॉकी विश्व कप के स्तर के अनुरूप सभी सुविधाओं के साथ 225 कमरे हैं। विश्व कप गांव में आगामी हॉकी विश्व कप की टीमें और अधिकारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्व कप गांव में ठहरी राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम से बातचीत की। पटनायक ने कहा, अगर हमारा देश विश्व कप जीतता है तो भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। मैं टीम इंडिया को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे चैंपियन बनकर उभरें। खिलाड़ियों ने यहां हॉकी के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए ओडिशा सरकार की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस मौके पर ओडिशा के खेल मंत्री टीके बेहरा, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ कई और अधिकारी मौजूद थे।

# राम मंदिर तैयार होने की तारीख आ गई: अमित शाह ने कहा- राहुल गांधी नोट कर लें 1 जनवरी 2024 को बन जाएगा रामलला का मंदिर

## त्रिपुरा के धर्मनगर में रथ यात्रा को दिखाई हरी झंडी, त्रिपुरा में इस साल मार्च में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित, शाह बोले- प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों का अपार प्रेम और विश्वास स्पष्ट संकेत देता है कि भाजपा त्रिपुरा में फिर से सरकार बनाएगी



**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में भाजपा की जन विश्वास यात्रा की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तारीख का ऐलान किया है। उन्होंने कहा- 1 जनवरी 2024 तक मंदिर तैयार हो जाएगा। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों से टिकट बुक कराने के लिए भी कहा।

अमित शाह बोले- 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान में भाजपा का अध्यक्ष था और राहुल बाबा कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे रोज पूछते थे- मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। तो राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो 1 जनवरी 2024 को अयोध्या में गगनचुंबी राम मंदिर आपको तैयार मिलेगा। सिर्फ राम मंदिर नहीं, एकाध साल दो साल जाने दीजिए मां त्रिपुर सुंदरी का मंदिर भी ऐसा भव्य बनेगा कि पूरी दुनिया यहां देखने आएगी। काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बनाया, महाकाल का कॉरिडोर बनाया। सोमनाथ और अंबा जी का मंदिर सोने का हो रहा है। मां विंध्यवासिनी का मंदिर नया बन रहा है।

त्रिपुरा के धर्मनगर में भाजपा की रथ यात्रा को गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह ने दिखाई हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। त्रिपुरा में इस साल मार्च में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। रथ यात्रा का समापन 8 दिन बाद 12 जनवरी को होगा। इसे भाजपा ने जन विश्वास यात्रा का नाम दिया है, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा की इस रथ यात्रा का समापन 12 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में होगा। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद का सफाया कर दिया है और पूर्वोत्तर राज्य में चहुंमुखी विकास किया है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का अपार प्रेम और विश्वास स्पष्ट संकेत देता है कि भाजपा त्रिपुरा में फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमने एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) के साथ शांति वार्ता के जरिए आतंकवाद का अंत किया है और राज्य में आंतरिक रूप से विस्थापित ब्रू को फिर से बसाया है। गृह मंत्री आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने के उद्देश्य से दो भाजपा रथ यात्राओं को हरी झंडी दिखाने के लिए त्रिपुरा में हैं। शाह ने कहा कि त्रिपुरा, जो कभी मादक पदार्थों की तस्करी, हिंसा और बड़े पैमाने पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के लिए जाना जाता था, अब विकास, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, खेल में उपलब्धियों, बढ़ते निवेश और जैविक कृषि गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

## दिल्ली में सबसे सर्द सुबह पारा 3 डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में 5 जनवरी न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 6:10 बजे यह 3.2 और 6:10 से 8:30 के बीच 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. राजधानी में यह इस मौसम का सबसे न्यूनतम तापमान है। इससे पहले बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कोहरे की चादर में लिपटी राजधानी दिल्ली धर्मशाला, नैनीताल और देहरादून से भी ज्यादा ठंडी हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिनों तक उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति जारी रहेगी। इसके बाद इसकी तीव्रता कुछ कम हो जाएगी। इसके साथ ही अगले 2-3 दिनों तक उत्तराखंड, दक्षिण मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की बारिश की संभावना है। इसके अलावा 2-3 दिनों के दौरान उत्तराखंड और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में भी घना कोहरा छाया रह सकता है।

## पवन सिंह पर लगाए कॉम्प्रोमाइज के आरोपों से पलटीं यामिनी सिंह, खबरों को बताया बकवास



**मुंबई।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह पर हाल ही में अभिनेत्री यामिनी सिंह ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि फिल्म के सेट पर पवन सिंह ने उन्हें गंदा काम करने और उनके साथ समझौता करने के लिए कहा था। अब पवन सिंह पर लगाए इन आरोपों को अभिनेत्री ने खारिज कर दिया है और अपने इन आरोपों को लेकर सफाई दी है। यामिनी सिंह ने मीडिया में चल रही खबरों को बकवास बताया और पवन सिंह का नाम लिए बिना ही कहा कि उन्होंने कभी कॉम्प्रोमाइज करने के लिए नहीं कहा था।

दरअसल, अभिनेत्री यामिनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो साझा किया। इसी वीडियो में उन्होंने कहा कि मैंने इंटरव्यू में फिल्म 'बॉस' को छोड़ने को लेकर बात की थी। मैंने कॉम्प्रोमाइज जैसा कुछ भी नहीं बोला था। मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया है। मैंने कहा था कि उस फिल्म के कुछ स्टाफ ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। मैंने उनका (पवन सिंह) नाम नहीं लिया था। मुझे रात को नौ बजे कॉल करके कहा गया कि चल ऑटो पकड़ और शूट पर आजा...तो मुझे यह बर्ताव पसंद नहीं आया और मैंने खुद वह फिल्म छोड़ दी।

## खास खबर

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह पठानिया चुने गए हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष

धर्मशाला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पांच बार के विधायक कुलदीप सिंह पठानिया को बृहस्पतिवार को ध्वनिमत के जरिए सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए। चंबा जिले के भटियात के विधायक पठानिया का चुना जाना तय था, क्योंकि पद के लिए कोई और उम्मीदवार मैदान में नहीं था। पठानिया ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया था। पठानिया ने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा सचिव यशपाल को अपना नामांकन पत्र सौंपा था। पठानिया 1985, 1993, 2003, 2007 और 2022 में विधानसभा के सदस्य चुने गए। 1993 और 2003 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था।

### मोदी ने मुरली मनोहर जोशी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को बृहस्पतिवार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। जोशी 89वर्ष के हो गए। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, "डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक अच्छे विद्वान और प्रतिष्ठित राजनेता, सेवा, शिक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के प्रति उनका जुनून अनुकरणीय है।

### सपा मीडिया सेल पर अश्लील कमेंट करने का आरोप, दी तहरीर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का मीडिया सेल लगातार सुर्खियों में बना रहता है। सूत्रों के अनुसार आज एक महिला ने हजरतगंज थाने में सपा के मीडिया सेल के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सपा मीडिया सेल से ट्वीट के जरिए लगातार धमकी मिल रही है।

# 'जेल से बाहर निकलकर सब को देख लूंगा'

## सत्येंद्र जैन पर अधिकारियों ने लगाया आरोप, दर्ज कराई शिकायत



**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल के शीर्ष अधिकारियों ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन पर उन्हें धमकी देने और डराने का आरोप लगाया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अधिकारियों ने इस संबंध में महानिदेशक (जेल) को शिकायत दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन मामले में पिछले साल गिरफ्तार किए गए जैन तब से जेल में हैं। जेल में मालिश कराते और आगंतुकों से मिलने के उनके कथित वीडियो ने काफी विवाद खड़ा किया था। इस दौरान विपक्ष ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाए जाने की भी मांग की थी। सूत्रों ने बताया कि तिहाड़ जेल के अतिरिक्त महानिरीक्षक, जेल संख्या-7 के अधीक्षक, उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक और विधि अधिकारी ने महानिदेशक (जेल) को शिकायत दी कि जैन ने उन्हें अपशब्द बोले हैं और जेल से बाहर निकलने के बाद अंजाम भुगतने की धमकी दी हैं। एक सूत्र ने बताया, "जैन इन अधिकारियों व अन्य को खुलेआम धमकाते रहे हैं जो उन्हें मालिश कराने, बाहर का खाना खाने और अन्य विशेष सुविधाएं लेने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।" सूत्र ने बताया कि दो अधिकारियों ने आठ दिसंबर 2022 को हुई एक घटना के संबंध में जैन के खिलाफ शिकायत दी। उन्होंने दावा किया कि जब वे डीपीआर, 2018 के नियम 1,272 के अनुसार जैन को कारण बताओ नोटिस देने गए तो जैन ने धमकाया। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) या दिल्ली सरकार की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## अंडमान: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर

**पोर्ट ब्लेयर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अंडमान एवं निकोबार कमांड (एएनसी) की परिचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को पोर्ट ब्लेयर पहुंचेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय अंडमान दौरे के दौरान राजनाथ अंडमान एवं निकोबार कमांड के 16वें कमांडर-इन-चीफ (सीआईएनसीएएन) लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे, ताकि उन्हें समग्र परिचालन स्थिति के बारे में जानकारी मिल सके। केंद्रीय मंत्री का दोपहर करीब डेढ़ बजे पोर्ट ब्लेयर पहुंचने का कार्यक्रम है। अधिकारियों के अनुसार, राजनाथ के यात्रा कार्यक्रम में ग्रेट निकोबार द्वीप स्थित कैंपबेल बेल पर सैन्य निगरानी शामिल है, जहां पर नौसैनिक हवाई अड्डा आईएनएस बाज स्थित है। उन्होंने बताया कि चुनौतियों से निपटने की आईएनएस बाज की क्षमताओं का जायजा लेने के लिए रक्षा मंत्री ने खुद निजी तौर पर इस नौसैनिक हवाई अड्डा का दौरा करने की इच्छा जताई थी। अधिकारियों के मुताबिक, राजनाथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप पर और उसके आसपास तैनात जवानों से संवाद भी करेंगे।

# वंदे भारत कुछ नहीं, बस पुरानी ट्रेन में नया इंजन इस पर पत्थरबाजी बंगाल नहीं बिहार में हुई

## वंदे भारत ट्रेन के बहाने ममता बनर्जी का तंज, वंदे भारत पर दो बार हो चुका है पथराव



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को वंदे भारत ट्रेन के बहाने केंद्र सरकार पर जमकर तंज कसे। ममता ने कहा कि वंदे भारत में कुछ भी विशेष नहीं। यह बस एक पुरानी ट्रेन है, जिसमें नया इंजन लगाकर इसे नए जैसा बनाया गया है। उन्होंने वंदे भारत पर लगातार दो दिन हुई पत्थरबाजी के मामले में भी जवाब दिया और कहा कि गलत जानकारी फैलाने वालों पर उनकी सरकार कार्रवाई करेगी। ममता ने कहा कि वंदे भारत पर पत्थरबाजी पश्चिम बंगाल में नहीं, बल्कि बिहार में हुई थी। उन्होंने कहा कि वे घटना के बंगाल में होने का दावा कर 'झूठ फैलाने' वाले मीडिया संस्थानों पर कार्रवाई करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी गलत जानकारी से राज्य की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में पिछले हफ्ते लगातार दो बार वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की खबरें सामने आई थीं। आरपीएफ के मुताबिक, दूसरी घटना में पथराव के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच सी3 और सी6 के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। दावा किया गया था कि दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा क्षेत्र के पास ट्रेन के न्यू जलपाईगुड़ी की ओर बढ़ने के दौरान खिड़कियां क्षतिग्रस्त पाई गईं।

वहीं, इससे पहले पश्चिम बंगाल में शुरू होने के दूसरे ही दिन वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई थी। जानकारी के मुताबिक, यह घटना हावड़ा और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर मालदा के कुमारगंज स्टेशन के पास हुई, जब कुछ अराजक तत्वों ने ट्रेन पर पथराव किया। इस पत्थरबाजी में वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच नंबर-13 की खिड़की के शीशे में दरार आ गई। भाजपा ने इस मामले में एनआईए जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि ममता बनर्जी लगातार दो दिन तक गंगासागर में रहीं। उन्होंने बुधवार को ही कपिल मुनि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ने गंगासागर मेले के लिए राष्ट्रीय दर्जे की मांग भी उठाई। उन्होंने तीन हेलीपैड का उद्घाटन भी किया।

ममता बनर्जी ने मांग की है कि केंद्र राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले को राष्ट्रीय दर्जा दे। उन्होंने यह भी कहा कि तीर्थयात्रियों को सागर द्वीप तक आसानी से पहुंचने में मदद करने के लिए मुरी गंगा नदी पर एक पुल बनाने के उनके बार-बार के अनुरोध पर केंद्र ने कोई ध्यान नहीं दिया है। अब उनकी सरकार इसके निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुंभ मेले के लिए भारी धनराशि प्रदान कर रही है, लेकिन वह गंगासागर मेले को कुछ भी उपलब्ध नहीं करा रही है। यही कारण है कि मैं उनसे इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करने का अनुरोध करूंगी, ताकि हमें कुछ निधि मिल सके।

मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर डुबकी लगाने के लिए देशभर के लाखों श्रद्धालु सागर द्वीप पहुंचते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के बीच पिछले साल जहां 15.5 लाख तीर्थयात्री गंगासागर मेले में आए थे, वहीं इस साल 8 से 16 जनवरी के बीच आयोजित मेले में यह संख्या बढ़कर 60 से 70 लाख तक पहुंच सकती है।

# 'मध्यप्रदेश में कांग्रेस फिर बनाएगी सरकार' : कमलनाथ का दावा

## प्रदेश का युवा बेरोजगार है और किसान खाद के लिये परेशान



**सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनायेगी। कमलनाथ ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य की जनता, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से खुश नही है लिहाजा वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनायेगी।

कमलनाथ ने पूर्व बसपा सांसद सुखलाल कुशवाहा की जयंती पर आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में शामिल होने आये थे। कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि प्रदेश का युवा बेरोजगार है और किसान खाद के लिये परेशान है, शिवराज सरकार आद्यौगिक समिट करने में लगी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश नही आ रहा है।

कमलनाथ ने गुटबाजी को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा परिवार में थोड़ी खटपट चलती रहती है। उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं को मौका मिलना चाहिये। भविष्य में सीएम के चेहरा के सवाल पर कहा कि अभी यह विषय उनकी प्राथमिकता में नही है। कमलनाथ ने कहा कि हनी ट्रेप से संबंधित जो सीडी नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के पास है वह देखी है, लेकिन वे इस तरह की ओछी राजनीति के पक्षधर नही है।

# कंझावला कांड : अदालत ने पांच आरोपियों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

## कार से युवती को टक्कर मारने के बाद वाहन से घसीटने से हुई मौत के मामले में सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शहर के कंझावला इलाके में कार से युवती को टक्कर मारने के बाद वाहन से घसीटने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को बृहस्पतिवार को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने दिल्ली पुलिस को पूछताछ के लिए आरोपियों को और चार दिनों तक हिरासत में रखने की अनुमति दे दी। हालांकि, पुलिस ने पांच दिनों की हिरासत मांगी थी।

सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की और हिरासत की जरूरत है क्योंकि पुलिस को उस 13 किलोमीटर रास्ते की जांच करनी है जिसपर आरोपियों ने उस भयावह रात दो घंटे तक पीड़ित महिला को टक्कर मारने के बाद घसीटा था। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक को वाहन चालक के तौर पर रोपित किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों से पिछले तीन दिन से लगातार पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि 31 दिसंबर -एक जनवरी की दरमियानी रात पीड़िता अंजलि सिंह (20) की स्कूटी को कार ने टक्कर मारी थी और उन्हें घसीटते हुए 12 किलोमीटर तक ले गए थे जिससे उनकी मौत हो गई थी। उनका शव कंझावला में सड़क पर मिला था। सुल्तानपुरी पुलिस थाने ने दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्ण (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल के खिलाफ आपराधिक साजिश, गैर इरादतन हत्या और लापरवाही से वाहन चलाने से मौत सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# मेघालय में 21 लाख से अधिक हैं मतदाता फरवरी में चुनाव होने की उम्मीद

## 10,92,326 महिला मतदाता और दो ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) मतदाता भी शामिल



**शिलांग।** मेघालय में इस साल फरवरी में 60 सदस्यों वाली विधान सभा के लिए चुनाव होने की उम्मीद है। इस बीच एक निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी कि राज्य में कुल 21,61,129 मतदाता हैं, जिनमें 10,92,326 महिला मतदाता और दो ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) मतदाता भी शामिल हैं। राज्य में 4,29,062 नए मतदाता विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी फ्रेडरिक रॉय खारकोंगोर ने कहा कि 09 नवंबर, 2022 तक तैयार चुनावी मसौदा के मुताबिक राज्य में मतदाताओं की संख्या में 2.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा 3844 सर्विस इलेक्टर भी हैं।उन्होंने यह भी बताया कि 13,848 मतदाताओं को मृत्यु या निवास स्थान बदलने जैसे कारणों से मतदाता सूची से हटा दिया गया है, जबकि 40,700 मतदाताओं के विवरण भी संशोधित गए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर), 2023 के लिए मतदाता सूची आज प्रकाशित की जाएगी। एसएसआर-2023 की शुरूआत 09 नवंबर को मतदाता सूची के मसौदा प्रकाशन के साथ शुरू हुई थी। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर 63,763 नए मतदाताओं ने अभी-अभी संपन्न एसएसआर के दौरान फॉर्म 6 के माध्यम से नामांकन के लिए आवेदन किया है। दावों और आपत्तियों की हालांकि सुनवाई के बाद 49,915 मतदाताओं को सूची से जोड़ा गया है।

# भारत-चीन मिलकर काम करेंगे तो पूरी दुनिया को फायदा होगा, दलाई लामा ने अपने लेख में कहीं बड़ी बातें

## भारत दुनिया में अग्रणी भूमिका निभा सकता है, तिब्बती भारतीय विचारों से काफी प्रभावित




**नई दिल्ली।** तिब्बती गुरु दलाई लामा अपने सादगी के लिए जाने जाते हैं, वह दुनियाभर में अहिंसा का प्रचार करते हैं। वहीं अब उन्होंने एक लेख लिखा है जिसमें उन्होंने कहा कि अगर भारत और चीन के लोग 'अहिंसा' और 'करुणा' के मार्ग पर चलेंगे तो पूरी दुनिया को फायदा होगा। दलाई लामा का कहना है कि चीन ऐतिहासिक रूप से बौद्ध देश है और वह प्राचीन भारतीय ज्ञान के साथ अहिंसा और करुणा के आदर्शों का पालन करता है तो पूरी दुनिया को इससे फायदा होगा। दोनों देशों में डेढ़ अरब लोगों को इससे आंतरिक शांति मिलेगी। मनोरमा इयर बुक 2023 में अपने विशेष लेख में तिब्बती बौद्ध धर्म के 87 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने कहा कि मैं वास्तव में महसूस करता हूं कि अहिंसा और करुणा के खजाने में निहित शांतिपूर्ण समझ की अपनी महान परंपरा के कारण भारत अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में काफी प्रगति की है। फिर भी बाहरी निरस्त्रीकरण (किसी देश के पास हथियारों की संख्या कम करना) आवश्यक है, आंतरिक निरस्त्रीकरण भी कम करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के लिए लोगों को अपने भीतर मन की शांति की आवश्यकता है, और यह भौतिक विकास और भौतिक सुख की खोज से अधिक महत्वपूर्ण है। करुणा मानव स्वभाव का चमत्कार है, एक बहुमूल्य आंतरिक संसाधन है और समाज के भीतर हमारे व्यक्तिगत कल्याण और सद्भाव दोनों की नींव है। जब से हम पैदा होते हैं, तब से हमारी मां हमारा ख्याल रखती है। इसलिए, बहुत छोटी उम्र से ही हम सीखते हैं कि करुणा सभी सुखों का मूल है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कि करुणा की यह स्वाभाविक प्रशंसा स्कूल जाने के बाद फीकी पड़ने लगती है। इसलिए, भारतीय शिक्षा प्रणाली में 'अहिंसा' और 'करुणा' को शामिल करने की आवश्यकता है, और इसका महान लाभ न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में महसूस किया जाएगा। दलाई लामा ने महात्मा गांधी को 'अहिंसा' के अवतार के रूप में सराहते हुए कहा कि वह उनके आदर्श से बहुत प्रेरित थे, जिसे डॉ. मार्टिन लूथर किंग और नेल्सन मंडेला ने अपनाया था। दलाई लामा ने खुद को भारत के सबसे लंबे समय तक रहने वाले मेहमानों में से एक बताते हुए कहा कि वह अपनी मातृभूमि से भागकर छह दशकों से अधिक समय तक इस देश में रहे थे, जिस पर चीनी कम्युनिस्टों ने हमला किया था और कब्जा कर लिया था।

## तमिलनाडु: नीलगिरि में स्वाइन फ्लू के चलते 50 से अधिक जंगली सुअरों की मौत

**उद्गमंडलम (तमिलनाडु)।** नीलगिरि के जिलाधिकारी एस.पी. अमृत ने जिले में मुदुमलाई बाघ अभयारण्य के निकट अफ्रीकी स्वाइन फ्लू के कारण 50 से अधिक जंगली सुअरों की मौत होने की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। अमृत ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि कोथागिरि, कीलकोथागिरी, कुनूर, मनजूर व ऊटी और तमिलनाडु से लगे कर्नाटक के बांदीपुर इलाके में बीते दस दिन में कुछ जंगली सुअर मृत पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मृत सुअरों के नमूने तमिलनाडु पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे गए। जांच रिपोर्ट में उनके स्वाइन फ्लू से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। अमृत ने अन्य जानवरों में इस बीमारी के फैलने की आशंका से इनकार किया। चेन्नई की एक विशेष टीम बीमारी के बारे में पता लगाने के लिए नीलगिरि की यात्रा पर है। अमृत ने कहा कि शिकार-रोधी दस्ता मृत पाए जा रहे जानवरों के निपटान में जुटा है।




छत्तीसगढ़ के प्रख्यात चित्रकार श्रवण कुमार शुक्ला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें उनका एक तैलचित्र भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान चित्रकार श्रवण कुमार शर्मा से मुलाकात हुई। वह सालों से चित्रकारी कर रहे हैं और उनमें जनजातीय कला को लेकर बहुत ही जुनून है।



**सेंसेक्स**

सेंसेक्स 304 अंक गिरकर 60,353 पर बंद, निफ्टी भी 51 अंक फिसलां



**सोना**

55,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था

# लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 304 अंक गिरकर 60,353 पर बंद, निफ्टी भी 51 अंक फिसलां

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में गुरुवार को कारोबार धीमा रहा। सेंसेक्स और निफ्टी में क्रमशः 300 और 50 अंक की गिरावट दर्ज की गई। एफएमसीजी, एनर्जी और फार्मा में बढ़त रही, जबकि बैंक और फाइनेंस इंडेक्स गहरे लाल रंग में बंद हुए। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस आज के कारोबार में लुढ़के, जबकि सिप्ला चढ़ गया।
फेड की बैठक के ब्योरे के बावजूद एशियाई सूचकांकों में बढ़त हुई। फेड की मीटिंग मिनट से पता चलता है कि बैंक दरों को ऊंचा रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टोक्यो, हांगकांग और शंघाई प्रभावशाली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। सुबह के सत्र में यूरोपीय बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। भारतीय सूचकांकों ने आज के कारोबार में गिरावट दर्ज की, लेकिन गुरुवार को



0.5% कारोबार कम होने के कारण इंट्रा डे का नुकसान लगभग आधा हो गया। सूचकांक मुख्य रूप से बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व द्वारा नीचे खींचे गए थे। 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के नतीजे कम होने के बाद बजाज के दोनों शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई थी। बजाज फाइनेंस में 7% और बजाज फिनसर्व में 5% की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक ने आज के कारोबार में 2% से अधिक की गिरावट दर्ज की। सिप्ला, बजाज ऑटो और आईटीसी ने 2% की बढ़त हासिल की और इसके बाद हिंदुस्तान लीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील का स्थान रहा।

वित्त और बैंक सूचकांक पूरे सत्र के दौरान जबरदस्त दबाव में रहे। आईटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए। ऑटो, फार्मा और मेटल के बाद एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस में लगभग 1.5% की बढ़ोतरी हुई। हांगकांग और चीन के शेयरों ने गुरुवार को अपनी 2023 की रैली को आगे बढ़ाया क्योंकि व्यापारी चीन की अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के प्रति आशान्वित नजर आए। हैंग सेंग इंडेक्स 1.25% चढ़ा। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.01% चढ़ गया जबकि चीन के दूसरे एक्सचेंज पर शेन्जेन कंपोजिट में 1.59% बढ़ोतरी हुई। यूरो जोन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले यूरोपीय शेयरों में गिरावट आई। पैन-यूरोपीय रळड 2023 के अपने पहले तीन सत्रों में 3% से अधिक की बढ़त के बाद सुबह के सत्र में फिसल गया। विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे की तेजी के साथ 82.50 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी निधियों की निरंतर निकासी और घरेलू इक्विटी में कमजोर रुझान ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया।

### ताबड़तोड़ बढ़ने के बाद सस्ता हुआ सोना



**नई दिल्ली।** लगातार कई दिनों तक महंगा होने के बाद आज सोने की कीमत में तेज गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स पर सोने-चांदी की कीमतों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। सोना वायदा 55,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी में गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर तीन दिन बाद आज भारतीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में मिला-जुला रुझान दिखा। सुबह के सत्र में सोने की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन बाद में दाम टूटने लगे। आपको बता दें कि कल सोने की कीमत ढाई साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। आज बाजार खुलने पर 65 रुपये की मामूली बढ़ोतरी दर्ज करते हुए, 3 फरवरी, 2023 को परिपक्व होने वाला सोना वायदा 55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था।

## घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या दिसंबर में 15 प्रतिशत बढ़कर 1.29 करोड़ हुई



**मुंबई।** घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या दिसंबर, 2022 में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.29 करोड़ पर पहुंच गई। हालांकि, यह आंकड़ा महामारी-पूर्व के स्तर यानी दिसंबर, 2019 के मुकाबले एक प्रतिशत कम है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इक्रा ने भारतीय विमानन उद्योग के लिए परिदृश्य को नकारात्मक बनाए रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) की अवधि के दौरान घरेलू हवाई यात्री यातायात करीब 9.86 करोड़ रहा है जो सालाना आधार पर करीब 63 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह अप्रैल-दिसंबर 2019 के स्तर की तुलना में लगभग नौ प्रतिशत कम है। इक्रा ने कहा कि एक साल पहले की तुलना में एयरलाइन कंपनियों ने बीते महीने अपनी क्षमता (एक फीसदी से कम) बढ़ाई है जोकि कोविड-पूर्व के स्तर से करीब सात प्रतिशत कम है। इक्रा के अनुसार, घरेलू विमानन उद्योग दिसंबर, 2022 में अपनी क्षमता के लगभग 91 प्रतिशत पर परिचालन किया। दिसंबर, 2021 में यह 80 प्रतिशत और दिसंबर, 2019 में लगभग 88 प्रतिशत था। उसने उम्मीद जताई कि परिचालन के सामान्य होने के साथ ही 2022-23 में घरेलू यात्री यातायात में तेजी से सुधार होगा। एजेंसी ने कहा कि घरेलू एयरलाइंस के लिए आय के लिहाज से पुनरुद्धार की गति कम होने वाली है क्योंकि विमान ईंधन के दाम बहुत बढ़ गए हैं जबकि डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट आई है।

### वार्डविजर्ड ने 2022 में बेचे 43 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन

**नई दिल्ली।** विकास की गति को लगातार जारी रखते हुए देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के ब्राण्ड जॉय ई-बाईक के अग्रणी निमार्ता वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने मौजूदा वित्तीय वर्ष 2022 (जनवरी-दिसम्बर 2022) के दौरान सेल्स में 131.6 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी के साथ नए साल में धमाकेदार प्रवेश किया है। पिछले साल की समान अवधि यानि जनवरी से दिसम्बर 2021 के बीच कंपनी ने 18963 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे थे, इस आंकड़े में जबरदस्त बढ़ोतरी करते हुए कंपनी ने इस साल 43,914 युनिट्स इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे हैं। कंपनी के प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग और देश भर में सशक्त मौजूदगी के चलते दिसम्बर 2022 में कंपनी ने 5400 युनिट इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन डिस्पैच किए, इस तरह दिसम्बर 2021 की तुलना में कंपनी ने 39.89 फीसदी की दो अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की है, जब कुल 3860 युनिट्स इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे गए थे। यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, वित्तीय वर्ष 2022 हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा।

## गोवा: मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरी पहली उड़ान, सीएम ने बताया बड़ी उपलब्धि

### हैदराबाद से 179 यात्रियों को लेकर इंडिगो की उड़ान नए हवाईअड्डे पर सुबह नौ बजे पहुंची

**पणजी।** पणजी स्थित मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बृहस्पतिवार को सुबह पहली यात्री उड़ान उतरी, जिसके साथ ही गोवा में नवनिर्मित हवाईअड्डे का औपचारिक क्रियान्वयन शुरू हो गया। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि यह राज्य और केंद्र सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि है। हैदराबाद से 179 यात्रियों को लेकर इंडिगो की उड़ान उत्तरी गोवा के मोपा में स्थित नए हवाईअड्डे पर सुबह नौ बजे पहुंची।
वाईअड्डे के अधिकारियों ने बताया, "हैदराबाद से आई इंडिगो की उड़ान सुबह नौ बजे उत्तरी गोवा जिला के मोपा में स्थित नए हवाईअड्डे पर उतरी।" केंद्रीय मंत्री और उत्तरी गोवा से सांसद श्रीपद नाईक, मुख्यमंत्री सावंत और गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने हवाईअड्डे की टर्मिनल इमारत में यात्रियों का स्वागत किया।
पर्यटकों का स्वागत करने के लिए हवाईअड्डे के बाहर बैंड की प्रस्तुति की गई। गोवा में दो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे



हो गए हैं। नया हवाईअड्डा दक्षिणी गोवा स्थित दबोलिम हवाईअड्डे से लगभग 50 किलोमीटर दूर है, जो भारतीय नौसेना के एयर स्टेशन आईएनएस हंस में है। मुख्यमंत्री सावंत ने हवाईअड्डे के बाहर संवाददाताओं से कहा, "यह राज्य और केंद्र की सरकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आज से गोवा में दो हवाईअड्डे हैं। सावंत ने कहा कि नए हवाईअड्डे पर बृहस्पतिवार को 11 उड़ानें आएंगीं। सूत्रों ने बताया कि इस हवाईअड्डे से जाने वाली यह पहली उड़ान रही। नाइक और खौंटे ने इंडिगो की एक अन्य उड़ान से हैदराबाद जा रहे यात्रियों को प्रतीकात्मक डमी बोर्डिंग पास दिए। उन्होंने कहा कि नए हवाईअड्डे से राज्य के पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिसंबर 2022 को नए हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था। हवाईअड्डे का नाम पूर्व रक्षा मंत्री और गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर के नाम पर रखा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मोपा हवाईअड्डे का पहला चरण 2,870 करोड़ रुपये में तैयार हुआ है और इससे हर साल लगभग 44 लाख लोग यात्रा करेंगे। यह हवाईअड्डा टिकाऊ बुनियादी ढांचे की थीम पर बनाया गया है और इसमें सौर ऊर्जा संयंत्र, हरित इमारतें, रनवे पर एलईडी लाइटें, वर्षा जल संरक्षण की सुविधा, रीसाइकिलिंग सुविधा के साथ ही अत्याधुनिक मलजल उपचार संयंत्र व अन्य सुविधाएं भी मौजूद हैं।, मुख्यमंत्री सावंत ने बताया बड़ी उपलब्धि है।

### 80 डॉलर के नीचे पहुंचे कच्चे तेल के भाव

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मार्केट में पिछले 24 घंटों में क्रूड ऑयल में गिरावट देखी गई है। एक बार फिर कच्चे तेल के भाव 80 डॉलर के नीचे अया गए हैं। ब्रेंट क्रूड 3 डॉलर की गिरावट के साथ 74.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं 4 डॉलर कटौती के साथ डब्ल्यूटीआई की कीमत 74.40 डॉलर तक पहुँच चुकी है। देश के महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि कुछ राज्यों में ईंधन के दाम में गिरावट हुई है। इस लिस्ट में मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश और बिहार भी शामिल है। मध्यप्रदेश में कई राज्यों के मुकाबले फ्यूल के दाम बहुत ज्यादा है। यहाँ गुरुवार को पेट्रोल पर औसतन 0.27 रुपये और डीजल पर 0.24 की गिरावट दर्ज की गई है। एमपी के विभिन शहरों में ईंधन की कीमत भी अलग है। कहीं आज गिरावट हुई है तो कहीं इजाफा हुआ है। पेट्रोल की कीमत 108 रुपये से 112 रुपये के बीच में है। डीजल 93 रुपये से 98 रुपये के बीच में व्यापार कर रहा है।

## प्लास्टिक और पॉलिमर उद्योग 2023-24 के लिए बजट पूर्व अपेक्षाएं: जिगिश दोशी

**लखनऊ।** प्लास्टइंडिया फाउंडेशन ने सरकार से घरेलू प्लास्टिक उद्योग को बढ़ावा देने लिए केंद्रीय बजट 2023-24 में पॉलिमर पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम करने और तैयार प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्लास्टइंडिया फाउंडेशन को उम्मीद है कि माननीय वित्त मंत्री कच्चे माल से लेकर मशीनरी निमार्ताओं तक - पूरे प्लास्टिक उद्योग के ओवरऑल ग्रोथ और विकास को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार करेंगी। प्लास्टइंडिया फाउंडेशन का उद्देश्य भारतीय प्लास्टिक उद्योग को 2025 में 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 2045 तक एक 25 ट्रिलियन यूएसडी के उच्च विकास पथ पर रखना है। इस वृद्धि की राह पर चलने और भारत को प्लास्टिक के लिए वैश्विक सोर्सिंग हब बनाने के लिए, प्लास्टइंडिया फाउंडेशन पूरे दिल से मेक इन इंडिया और



आत्मनिर्भर भारत पहल का समर्थन करता है। हालांकि, हमें इसे वास्तविकता बनाने के लिए सरकार से समर्थन की आवश्यकता है। पॉलीमर पर आयात शुल्क 5-7.5% के बीच होना चाहिए। भारत पर्याप्त पॉलिमर का उत्पादन नहीं करता है और आयात अपरिहार्य है। भारतीय प्लास्टिक उद्योग को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए पॉलिमर पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम करने की आवश्यकता है। डोमेस्टिक प्लास्टिक प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को सपोर्ट देने के लिए तैयार प्लास्टिक प्रोडक्ट पर कस्टम ड्यूटी न्यूनतम 20% या उससे अधिक होना चाहिए। सरकार नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रही है, और यह प्लास्टिक उद्योग के लिए एक अवसर है।

### महिंद्रा थार के सस्ते वैरिएंट की पूरी डिटेल्स लॉन्च से पहले हुई लीक

**नई दिल्ली।** महिंद्रा थार 2डब्ल्यूडी एसयूवी जल्द ही भारत में लॉन्च होने वाली है। देश की प्रमुख एसयूवी निमार्ता कंपनी ने आधिकारिक लॉन्चिंग से पहले थार ऑफ-रोड एसयूवी के नए वैरिएंट के डिटेल्स के साथ अपने आधिकारिक ब्रोशर को अपडेट किया है।

महिंद्रा थार 2डब्ल्यूडी एसयूवी वैरिएंट उन लोगों के लिए ज्यादा किफायती विकल्प होने जा रहा है जो इस आइकॉनिक ऑफ-रोडर को खरीदना चाहते हैं। महिंद्रा इस सस्ते वैरिएंट में 44 ड्राइव फीचर्स की पेशकश नहीं करेगा। इसके बजाय, यह एक पेट्रोल और डीजल इंजन से चलने वाली एक रियर-व्हील ड्राइव होगी। नई थॉर एसयूवी को तीन नए रंगों में पेश किया जाएगा। इनमें एवरेस्ट व्हाइट, ब्लेजिंग ब्रॉन्ज और एक्वामरीन रंग शामिल हैं। ये रंग अन्य तीन विकल्पों के अलावा पेश किए जा रहे हैं जिसमें रेड रेज, नेपोली ब्लैक और गैलेक्सी ग्रे शामिल हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने एफडी पर बढ़ाया ब्याज, अब मिल रहा इतना फायदा



**नई दिल्ली।** नए साल के शुरू होते ही एचडीएफसी बैंक ने अपने निवेशकों को एफडी पर निवेश करने का अच्छा मौका दिया है। निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने 2 करोड़ से अधिक और 5 करोड़ रुपये से कम की एफडी पर मिलने वाले ब्याज को बढ़ा दिया है। सामान्य नई दरें अब बढ़कर सात प्रतिशत हो गई हैं। वहीं, सीनियर सिटीजन को मिलने वाले एफडी ब्याज में भी बढ़ोतरी हुई है।
एचडीएफसी बैंक ने 7 दिनों से 10 सालों में मेच्योर होने वाली फिक्स डिपॉजिट को अब 4.50 प्रतिशत से 7.00 प्रतिशत तक और सीनियर सिटीजन के लिए ब्याज 5.00 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत तक कर दिया है। बढ़ोतरी के बाद बैंक 7 से 29 दिनों में मेच्योर होने वाली एफडी पर 4.50 फीसदी की ब्याज देगा, जबकि 30 से 45 दिनों में मेच्योर होने वाली एफडी के लिए 5.25 फीसदी की ब्याज दी जा रही है। 46 से 60 दिन की एफडी के लिए बैंक 5.50 फीसद की ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं, 61 दिन से लेकर 90 दिन की अवधि वाली एफडी के लिए 5.75 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगी। 90 दिनों से 6 महीने के बीच वाली एफडी पर 6.25 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जबकि 190 दिनों से 6 महीने के बीच के एफडी पर 6:50 फीसद ब्याज मिलेगा।

## इसरो और माइक्रोसाफ्ट ने स्पेस टेक स्टार्टअप के लिए मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में स्पेस टेक्नोलॉजी स्टार्टअप के विकास को बढ़ावा देने के लिए आज एक समझौता किया जिसके तहत देश भर में टेक्नोलॉजी टूल्स और प्लेटफॉर्म के साथ स्पेस टेक स्टार्ट-अप को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें बाजार सपोर्ट और विस्तार करने के लिए मेन्टॉरशिप तथा एंटरप्राइज बनने में मदद किया जायेगा। यह साझेदारी भारत में सर्वाधिक संभावनाशील स्पेस टेक इनोवेटर्स और उद्यमियों की बाजार क्षमता का उपयोग करने के लिए इसरो के दृष्टिकोण को और मजबूती देगी। इस सहयोग के चलते, इसरो द्वारा चिह्नित स्पेस टेक स्टार्टअप्स को माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टार्टअप फाउंडर्स हब प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जो स्टार्टअप को उनकी यात्रा के हर चरण में यानि विचार (आइडिया) से लेकर यूनिकॉर्न बनने तक में समर्थन देता है।




माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टार्टअप फॉर फाउंडर्स हब के माध्यम से भारत में स्पेस-टेक स्टार्टअप्स के संस्थापकों को अपना व्यवासाय विकसित करने और उसे चलाने के लिए आवश्यक टैक्नोलॉजी, टूल्स और रिसोर्सेस तक मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। इसमें एज्यूर पर कारोबार विकसित करने और उसका विस्तार करने, अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डेवलपर और गिटहब एंटरप्राइज, विजुअल स्टूडियो एंटरप्राइज और माइक्रोसॉफ्ट 365 सहित उत्पादकता टूल्स और पावर बीआई तथा डायनमिक्स 365 के साथ स्मार्ट एनालिटिक्स तक पहुंच बनाने के लिए तकनीकी सहायता शामिल है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के साथ हमारे गठबंधन से स्पेस टैक स्टार्टअप को, एआई, मशीन लर्निंग तथा डीप लर्निंग जैसे अत्याधुनिक साधनों की मदद से विभिन्न एप्लीकेशनों के लिए बड़ी मात्रा में सैटलाइट डेटा के विश्लेषण और प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टार्टअप फाउंडर्स हब राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परितंत्र को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न स्टार्टअप तथा टैक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रदाताओं को एकजुट करने का उपयोगी मंच है। हम उद्यमियों की सहायता और उन्हें समर्थन देने के लिए मिल-जुलकर काम करने पर बेहद प्रसन्न हैं, और इससे कुल-मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष अनंत माहेश्वरी ने कहा कि रत में स्पेस टेक स्टार्टअप प्रौद्योगिकी की ताकत के साथ देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने प्रोटो परीक्षा और व्यवहार्यता अध्ययन उद्देश्यों के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल मॉड्यूल की आपूर्ति की



**बरेली।** सब के लिए खुशियां पैदा करने के अपने मिशन के अनुरूप, टोयोटा हरित और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का विकास करता रहा है। इस तरह, भिन्न क्षेत्रों में निरंतरता को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी अपने इस मिशन से एक 'भविष्य-प्रमाणित' स्थायी समाज की स्थापना में योगदान करना चाहती है जो प्रकृति के अनुरूप हो। विद्युतीकृत और अन्य हरित वाहन प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने के नाते, कंपनी प्रत्येक देश/क्षेत्र में विद्युतीकृत और वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की पेशकश करने का प्रयास करती है ताकि सीओटू (उड2) उत्सर्जन न्यूनतम हो। इसके लिए ऊर्जा के उत्पादन, बुनियादी ढांचे की तैयारी और प्रत्येक देश / क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा इन्हें अपनाने का ख्याल रखा जाता है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर टोयोटा 2050 तक कार्बन तटस्थता के लिए प्रतिबद्ध है और 2035 तक विनिर्माण कार्यों में नेट कार्बन जीरो हासिल करने का लक्ष्य है। इस स्वच्छ गतिशीलता पहल पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य संचार अधिकारी, सुदीप एस. दलवी ने कहा, प्रोटो परीक्षण और व्यवहार्यता अध्ययन के उद्देश्य से फुएल सेल कमर्शियल व्हेकिल के निर्माण के लिए अशोक लीलैंड को हाइड्रोजन फुएल सेल मॉड्यूल की आपूर्ति करके हम बेहद खुश हैं। टोयोटा में टेलपाइप उत्सर्जन और कार्बन फुटप्रिंट को कम करना हमारे लिए हमेशा अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और हम ऊर्जा आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में योगदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्तर पर, ऊर्जा उद्योग कार्बन-तटस्थ ईंधन जैसे हाइड्रोजन और जैव ईंधन के तकनीकी नवाचारों पर काम कर रहा है। इस पहल के माध्यम से, हम ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने की आशा करते हैं जो प्रकृति के साथ तालमेल में हाइड्रोजन समाज बनाने में मदद कर सकता है। भारत सरकार ने 2021-2022 के केंद्रीय बजट में राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की। एनएचएम ने ऊर्जा स्त्रोत के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग के लिए एक रोड मैप तैयार किया है। इस मिशन का उद्देश्य हाइड्रोजन ऊर्जा के कार्यान्वयन पर जोर देना है जो देश को अक्षय ऊर्जा क्षेत्र से सर्वश्रेष्ठ बनाने की सही दिशा में ले जाएगा। इसके साथ तालमेल बैठाते हुए, टोयोटा अपनी तकनीकी ताकत बढ़ा रही है ताकि पृथ्वी पर सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्वों को सबसे बेहतर, सुरक्षित और स्वच्छ वैकल्पिक ईंधन विकल्प के रूप में भुनाया जा सके। टोयोटा ऐसे उत्पाद प्रदान करता है जो ग्राहकों को यह सोचने के लिए प्रेरित करते हैं कि एक स्थायी और यथार्थवादी दृष्टिकोण पर क्या ₹यह उपयोग करने के लिए व्यावहारिक है।

**संक्षेप**

### शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.73 पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला और बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.73 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से रुपए की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.75 पर खुला, फिर कुछ और बढ़त के साथ 82.73 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया बुधवार को अपने ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरकर 82.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 104.21 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.99 फीसदी बढ़कर 78.61 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### आरबीआई की सैंडबॉक्स योजना के तहत छह संस्थानों को वित्तीय उत्पादों के परीक्षण की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय सैंडबॉक्स योजना के तहत एचएसबीसी तथा क्रेडिटवॉच समेत छह संस्थानों को वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने/ कम करने के उद्देश्य के लिए अपने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उत्पादों की जांच-परख करने की इजाजत दी गई है। ये संस्थान चौथे समूह का हिस्सा हैं। नियामकीय सैंडबॉक्स से सामान्य तौर पर तात्पर्य नियंत्रित/परीक्षण वाले नियामकीय माहौल में नए उत्पादों और सेवाओं के सीधे परीक्षण से होता है। इसमें नियामक कुछ रियायतों की अनुमति भी दे सकता है। नियामकीय सैंडबॉक्स के तहत आरबीआई ने चौथे समूह के खुलने की घोषणा जून, 2022 में की थी। इसके लिए उसे नौ आवेदन मिले जिनमें से छह प्रतिष्ठानों को परीक्षण चरण के लिए चुना गया। ये छह संस्थान हैं बहवान सायबरटेक, क्रेडिटवॉच इन्फॉर्मेशन एनालिटिक्स, एनस्टेज सॉफ्टवेयर (विबमो), विबमो के साथ सहयोग में एचएसबीसी, नैपआईडी साइबरसेक और ट्रस्टिंग सोशल। चयनित संस्थान अपने उत्पादों का परीक्षण फरवरी में शुरू करेंगे। यह व्यवस्था नियामक, नवोन्मेषक, वित्तीय सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों को जमीनी परीक्षण की मंजूरी देती है जिससे वे नए वित्तीय उत्पादों के लाभों और उनसे जुड़े जोखिमों के साक्ष्य एकत्रित कर सकें।

### वोडाफोन और आइडिया की पूंजी के साथ कई अन्य जरूरतों पर बातचीत जारी : वैष्णव

**भुवनेश्वर।** दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्ज में डूबी कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) की पूंजी के साथ कई और जरूरतें हैं जिनपर बातचीत जारी है। वीआईएल दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के बोझ में है। उसने सरकार को देय लगभग 16,000 करोड़ रुपये की ब्याज देनदारियों को इक्विटी में बदलने का विकल्प चुना है। यह कंपनी में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर होगा। वहीं कंपनी में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 74.99 प्रतिशत घटकर 50 प्रतिशत पर आ जाएगी। वैष्णव ने कहा कि वोडाफोन (आइडिया) की कई आवश्यकताएं हैं। इसमें पूंजी की विशेष जरूरत है। कितनी पूंजी, कौन डालेगा? इस समय ये सभी चीजें चर्चा में हैं। वीआईएल ने सरकार को 10 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर हिस्सेदारी की पेशकश की है और सरकार कंपनी के शेयरों के 10 रुपये प्रति शेयर पर स्थिर होने की प्रतीक्षा कर रही है।

### ब्रिटानिया मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप ने गूगल के साथ गठबंधन किया

**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया मैरी गोल्ड का माई स्टार्टअप अभियान महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए फंड और कौशल विकास की मदद देते हुए तीन सफल सीजन पूरे कर चुका है। सीजन 2 में एनएसडीसी के साथ गठबंधन द्वारा 10,000 महिलाओं को इन्फॉर्मेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी (आईसीटी) की मदद से बेसिक कम्युनिकेशन स्किल्स, वित्तीय साक्षरता, और सामाजिक एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए माईक्रो एंट्रप्रेन्योरियल स्किल्स प्रदान की गईं। सीजन 3 में ब्रिटानिया मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप अभियान का विस्तार किया गया और महिलाओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने में मदद की गई। मॉम्सप्रेसो के साथ इंडियन होममेकर्स एंट्रप्रेन्योरशिप रिपोर्ट 2021 के मुताबिक अपना व्यवसाय स्थापित करने की इच्छुक 77 प्रतिशत गृहणियां टेक्नॉलॉजी को बहुत मददगार मानती हैं। सीजन 4 का मुख्य हाईलाइट यह है कि सभी प्रतिभागियों को गूगल का वीमैनविल कार्यक्रम उपलब्ध होगा, जो एक बिजनेस साक्षरता कार्यक्रम है और हाउ टू पाठ्यक्रम के साथ रुचि को व्यवसाय में बदलना, उद्यम का प्रबंधन करना, और व्यवसाय की वृद्धि करना सिखाता है। यह कार्यक्रम पूरा करने वाली सभी महिलाओं को एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा। ब्रिटानिया मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप प्रतियोगिता 4.0 के बारे में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अमित दोशी ने कहा, ब्रिटानिया का भारत की महिलाओं के साथ दशकों से गहरा संबंध है। हमें मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप अभियान के तीन सफल सीजन चलाने पर गर्व है, जिसके लिए हमें पूरे भारत से लगभग 4 मिलियन महिलाओं के आवेदन मिले, जिनमें से 60 प्रतिशत महिलाएं नॉन-मेट्रो शहरों से हैं।

### मुथूट होमफिन लिमिटेड ने आलोक अग्रवाल को सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड (एमएचआईएल), मुथूट फाइनेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली आवास वित्त सहायक कंपनी ने आलोक अग्रवाल को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के साथ, मुथूट होमफिन ने सबसे भरोसेमंद संस्था बनने की कंपनी की योजनाओं को शुरू करने के लिए अपने नेतृत्व को मजबूत किया है जो निम्न मध्यम आय (एलएमआई) परिवारों को औपचारिक हाउसिंग फाइनेंस की पेशकश करके और वित्तीय समावेशन प्राप्त करके उनके जीवन को समृद्ध करता है। महामारी अब खत्म हो चुकी है, ऐसे में होम फाइनेंस सेगमेंट में अच्छा उछाल है। 14 प्रमुख राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति के साथ, मुथूट होमफिन की महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में मजबूत मांग का रुझान देखा जा रहा है। मुथूट होमफिन लिमिटेड के सीईओ के रूप में अपनी नई भूमिका में, आलोक आगे कंपनी की विकास रणनीति पर ध्यान केंद्रित करेंगे और खुदरा आवास ऋणों की भारी मांग को पूरा करेंगे। आलोक विशेष रूप से टियर 2 और 3 शहरों में हाउसिंग फाइनेंस व्यवसाय के विस्तार पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। अपने बेल्ट के तहत 20 वर्षों के अनुभव के साथ, आलोक अग्रवाल ने नेशनल ट्रस्ट हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में एमडी और सीईओ के रूप में कार्य किया है। उन्होंने असाधारण परिणाम दिए हैं और आवास वित्त, बंधक, ऑटो ऋण, व्यक्तिगत ऋण और खुदरा निवेश उत्पादों जैसे क्षेत्रों में कंपनियों के प्रदर्शन में सुधार किया है। एनएचबी और आरबीआई के दिशानिदेर्शों के तहत नियमों और नीतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, वह एक अनुभवी हैं, जो नियामकों, वाणिज्यिक बैंकों, रेटिंग एजेंसियों, बोर्ड के सदस्यों, उद्योग के साथियों और कर्मचारियों जैसे सभी हितधारकों के साथ संबंध बनाने में विशेषज्ञता रखते हैं। . नेशनल ट्रस्ट हाउसिंग फाइनेंस से पहले, आलोक ने इक्विटास बैंक, फुलर्टन इंडिया एचएफसी, मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस, लोढ़ा ग्रुप और टाटा कैपिटल जैसे संगठनों में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। आलोक ने आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, हैदराबाद से एमबीए और दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक (ऑनर्स) पूरा किया है। नए सीईओ के रूप में आलोक अग्रवाल की नियुक्ति पर, मुथूट फाइनेंस के अध्यक्ष, श्री जॉर्ज जैकब मुथूट ने कहा, ह्लहाउसिंग डिमांड और अंडरबैंक / हाशिये पर रहने वाले वर्ग के लिए हाउसिंग फाइनेंस की उपलब्धता के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर मौजूद है। मुथूट होमफिन इस विभाजन को पाटने और पिरामिड के निचले हिस्से में रहने वाले लोगों के आवास के सपनों को पूरा करने पर केंद्रित है। महामारी ने आवास की आवश्यकता को और मजबूत किया है, रियल एस्टेट एक लचीले परिसंपत्ति वर्ग के रूप में उभर रहा है।

# किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने में योगी सरकार नाकाम

**आरोप**

### विपक्षी नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने मे लगी है सरकार

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी ना दे पाने के लिए योगी सरकार की कड़े शब्दों मे निंदा की है। गौरतलब हो की पिछले काफी दिनों से किसानों को ना तो डाई मील पा रहा है ना तो यूरिया ही मिल पा रहा है जिसको लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार केवल विपक्ष के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने मे ही लगी है।


पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव

यही कारण है कि जहां सरकार को दो महिने पहले से ही किसानों के खेती के लिए उपयोग में लाए जाने वाले डाई यूरिया को पर्याप्त मात्रा में हर जिलों में भडारण हो जाना चाहिए था जिससे किसानों को गेहूँ की समय पर खेती करने मे कोई दिक्कत ना हो लेकिन ऐसा ना कर योगी सरकार ने किसानों की समस्याओं को हल करने की जगह और मुसीबत ही पैदा कर दिया है। किसानों की आय दो गुना करने का वायदा कर सत्ता में आयी योगी सरकार ने जहाँ यूरिया और डाई का दाम ही दो गुना कर दी, इसके बावजूद समय पर प्रदेश के किसी भी जिलों में खाद बीज का भडारण ही नही किया।

जिसका नतीजा यह रहा की आज प्रदेश भर के किसान इस कड़कड़ाती ठंड मे चार बजे भोर मे डाई यूरिया के लिए भटक रहे हैं। उक्त प्रकरण मे पूर्व जिला अध्यक्ष विकास यादव ने आरोप लगाते हुए कहा की योगी सरकार किसानों के मामले मे हर मोर्चे पर विफल है। केवल अडानी और अम्बानी का आय बढ़ाने में सफल उत्तर प्रदेश की सरकार से तत्काल किसानों को खाद, बीज, यूरिया, बिजली, पानी उपलब्ध कराने की माँग की है।

## सुरियावां से प्रयागराज के लिए एक भी रोडवेज बस नहीं

**सुरियावां।** सुरियावां व अभोली ब्लाक की आबादी तीन लाख से अधिक है लेकिन सुरियावां से प्रयागराज के लिए आज तक कोई भी रोडवेज बस नहीं चल पा रही है। जिससे क्षेत्र की लाखों लाख की आबादी वाला क्षेत्र माघ मेला प्रयागराज के लिए आने जाने में इस भीषण ठंड में त्राहि-त्राहि कर रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारी उपरोक्त जनसमस्याओं पर मौनी बाबा बनें हुए हैं। सुरियावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरियावां से प्रयागराज के लिए कम-से-कम चार रोडवेज बसें चलाएं जाने की माँग की हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकारी बसे चला दी जायेगी तो सुरियावां क्षेत्र की लाखों जनता जनार्दन कुंभ स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेगी।

**कुंभ मेले के लिए चार रोडवेज बस को चलाने की सीएम से मांग**

# सात महीनों से कोटेदारों को नहीं मिला कमीशन



**केराकत।** प्रदेश के कोटेदार गत जून महीने से अपने कमीशन का इंतेजार कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के अतिरिक्त अब तक उनके हाथ कुछ नहीं लग सका है। बुधवार को जयगोपालगंज में प्रदेश पदाधिकारियों और क्षेत्रीय कोटेदारों की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने इस बिंदु पर सख्त नाराजगी जताई और प्रशासन से शीघ्र भुगतान करने की मांग किया। जिला अध्यक्ष हरसूद सिंह ने कहा कि सिंगल डोर डिलीवरी के तहत अन्य खाद्यान्न तो कोटेदारों के गोदाम तक पहुंच जाते हैं, किन्तु प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्ना योजना का चावल कोटेदारों को सरकारी गोदाम से खुद ले आना पड़ता है जिस में कोटेदार अलग से ढुलाई चार्ज वहां करता है जो इस की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र दुबे और अन्य कोटेदारों ने क्षेत्रीय कोटेदारों की अन्य समस्याओं की स्थानीय समस्याओं से भी प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

बैठक में केराकत, जलालपुर, मुफ्तीगंज व डोभी ब्लाकों के कोटेदार संघ के अध्यक्ष क्रमशः सुभाष यादव, संतोष सिंह, रमेश तिवारी और मृत्युंजय सिंह तथा चारों ब्लाकों के कोटेदार उपस्थित रहे।

# चैरिटी इवेंट में जरूरतमंदों को वितरित हुआ कंबल


जरूरतमंद को कम्बल देते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** नगर के एक होटल में रघुवंशी ग्रुप व जारा इवेंट द्वारा शाम-ए-गजल चैरिटी इवेंट का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरण किया।

मौके पर डीएम ने कहाकि ऐसे आयोजन जनपद में होते रहने चाहिए जो जरूरतमंदों के सहयोग हेतु काम आए। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बीएस उपाध्याय, डॉ. विनोद प्रसाद सिंह, डॉ. अजीत कपूर, डॉक्टर एसके सिंह, डॉक्टर सुभाष सिंह शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से इलाहाबाद के गायक कलाकार संदीप द्विवेदी ने सभी का मन मोह लिया। आगंतुकों का स्वागत आयोजक हर्ष वर्धन रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजक सलमान शेख ने किया। मौके पर डॉ. अशोक सिंह, यूपी सिंह, रविन्द्र नाथ व पप्पू रघुवंशी, शिवम कृष्णा, डॉ. संजय, डॉक्टर इंद्र सिंह, डॉ. शशांक, डॉक्टर जावेद, शकील अहमद, डॉ. मनोज, जितेंद्र, सोनी, अफसाना, निशा, डॉक्टर नवीन सिंह, डॉक्टर जेएस सिंह, स्नेहा सिंह, डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, विपुल सिंह के अलावा जनपद के डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

## मोबाइल छिनैती करने वाले दो अपचारी लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**भदोही।** जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत गत एक जनवरी को वादी मुकदमा मोनू गौतम पुत्र श्री महेन्द्र गौतम निवासी चिन्तामणिपुर थाना औराई जनपद भदोही की मोबाइल (रियलमी कम्पनी) उगापुर नहर पुलिया से 100 मीटर आगे भदोही की तरफ जाने वाले रोड पर झपट्टा मार कर छीन कर भाग गये थे। मौनू गौतम की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। उक्त घटना के अनावरण हेतु गुरुवार को उनि सुरेश सिंह यादव व हेका. नन्द किशोर, हेका. बलराम राय थाना औराई जनपद भदोही द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में छीने गये मोबाइल मय घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं अपचारीगण नैपुरवा लक्ष्मण पट्टी (देवनाथपुर) थाना ज्ञानपुर से न्यायिक अभिरक्षा मे लिया गया। मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 356 भादवि का लोप करते हुए धारा 392/411 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए प्रकाश मे आते अपचारी गण को न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु किशोर न्यायालय ज्ञानपुर भदोही भेजा गया।

# इलाहाबाद को हरा कर वाराणसी सेमीफाइनल में



जनसंदेश न्यूज

**नौपेड़वा।** राज्य स्तरीय यादवेश क्रिकेट मेले में खेले गए मुकाबले में गुरूवार को वाराणसी और इलाहाबाद के बीच खेला गया। वाराणसी की टीम ने इलाहाबाद को 5 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। शुभम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 रन का योगदान दिया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी की टीम ने 20वें ओवर की अंतिम गेंद पर 5 विकेट से मैच को जीत लिया। जमशेद ने 48 रन, विजय ने 43 रन का योगदान दिया। बलराम ने गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच जमशेद रहे। मैच के अंपायर मोहम्मद अनीस और शिवम यादव रहे। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर हरिओम निगम रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संजय सिंह बीडीसी के द्वारा दिया गया।

## स्पोर्टिंग्स ने टाई ब्रेकर से जीता उद्घाटन मैच



जौनपुर। केराकत डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वावधान में स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर गुरुवार से शुरू हुई चौधरी चरण सिंह राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच टाई ब्रेकर से जौनपुर स्पोर्टिंग्स जौनपुर ने गौसिया स्पोर्टिंग क्लब मुबारकपुर को 5-4 गोल के अन्तर से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। खेल का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एसपी यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किक लगा कर किया। खेल के पहले हाफ के 28वे मिनट में जौनपुर की टीम ने एक गोल कर-के बढ़त हासिल कर लिया। दूसरे हाफ के अंतिम क्षणों में मुबारकपुर की टीम ने एक गोल कर बराबरी हासिल कर लिया जो खेल के निर्धारित समय तक रह गया। निर्णायक मण्डल ने टाई ब्रेकर का निर्णय लिया जिसमें जौनपुर की टीम ने मुबारकपुर की टीम पर पांच चार गोल के अन्तर से जीत दर्ज किया। निर्णायक राजेश यादव मिश्रा रहे। संयोजक दूधनाथ यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ईमानदारी से शिक्षा प्राप्त करने पर मिलती है सफलताः दिनेश

**कार्यक्रम**

### कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में छात्र समागम सम्मेलन का आयोजन


छात्र समागम सम्मेलन में मौजूद छात्र व अतिथिगण

**पराऊगंज।** लक्ष्य बनाकर और ईमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त करने से ही छात्रों को जीवन में सफलता मिलती है। उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में रसायन विज्ञान एवं औद्योगिक रसायन विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र समागम सम्मेलन कार्यक्रम में कही। इस संस्थान में अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि छात्रों का जीवन कुम्हार की तरह होता है।

विशिष्ट अतिथि संस्थान के प्रबंधक डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि स्वागत की परंपरा पुरातन है श्रीराम एवं विभीषण की तरह स्वागत करना चहिए। प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित कर छात्र एवं छात्राओं को साधुवाद एवं बधाई दी।

उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमरेश कुमार, लेफ्टिनेंट डॉ. चित्रसेन गुप्त ने छात्र अपने जीवन शैली को कैसे सरल बनाएं इस बिंदु पर प्रकाश डाला। उपरोक्त अवसर पर स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं ने नाटक नृत्य भाषण कार्यक्रम की प्रस्तुति कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार पाठक, देवेश सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. संजय यादव, अमित श्रीवास्तव, राहुल मिश्र, रत्नाकर पाठक, कृष्ण कुमार मिश्र, मातिवार, इंद्रेश आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन महाविद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार दुबे ने किया।

# सड़क नियमों का करें पालन सब रहें सुरक्षितः डीएम

**जागरूकता**

### 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ


सड़क सुरक्षा माह की शपथ दिला कर शुभारंभ करते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने, जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में 5 जनवरी से 4 फरवरी तक ह्यह्यसड़क सुरक्षा माहह्लह्ल का उद्घाटन एवं एलईडी वाहन एवं प्रचार रथ का विधायक विपुल दुबे, भाजपा अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण करवाया। सड़क सुरक्षा माह उद्घाटन कार्यक्रम में स्काउट गाइड के कैडेट्स, एनसीसी, कस्तुरबा गॉधी की बच्चियों के पैदल मार्च, रैली में सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धित पोस्टर, स्टीकर, हैण्डबिल एवं पम्पलेट का पब्लिक एडेस सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वाधित महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके नियमित जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानको के प्रति जागरूक कराना नितांत आवश्यक है। उन्होंने सिंगल पर लाल बत्ती देखकर रूके, व हरी बत्ती को देखकर सड़क पास करें। पैदल चलने वालो से सड़क पर हमेशा बाई ओर चलने का अपील किया। स्टाप लाइन पर रूके, व जेब्रा कार्सिंग से ही सड़क को पार करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार, पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग संजीव भीम राव, बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह सहित जनमानस उपस्थित रहें।

# सुरियावां क्षेत्र के विकास के लिए नहीं होगी धन की कमीः अनिरुद्ध

**सुरियावां।** खंड विकास कार्यालय सुरियावां के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख अनिता गौतम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत को नई विकास की दिशा देना ही शासन की मंशा है, ऐसे में शासन व प्रशासन के लोगों का दायित्व एवं कर्तव्य बनता है की ग्राम में सभी गरीब परिवार शासन की योजनाओं का लाभ मिले। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि सुरियावां क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नहीं होने दी जायेगी। जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से प्रधान व सचिव द्वारा पैसा मांगने की शिकायतें मिल रही हैं, ऐसी शिकायते नही मिलनी चाहिए, अगर इस प्रकार की शिकायतें सांमने आयी तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुरियावा अनिता गौतम, खंड विकास अधिकारी कमलजीत सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग से आलोक, एम् आई श्रीकांत यादव, लेखाकार नागेंद्र कुमार, शेषनाथ पाटिल एवं विकासखंड सुरियावां से संबंध क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान ब्लॉक कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**ज्ञानपुर।** डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा शातिर अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में भदोही पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने वाले व गलत तरीकों से जमानत का लाभ प्राप्त करने वाले अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त के क्रम में कोईरौना पुलिस के अथक प्रयास से जमानत पर रिहा अवयस्क बालिका के दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त निवासी मैलौना थाना कोईरौना जनपद भदोही के संबंधित जमानतदार द्वारा स्वेच्छा से अपनी जमानत वापस लेने का शपथ पत्र न्यायालय एएसजे पॉक्सो प्रथम.ज्ञानपुर में दाखिल किया गया। थानाध्यक्ष कोईरौना के प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा दुष्कर्म का आरोपी की जमानत निरस्त किया गया। अभियुक्त पर अवयस्क बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं दुष्कर्म के अभियोग मुअसं. 71/2019 धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत है। जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अब तक कुल 9 अभियुक्तों की जमानत न्यायालय से निरस्त करायी जा चुकी है।

# प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता


प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण का निर्देश देते एसपी डॉ. अनिल कुमार

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन शिकायतों के शत.प्रतिशत निस्तारण व असंतुष्ट शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त कर और बेहतर निस्तारण हेतु प्रत्येक बृहस्पतिवार को जनसंवाद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में दी गई जनशिकायतों का शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाता है। यदि शिकायतकर्ता पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो पुलिस अधीक्षक भदोही सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों द्वारा सुनवाई कर पुनः उनकी शिकायत की जांच कराई जाती है। आयोजित जनसंवाद दिवस के दौरान डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही व राजेश भारती अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय में एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल कार्यालय पर असंतुष्ट शिकायतकताओं के साथ संवाद करते हुए उनकी शिकायतों को सुना गया।

असंतुष्ट फीडबैक सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतकताओं को सुनते हुए और बेहतर निस्तारण का प्रयास किया गया। पुलिस विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग से सम्बंधित प्रकरणों में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है। साथ ही न्यायालय से सम्बंधित प्रकरणों में सम्बंधित शिकायतकताओं को अवगत कराया गया कि न्यायालय से अनुतोष प्राप्त करें।

## संक्षेप

### विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 72 मरीजों का किया गया इलाज



जलालपुर। क्षेत्र के जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ के तहत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार की दोपहर में रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय मानसिक शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी सिंह सीएमओ द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के दौरान विकलांग, मानसिक, दंत रोग, हड्डी रोग, नेत्र से संबंधित रोगों की जांच कर दवा भी वितरण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में 72 मरीजों का इलाज किया गया जिसमें चार विकलांग सर्टिफिकेट और 13 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड के तहत सहभाग करने वाले चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को पूर्व विधायक हरेंद्र सिंह व सीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी सिंह के द्वारा सम्मान व प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों में डॉ. प्रवीण कुमार, डॉक्टर विनय कुमार सिंह, डॉ. गौरव सिंह, बीपीएम आशुतोष सिंह, राकेश कुमार चौबे, डॉ. अजीत, डॉ. हेमंत, सुनील वर्मा, सपन दिनेश सिंह, संजय, अवनीश आदि उपस्थित रहे।

### जिपं राज अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हुए जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार के सम्मान में विकास भवन के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल आदि भेंट कर विदाई दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी ने बड़ी कुशलता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया और जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय, कायाकल्प, कोविड के समय साफ-सफाई इत्यादि कार्यो को कुशलता पूर्वक सम्पन्न किया। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा कहा गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत विभाग के समस्त कार्यो का कुशलता और इमानदारी पूर्वक निर्वहन किया। जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल सहित समस्त अधिकारियों द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना व्यक्त की गयी। इस मौके पर जिला पंचायत विभाग के एडीओ, सचिव पंचायत सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कन्नौजिया हितकारिणी समिति ने किया कम्बल वितरण



**केराकत।** उत्तर प्रदेश कन्नौजिया हितकारी समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार कन्नौजिया ने गुरुवार को बरौटी और डिहवा गांव में 50 बेसहारा लोगों को कम्बल प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. प्रिंस मोदी, जितेन्द्र कन्नौजिया, सूरज कन्नौजिया, शैलेश कन्नौजिया, श्रवण कुमार कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

### गर्मजोशी से हुआ प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत



**भदोही।** अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल व राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल का शहर का संक्षिप्त दौरा हुआ। जिसमें मड़ियाहूं के विधायक डॉ. आर के पटेल की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों ने पुष्प मालाओ से व अपना दल एस जिंदाबाद अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद के नारों से गर्मजोशी से स्वागत अभिनंन्दन किया। ज्ञात हो कि वाराणसी जाते समय भदोही के जीवनधारा हॉस्पिटल में कुछ समय के लिए ठहर कर कार्यकर्ताओ में जोश भरने का कार्य किये और बोले की आप सभी संघठनात्मक तरीके से पूरी लगन से निकाय चुनाव कि तैयारी में लग जाईये। ताकि स्वर्णिम सफलता पार्टी को मिल सके और पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए वाराणसी के लिए निकल गए। इस दौरान विधायक आर के पटेल ने निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों के विषय मे अवगत कराया। इस अवसर पर सुनील पटेल, जितेंद्र पटेल, हरीलाल पाल, गुलाब सरोज, चंदन पटेल, संजय पटेल, अजित मौर्य, विष्णु मोदनवाल, लल्लू राठौर, कुशल पांडेय, रुद्र पटेल, सोनेलाल सरोज इत्यादि बहुत से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष पद के दो और महामंत्री पद के उम्मीदवारों सहित तीन ने किया नामांकन

**केराकत।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद सहित तीन पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेश कुमार पाण्डेय और कुंवर बहादुर यादव तथा महामंत्री पद के लिए अशोक कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव कराने वाली समिति के पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाण्डेय और अनिल सोनकर गांगुली ने बताया कि अब तक सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। गुरुवार को नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया साथ साथ चली। मालूम हो कि केराकत बार चुनाव 17 जनवरी को किया जाना तय किया गया है।

### अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कंसराज यादव की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई जिसमें सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बद्रीनारायण सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया गया और 2 मिनट मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोकसभा में बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार उपाध्याय, अशोक कुमार उपाध्याय, चंद्रेश यादव, कृष्ण कुमार सिंह, डीएल यादव, अनिल शुक्ला, अनिल सिंह सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### पतंजलि परिवार ने मनायी भारत स्वाभिमान न्यास की 28वाँ वर्षगाँठ

**सुरियावां।** पतंजलि परिवार भदोही द्वारा भारत स्वाभिमान(न्यास) का 28वाँ वर्षगाँठ एक निजी स्कूल रामबाग योग कक्षा सुरियावा में शुक्रवार को मनाया गया। ज़िला महामंत्री अश्वनी साहू ने बताया की सन 1995 में भारत स्वाभिमान की स्थापना हुई उसी के साथ ही स्वदेशी को आगे ले जाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि आज योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के आशीर्वाद से सम्पूर्ण विश्व में योग एवं स्वदेशी के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।भदोही जनपद में ही सौ से अधिक योग कक्षाएँ चल रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले रहे है।डा. एल सी यादव एवं विजयशंकर मौर्य ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से दशरथ कौशल, रमणीक शर्मा, मनोज, रमलखन, राजेन्द्र प्रसाद, शिवकुमार, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

### यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु आज निकलेगी कलश यात्रा

**गोपीगंज।** क्षेत्र के अमवां माफी गाँव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीमद भागवत कथा के आयोजन के निमित्त आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक पं. कलक्टर मिश्र ने बताया कि कलश यात्रा गांव के ही माँ शीतला मंदिर से निकल कर डेरवा से जल उठाकर सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए ग्राम सभा अमवां माफी की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पर आकर सम्पन्न होंगी। एवं 07 जनवरी से 13 जनवरी तक भागवत कथा एवं यज्ञ का प्रतिदिन कार्यक्रम है, एवं 14 जनवरी को पूर्णहुति व विशाल भंडारे का आयोजन है।

### बंदियों ने क्रिकेट मैच में जेल स्टॉफ को हराया

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार में शुक्रवार को बन्दी एकादश और जेल स्टाफ एकादश के बीच क्रिकेट मैच हुआ। मैच में टॉस जीतकर स्टाफ एकादश के कैप्टन अम्बरीष शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। स्टाफ एलेवन की तरफ से औपनिग करते हुए अंचल ने चार छक्के के साथ कुल 28 रन बनाए। इसके बाद विकास ने एक छक्के के सहारे कुल सात रन बनाए। कुल दस अतिरिक्त रनों के सहारे स्टाफ एकाश ने 7 ओवर में 51 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी बन्दी एलेवन की तरफ से कैप्टन कुलदीप बहुत सस्ते में बिना खाता खोले आउट हो गए। विपिन ने 3 छक्के एक चौके से 22 रन अपनी टीम के लिये जोड़े। इसके बाद एक बार ऐसा लगा कि बन्दी एलेवन की टीम लडखड़ा गई। इसके बाद अजीत यादव ने ताबड़तोड़ 2 छक्के और एक चौके के सहारे नाबाद 17 रन बनाकर अपनी टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुँच दिया।



# कितनी सीटों को लेकर है बीजेपी की चिंता

**2024 लोकसभा चुनाव**

## इन सीटों पर बीजेपी की क्या है योजना

वैसे तो 2024 का लोकसभा चुनाव अभी दूर है, पर बीजेपी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उसने लोकसभा चुनावों के लिए एक विस्तृत संगठनात्मक योजना तैयार की है, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक पार्टी के हर सदस्य को शामिल किया जाएगा। बीजेपी जानती है कि सत्ता से दूर होने पर उसे राजनीतिक रूप से बहुत नुकसान होगा और वह नहीं चाहती है कि विपक्षी एकता हो और वह इतनी व्यापक हो जाए कि बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने में उसकी परेशानी बढ़ा दे। भाजपा ने साल 2022 में लोकसभा प्रवास योजना शुरू की थी। जिसके तहत मंत्रियों सहित पार्टी नेताओं को 2024 के आम चुनावों के लिए उन मुश्किल निर्वाचन क्षेत्रों को संभालने का जिम्मा सौंपा गया है, जहां पार्टी 2019 के आम चुनावों में उपविजेता या तीसरे स्थान पर रही थी, या बहुत ही कम अंतर से जीती थी। प्रवासी योजना के शुरूआती चरण में देश भर से ऐसे 144 निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गई थी, जिन्हें अब बढ़ाकर 160 कर दिया गया है।

बीजेपी की लोकसभा प्रवास योजना के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक एक क्लस्टर का हिस्सा होगा जिसके लिए एक मंत्री या पार्टी के वरिष्ठ नेता को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा सके। 2019 के चुनावों में भाजपा ने 436 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 303 पर जीत हासिल की थी। पार्टी के प्रारंभिक चयन में वे निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं जहां पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा उन क्षेत्रों को भी शामिल किया गया था जहां वह बस किसी तरह जीतने में कामयाब रही थी। भाजपा नेतृत्व ने अब ऐसी सीटों की संख्या 160 तक बढ़ा दी है। कार्यक्रम को संभालने वाले वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि जल्द ही यह संख्या 200 से अधिक हो जाएगी। भाजपा का ज्यादा ध्यान दक्षिणी और पूर्वी राज्यों पर केंद्रित है, जहां पार्टी ने अभी तक खुद को स्थापित नहीं किया है। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और ओडिशा के साथ-साथ सूची में उत्तर प्रदेश और बिहार के निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं। महाराष्ट्र में पार्टी ने 16 निर्वाचन क्षेत्रों को चिन्हित किया है। बंगाल में सूची में 19 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इस कार्य योजना के तहत, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक नेता प्रभारी होगा। विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के वितरण और कार्यान्वयन पर जानकारी एकत्र करने और तैयार करने के लिए केंद्रीय, स्थानीय और जिला स्तरों पर एक त्रि-स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। इन मंत्रियों को स्थानीय संगठन का इस्तेमाल करते हुए हर विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्यिकी का स्वरूप तैयार करना होगा।

ये समितियां उन बूथों और ब्लॉकों की जांच करेंगी जहां पिछले कुछ चुनावों में बीजेपी उम्मीदवारों का प्रदर्शन खराब रहा है। स्थानीय नेतृत्व से मिले फीडबैक के आधार पर सुझावों के साथ ये विवरण केंद्रीय नेतृत्व को सौंपे जाएंगे।

### समितियां एक ट्विटर हैंडल स्थापित करेंगी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 50,000 फॉलोअर्स बनाएंगी

सोशल मीडिया पर भाजपा की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए, समितियां एक ट्विटर हैंडल स्थापित करेंगी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 50,000 फॉलोअर्स बनाएंगी। समितियों से कॉलेज जाने वाली लड़कियों, स्वयं सहायता समूहों और धार्मिक नेताओं और समुदायों तक पहुंचने के लिए कहा गया है। पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह तोमर, गिरिराज सिंह, मनसुख मंडाविया, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, महेंद्र नाथ पांडे जैसे कुछ केंद्रीय मंत्रियों को क्लस्टर में प्रभारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने कहा कि देश भर में 40 बीजेपी क्लस्टर हैं। मंत्रियों को निर्वाचन क्षेत्रों में कम से कम 48 घंटे बिताने का काम दिया गया है। सांगठनिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 11 राज्यों का दौरा करेंगे। जहां शाह सीधे कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी इस कवायद में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने के लिए मंत्रियों को 18 महीने का समय दिया गया है।



# देश की यात्रा पर निकलेंगे नीतीश

### बगहा से की समाधान यात्रा की शुरूआत

### कहा-पहले अपने राज्य का विकास देख रहे हैं

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा गुरुवार से शुरू हो गई है। ठंड के बीच मुख्यमंत्री बगहा से दरुआबाड़ी गांव पहुंचे। उन्होंने सरकारी योजनाओं का हाल जाना। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि बजट सत्र के बाद मैं देश की यात्रा पर निकलूंगा। उन्होंने कहा कि पहले अपने राज्य का विकास देख रहे हैं। यहां के सारे काम पूरे करेंगे। इसके बाद आगे बढ़ेंगे। बजट सत्र पूरा होने के बाद हम देश की यात्रा पर निकलेंगे। इससे पहले दरुआबाड़ी गांव की लड़कियों ने मुख्यमंत्री से स्कूल बनाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि तुरंत इसे देखिए। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों की पढ़ाई है।

बगहा के बाद नीतीश कुमार बेतिया पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अफसरों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। सीएम की पहले चरण की यात्रा 29 जनवरी को लखीसराय में समाप्त होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यात्रा को लेकर ट्विटर पर लिखा है कि समाधान यात्रा के तहत बिहार में विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज से राज्य के विभिन्न जिलों की यात्रा करूंगा। इस यात्रा में महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण, चिह्नित समूहों के साथ बैठक तथा जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की जाएगी। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा लोगों की समस्याओं का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह 14वीं यात्रा है। इसके पहले साल 2005 से लेकर अब तक 13 यात्राएं कर चुके हैं। इनमें 9 यात्राएं सरकारी, जबकि 5 राजनीतिक रही हैं। मुख्यमंत्री की हर यात्रा का अलग-अलग नाम रहा है। टारगेट ऑडिएंस के लिहाज से यात्रा का नामकरण भी किया जाता रहा है। सबसे खास बात यह है कि इन 14 में से 9 यात्राएं ठंड के महीनों में निकाली गई हैं। नीतीश नवंबर से लेकर जनवरी तक सबसे ज्यादा यात्राओं पर निकले हैं।



# इस साल सभी नौ राज्यों में 'आप' किस्मत आजमाएगी

### पार्टी ने अपना आंतरिक सर्वे किया प्रारंभ

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी ने अब इस साल नौ राज्यों में चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। यूं कहे कि अपनी मंशा जाहिर कर दी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) और राज?यसभा सांसद संदीप पाठक का कहना है कि हम इस साल होने वाले राज्य विधानसभाओं में चुनाव लड़ेगी। इससे संबंधित सर्वे चल रहा है और आगे का निर्णय उसके आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि क्यों गोपाल इटालिया को गुजरात में पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाया गया। पिछले साल अप्रैल में राज्यसभा सांसद बनाए गए संदीप पाठक को दिसंबर, 2022 में पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बनाया गया था। आप में पहली बार इस पद पर किसी की नियुक्ति हुई है और केजरीवाल के बाद यह सबसे अहम पद होगा। पिछले साल पंजाब में आप की जीत और गुजरात में पार्टी की चुनावी भूमिका में पाठक के अहम रोल के इनाम के तौर पर देखा जा रहा है। आईआईटी के पूर्व प्रोफेसर और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने 2023 में पार्टी की योजना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि इस साल नौ राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। हम यह विश्लेषण करने की कोशिश कर रहे हैं कि पार्टी की संभावनाएं कहां अधिक हैं और सर्वे कर रहे हैं। हम कैसे आगे बढ़ते हैं, यह आने वाले समय में तय होगा। इतना तय है कि हम सभी राज?यों में लड़ेंगे। एक महीने बाद हम अपनी योजना को लेकर और स्पष्टता के साथ बात करने की हालत में होंगे। गुजरात चुनाव में कांग्रेस के नरम रुख के साथ उतरने के सवाल पर संदीप पाठक ने कहा हमारी पार्टी काफी युवा और पेशेवर है। चाहे कांग्रेस लड़े या न लड़े, हम डटकर चुनाव लड़ते हैं। अगर कांग्रेस ने कड़ा संघर्ष किया होता तो भी उसे कुछ हासिल नहीं होता। लोग अब कांग्रेस को उम्मीद के तौर पर नहीं देखते। उनके पास कुछ अच्छे स्थानीय उम्मीदवार भी हैं जिन्हें शीर्ष नेतृत्व का समर्थन भी नहीं मिलता। फिर भी, वे अपने काम के कारण जीत गए। जब भी कोई तीसरी ताकत आती है, कांग्रेस का पतन हो जाता है। गोपाल इटालिया को गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष पद से हटाए जाने पर संदीप पाठक ने कहा कि पार्टी का दायरा बढ़ाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों के मुताबिक यह एक नियमित फेरबदल है। गोपाल इटालिया को राष्ट्रीय राजनीति में लाया गया है और बड़ी भूमिका दी गई है। स्मरणीय है कि गोपाल को महाराष्ट्र का इंचार्ज बनाया गया है और इसी साल वहां चुनाव होने वाला है।



# अंजलि केस के कितने हैं अनसुलझे सवाल?

दिल्ली में 31 दिसंबर की रात एक युवती की हत्या का मामला क्यों दूसरी-तीसरी बातों में उलझ गया है। आखिर इतने दिनों बाद क्यों पुलिस के सामने तस्वीर साफ नहीं हो रही है। उसके बयान इतने क्यों बदल रहे हैं और उसके अधिकारियों ने उलझाने वाली बातें क्यों कीं। कंझावला केस में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी है। चश्मदीद निधि का अभियुक्तों से कोई कनेक्शन नहीं। उनका बयान रिकॉर्ड किया गया है, जिसके बारे में जानकारी अभी नहीं दी जा सकती है। सीसीटीवी के आधार पर दो और लोगों का पता चला है। यानी पांच नहीं सात अभियुक्त हैं। बाकी के दोनों अभियुक्तों ने सच छुपाने की कोशिश की। अपराधियों को बचाने में मदद की। उनकी गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है पोस्टमॉर्टम की फाइनल रिपोर्ट आनी बाकी है। सीसीटीवी की टाइमिंग का विश्लेषण किया जा रहा है। कॉल डिटेल के आधार पर मृतक अंजलि और अभियुक्तों के बीच कोई पुराना कनेक्शन नहीं मिला है। बाकी पहलुओं का विश्लेषण कर पुलिस जल्दी ही चार्जशीट दाखिल करेगी।

लास्ट सीन को ट्रेस करते हुए पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि निधि इस मामले में अहम चश्मदीद है। 164 सीआरपीसी के तहत कोर्ट में उसका बयान दर्ज हुआ है।

घटना के बाद पुलिस को सूचना नहीं दी गई, इसकी भी जांच की जा रही है कि इसकी वजह क्या थी। अभी तक ये पूरा मामला मर्डर केस नहीं बन रहा है। बिना पुख़्ता सबूत धारा 302 (हत्या) नहीं लगाई जा सकती। अभी तक के सबूतों के आधार पर धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) का केस बनता है। पुलिस की भूमिका को लेकर इंटरनल एन्क्वायरी हो रही है कि ये ह्यूमन एरर है या प्रोसेस में एरर हुआ है। नतीजे के आधार पर कार्रवाई होगी। मौके पर मिली स्कूटी के आधार पर पुलिस उसके मालिक के घर तक पहुंची. डेड बॉडी उसके बाद मिली थी। पुलिस की तरफ से अभी तक कोई चूक सामने नहीं आई है। 31 दिसंबर की रात उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में बीस वर्षीय युवती अंजलि की दर्दनाक मौत के बाद दिल्ली पुलिस की प्रतिक्रिया और शुरूआती जांच पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, स्कूटी सवार युवती सुल्तानपुरी के कृष्णा विहार इलाके में हादसे का शिकार हुई थी। उसकी बॉडी गाड़ी में फंस गई थी और शव यहां से करीब 14 किलोमीटर दूर कंझावला थाने के जौंता गांव में मिला था। घटना की जानकारी सार्वजनिक होने के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली पुलिस ने अधिकारिक बयान में इसे हादसा बताया था और कार में सवार पांच लोगों की गिरफ़्तारी की जानकारी दी थी। इन सभी पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अब पुलिस का कहना है कि पांच नहीं सात अभियुक्त हैं। शुरूआत में कहा गया था कि घटना का सीसीटीवी फुटेज या कोई गवाह मौजूद नहीं है। लेकिन मंगलवार को एक युवती निधि सामने आई जिसने दावा किया कि वो हादसे के समय स्कूटी पर सवार थी और डर की वजह से अब तक खामोश थी। निधि ने दावा किया कि मारी गई लड़की उसकी दोस्त थी और स्कूटी के कार से टकराने के बाद वो गाड़ी के नीचे फंस गई थी।

पुलिस की थ्योरी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ये कहा जा सकता है कि हादसा यहीं हुआ था। इस जगह पर सड़क पर मिट्टी का ढेर भी है जो पहले से ही है। एफआईआर के मुताबिक, ये हादसा सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र के कृष्ण विहार इलाके में हुआ। घटनास्थल के पास के लोगों का कहना है कि उन्होंने पुलिस को यहां से स्कूटी को उठाते हुए देखा था। एक स्थान पर स्कूटी जैसी चीज के कुछ टुकड़े भी पड़े हुए लोगों को दिखे थे। हादसे की जगह सुल्तानपुरी थाने से 900 मीटर दूर है।

कृष्ण विहार की ये गली 190 मीटर लंबी है और इस पर चार सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इन चारों ही सीसीटीवी का टाइम स्टैंप अलग-अलग है। लेकिन फ्रेम बाई फ्रेम फुटेज को देखने और वहां मौजूद तत्वों से मिलान करने पर क्या समझ आता है? घटनास्थल का एक सीसीटीवी इस स्पॉट का है, इसमें बलेनो और स्कूटी दोनों आती-जाती दिख रही हैं। ये जगह हादसा स्थल से 50 मीटर दूर है। चूंकि सभी सीसीटीवी का टाइम स्टैंप अलग-अलग है और समय आगे-पीछे है, इसलिए फुटेज के टाइम स्टैंप के आधार पर पुख़्ता तौर पर ये नहीं कहा जा सकता कि हादसा ठीक किस समय हुआ और कहां पर हुआ। लेकिन एक सीसीटीवी का टाइम स्टैंप और पुलिस का दिया हुआ हादसे का समय मैच करता है. इस हिसाब से ये माना जा सकता है कि हादसा रात दो बजकर पांच मिनट पर हुआ। हादसे के ठीक पहले और बाद के सीसीटीवी फुटेज हैं जिनमें स्कूटी पर दो लड़कियां और बलेनो कार वहां से निकलती हुई दिख रही है। लेकिन कोई भी ऐसा फुटेज नहीं है, जिसमें कार-स्कूटी की टक्कर या हादसा होता हुआ दिख रहा हो।

मौके पर ऐसा कोई सीसीटीवी कैमरा नजर नहीं आता और न ही ऐसी कोई फुटेज ये रिपोर्ट लिखे जाने तक सामने आई है, जिसके कैमरे की रेंज में घटनास्थल हो। यही वजह है कि हादसा कैसे हुआ और उसके तुरंत बाद क्या हुआ ये स्पष्ट नहीं है। हादसे की जगह से करीब तीस मीटर दूर लगा सीसीटीवी कैमरा जिसमें स्कूटी, बलेनो कार और पुलिस पीसीआर निकलती दिख रही हैं। हादसा स्थल से 20 मीटर और 50 मीटर आगे के सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि इनमें एक तरफ से स्कूटी पर दो लड़कियां और दूसरी तरफ से बलोनो कार आती दिख रही है। ये वीडियो जिस सीसीटीवी के हैं वो हादसे वाली जगह से कुछ कदम आगे के हैं. यानी ये सीसीटीवी हादसे के चंद सेकेंड बाद के हैं. लेकिन इनमें बलोने कार के नीचे या साइड में लड़की नहीं दिखती। सीसीटीवी बहुत स्पष्ट नहीं हैं। लेकिन फ्रेम बाइ फ्रेम वीडियो देखने पर भी कार के नीचे किसी लड़की के होने का संकेत नजर नहीं आता. यानी लड़की अगर उस समय कार के नीचे थी तो इस तरह फंसी थी कि उसका कोई हिस्सा कम से कम फुटेज में नजर नहीं आता।घटनास्थल पर मौजूद पीसीआर ने बलेनो का पीछा क्यों नहीं किया? जो सीसीटीवी फुटेज हैं उनमें एक पुलिस पीसीआर वैन भी ठीक उसी समय घटनास्थल पर नजर आ रही है जब ये हादसा हुआ। समाचार चैनलों पर इस पीसीआर वैन की फुटेज चलाई जा रही है और ये सवाल उठता है कि अगर वो वैन हादसे के समय आसपास थी तो इस वैन में मौजूद पुलिसकर्मी उस समय हरकत में क्यों नहीं आए। इस गली में लगे चार सीसीटीवी में से पहले सीसीटीवी की फुटेज के मुताबिक बलेनो कार के इस गली में दाखिल होने के ठीक 30 सेकंड बाद पीसीआर कार भी इसी गली में दाखिल होती है। सीसीटीवी के टाइम स्टैंप के मुताबिक, बलेनो रात 2 बजकर 37 सेकंड पर दाईं तरफ से गली में दाखिल होती है जबकि पीसीआर वैन बाईं तरफ से दो बजकर एक मिनट सात सेकंड पर दाखिल होती है। यानी पीसीआर संदिग्ध बलेनो के तीस सेकंड बाद उसी गली में दाखिल होती है। घटनास्थल के एक दूसरे सीसीटीवी फुटेज, जो कथित हादसा होने वाली जगह से करीब बीस मीटर आगे का है, उसमें भी पीसीआर वैन दिख रही है, हालांकि टाइम स्टैंप से ये स्पष्ट नहीं है कि पीसीआर कितनी देर बाद यहां से गुजरी। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बताया गया कि पुलिस की भूमिका को लेकर इंटरनल एन्क्वायरी चल रही है कि ये ह्यूमन एरर है या प्रोसेस में एरर हुआ है. नतीजे के आधार पर कार्रवाई होगी।